e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 151
रविवार
04.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
अपने जीवन में कभी शब्दों को कम मत आंकिये, क्योंकि जीवन में एक छोटा सा हां और एक छोटा सा ना सब कुछ बदलकर रख देता है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम $37^0$
न्युनतम $23^0$

## ओडिसा रेल हादसाः प्रधानमंत्री ने दुर्घटनास्थल का लिया जायजा, अस्पताल जाकर घायलों से की मुलाकात

# हादसे में 288 की मौत, 54 गंभीर

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के आपस में टकराने की घटना में 288 लोगों की मौत हो गई.54 गंभीर हैं जबकि 900 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं. मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है. हादसे के बाद चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है. रेल मंत्री ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं.

हादसे की वजह से कई ट्रेनें कैंसिल हो गई हैं, जबकि कई के समय में बदलाव किया गया है. देश सहित विदेशी राष्ट्र प्रमुखों ने भी इस दर्दनाक रेल हादसे पर दुख जताते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं. बता दें कि कोरोमंडल एक्सप्रेस बहनागा बाजार स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई.

जब यह हादसा हुआ तब ट्रेन अपनी पूरी गति से चल रही थी क्योंकि स्टेशन पर उसका स्टॉपेज नहीं था. टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके 21 डिब्बे पटरी से उतर गए और 3 डिब्बे दूसरी लाइन पर जा गिरे. इस दौरान यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस भी बहनागा बाजार स्टेशन से गुजर रही थी, जिससे वह भी टकरा गई. इससे हावड़ा एक्सप्रेस के भी पीछे के 2 डिब्बे पटरी से उतर गए.

शनिवार की सुबह केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बालासोर अस्पताल का दौरा किया जहां ट्रेन दुर्घटना में घायल हुए कुछ लोगों को भर्ती कराया गया है. उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से हाल चाल जाना. इस दौरान मंत्री ने पीड़ितों को सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया. मंत्री ने बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी कहा.रेलवे ने मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है.इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना स्थल का दौरा किया और राहत बचाव अभियान का जायजा लिया.बाद में उन्होंने घटना के कारणों को जानने की कोशिश की. रेल मंत्री को दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के डिब्बो का निरीक्षण करते देखा गया. घटनास्थल का बंगाल की सीएम ममता बनर्जी व ओडिसा के सीएम नवीन पटनायक ने भी जायजा लिया।

## 58 ट्रेनें कैंसिल, 81 डायवर्ट

इन्फॉर्मेशन पब्लिकेशन रेलवे बोर्ड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमिताभ शर्मा ने बताया कि अभी तक 100 से ज्यादा लोगों ने अनुग्रह राशि पर दावा किया है। तीन जगहों- बालासोर, सोरो और बहनागा बाजार पर काउंटर लगाए गए हैं। अभी तक 58 ट्रेनें कैंसिल की गई हैं, 81 ट्रेनें डायवर्ट हुई हैं और 10 को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है।




## अस्पतालों में खून देने के लिए उमड़ी भीड़

भुवनेश्वर : बालासोर में रेल हादसे के बाद वाली घटनास्थल पर चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन और अस्पतालों में लोग बड़ी संख्या में मदद के लिए पहुंच रहे हैं। इंसानियत की बड़ी मिसाल पेश करते हुए इस कठिन समय में युवा अपना खून तक दान देने को तैयार हैं। रक्तदान के लिए बालासोर के अस्पताल में भीड़ उमड़ रही है। कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टर जयंत पांडा ने बताया लोग रक्तदान के लिए बड़ी संख्या में आगे आ रहे हैं। कल रात से बालासोर,भद्रक और कटक में 3000 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। मुख्य सचिव जेना ने जरूरत की घड़ी में दुर्घटना पीड़ितों को रक्तदान करने वाले स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया।

## रेस्क्यू ऑपरेशन हो चुका पूरा मुख्य सचिव

ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन लगभग पूरा हो चुका है। आखिरी बोगी का ऑपरेशन शुरू हो गया है। अभी तक मरने वालों की संख्या लगभग 288 हो चुकी है। 900 घायलों का इलाज चल रहा है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ओडिशा ट्रेन दुर्घटना पर दुख जताया

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ओडिशा ट्रेन दुर्घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा है कि हृदय विदारक घटना से मन आहत है। उन्होंने शनिवार को ट्वीट संदेश में हताहत लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख से उबरने की शक्ति प्रदान करे।



## हादसे के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : पीएम मोदी




**भुवनेश्वर :** पीएम नरेंद्र मोदी ने बालासोर में कहा कि कुछ लोग, जिन्होंने अपनों को गंवाया है, जिन्होंने अपना जीवन खो दिया है, यह विचलित करनी वाली घटना है. जिन्हें चोट पहुंची है, उनकी मदद के सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी. सरकार पीड़ित परिवारों के दुख में उनके साथ है. उन्होंने कहा कि सरकार के लिए यह घटना बहुत की गंभीर है. हर स्तर की जांच के निर्देश दिए गए हैं. दोषी को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी. उसके बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने ओडिशा प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के पास जो भी संसाधन मौजूद थे, उसी में उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. लोगों ने इस संकट के घड़ी में ब्लड डोनेशन, रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद की. खासतौर से युवाओं ने रातभर मदद की. यहां के नागरिकों की मदद के कारण ऑपरेशन को तेजी से पूरा किया जा सका. उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द ट्रैक रीस्टोर हो सकें, इसके लिए काम तेजी से हो रहा है. मैं आज मौके पर गया और अस्पताल में घायलों से बात की. मेरे पास इस वेदना को प्रकट करने के लिए शब्द नहीं हैं. परमात्मा हमें शक्ति दे. हम घटनाओं से सीखेंगे और व्यवस्थाओं को ठीक करेंगे.पीएम मोदी ने आगे कहा कि जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके परिजनों के लिए हम प्रार्थना करें तथा दुख की घड़ी में हम उनके पास खड़े हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सहायता मैं केंद्र की सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस दुख की घड़ी मैं केंद्र की सरकार लोगों के साथ है।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम से पूछा- घटना का जिम्मेदार कौन ?

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस भयानक घटना में सैकड़ों लोगों की मृत्यु हुई और सौकड़ों लोग घायल हुए। ये देखकर मुझे गहरा दुख हुआ है। इस हादसे में जो लोग घायल हुए हैं, उनकी कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता मदद कर रहे हैं। इस घड़ी में हम सभी को एक होकर लोगों की मदद करनी चाहिए। कर्नाटक सरकार भी इसमें लोगों की मदद कर रही है। मैं दिवंगत लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे प्रधानमंत्री और रेलवे मंत्री से ये सवाल पूछना है कि इस घटना का जिम्मेदार कौन है?

## क्विक न्यूज

### एंटी-कोलिजन उपकरण होता तो नहीं होता रेल हादसा : ममता

**भुवनेश्वर :** बालासोर में दुर्घटनास्थल पर पहुंची पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि ये राजनीति करने का समय नहीं है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ मौजूद ममता बनर्जी ने कहा कि मैं यहां रेल मंत्री, भाजपा सांसदों के साथ खड़ी हूं. हम अपने राज्य से 5 लाख देंगे.. हमने बंगाल से 40 डॉक्टर भेजे हैं और दो बसें भेजी हैं. इसकी कड़ी जांच होनी चाहिए कि इतने लोग कैसे मरे.. मैंने सुना है कि 500 लोगों की मौत हो गई है.अब रेल बजट नहीं होता.रेलवे मेरे बच्चे की तरह है. मैं रेल परिवार की सदस्य हूं.मैं अपने सुझाव देने को तैयार हूं. अगर गंभीर मरीजों का यहां इलाज नहीं हो पाता है तो मैं उन्हें इलाज के लिए कोलकाता ले जाने को तैयार हूं.ममता बनर्जी ने कहा,कोरोमंडल एक्सप्रेस में कोई टक्कर रोधी (एंटी-कोलिजन) उपकरण नहीं था. जब मैं रेल मंत्री थी तब मैंने एक टक्कर रोधी उपकरण पेश किया था जिससे एक ही ट्रैक पर चलने वाली ट्रेनें एक निश्चित दूरी पर रुकती थीं.

### 6 नक्सली गिरफ्तार

**खूंटी :** पुलिस ने शुक्रवार को कर्रा थानाप के तुयू जंगल से चार हार्डकोर नक्सलियों को हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया। सभी ब्लैक टाइगर नामक नया संगठन बनाकर नक्सली वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनके अलावा सायको थाना क्षेत्र में लेवी वसूली के लिए बाइक में आ रहे दो नक्सलियों को भी पुलिस ने धर दबोचा। कर्रा के तुयू जंगल से गिरफ्तार नक्सलियों में लापुंग के फतेहपुर गांव निवासी अजय धान उर्फ सोमा धान, कर्रा के जम्हार निवासी चंदन होरो, सोनमेर स्कूलटोली निवासी जतरू हेरेंज उर्फ चेपा तथा कर्रा के चिउर छापर गांव निवासी मनी मुंडा शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने एक देसी कार्बाइन, एक .315 बोर की देसी रायफल, एक 12 बोर की देसी बंदूक, नौ गोलियां तीन मोबाइल और पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया है। सायको थाना क्षेत्र से गिरफ्तार दोनों नक्सली बंदगांव थाना क्षेत्र निवासी संजय मुंडरी और एसी रमाय हैं। उनके पास से पुलिस ने चार गोलियां, एक अपाची बाइक, दो मोबाइल और पीएलएफआई का चंदा रसीद व पर्चा बरामद किया है।

### पश्चिमी सिंहभूम में छह आईईडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र के पटातारोब से तुम्बाहाका गांव जाने वाले रास्ते से पुलिस ने छह आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की साजिश को सुरक्षा बलों ने एक बार फिर विफल कर दिया है। सुरक्षा बलों ने छह आईईडी बम बरामद किया है। सभी आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। बरामद आईईडी में छह-छह किलो का चार और पांच-पांच किलो के दो हैं। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इसी सूचना पर सुरक्षा बलों के जवान लगातार अभियान चला रहे हैं।

### चाईबासा में यौन शोषण के दोषी को 21 साल कारावास की सजा

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने शनिवार को नाबालिग के साथ यौन शोषण मामले में दोषी सूरज नायक को 21 साल कठोर कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला टोन्टो थाना कांड संख्या 4/2021 से जुड़ा है। नाबालिग को बहला-फुसलाकर यौन शोषण करने का आरोप सूरज नायक पर लगा था। इस संबंध में नाबालिग के परिजनों ने थाने में 21 जनवरी, 2021 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अनुसंधान के क्रम में सूरज पर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह कर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया था।

## मणिपुर के दो गांवों में कुकी उग्रवादियों का हमला, 15 घायल



एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर के पश्चिमी इंफाल जिले के दो गांवों में हथियारों और बमों से लैश कुकी उग्रवादियों ने हमला किया, जिसमें कम से कम 15 लोग गायल हो गए। फयेंग और कांगचुप चिंगखोंग दो गांवों में तैनात राज्य पुलिस और मणिपुर राइफल्स के कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई भी की। शुक्रवार की रात चार घंटे से भी अधिक समय तक दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। इस मुठभेड़ में पुलिस ने उग्रवादियों को पास की पहाड़ियों में खदेड़ दिया। इस मुठभेड़ में घायल हुए लोगों को इंफाल के रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और राज मेडिसिटी ले जाया गया। दो लोगों की हालत फिलहार गंबीर बताई जा रही है।पिछले 24 घंटों में नए हिंसा की घटना पोंबिखोक से सामने आई है। हालांकि इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। मणिपुर पुलिस, असम रायफल्स और सीमा सुरक्षा बल के संयुक्त टीमों ने काकचिंग के सुगनु सेराओ क्षेत्र से सात शव बरामद किए। पुलिस ने बताया कि शवों को जेएनआईएमएस के मोर्ग में रखा गया है। उन्होंने बताया कि ये सभी पिछले सप्ताह सुगनु में हुए हिंसा के दौरान चली गोलीबारी में मारे गए थे। एक महीने पहले शुरू हुए इस हिंसा में अबतक 98 लोग मारे गए तो वहीं 310 घायल भी हुए। इस हिंसा के दौरान 37,450 लोगों को 272 सुरक्षित कैंपों में रखा गया है। राज्य में शांति स्थापित करने के लिए असम रायफल्स के 10,000 सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

## ट्रेन हादसे की वजह का हुआ खुलासा सिग्नल देकर फिर ले लिया वापस

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** भीषण ट्रेन हादसे के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं. अब इस हादसे की जॉइंट इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें हादसे के पीछे सिग्नल से जुड़ी गलती बताई गई है.रिपोर्ट में कहा गया कि एक मालगाड़ी बहानगा बाजार स्टेशन पर लूप लाइन में खड़ी थी. तभी कोरोमंडल एक्सप्रेस स्टेशन पर पहुंची.

लूप लाइन में किसी ट्रेन को तब खड़ा किया जाता है, जब किसी अन्य ट्रेन को आगे भेजा जाना हो. बहानगा रेलवे स्टेशन पर भी स्थिति यही थी. कोरोमंडल एक्सप्रेस को आगे भेजने के लिए लूप में गाड़ी को स्टेशन पर खड़ा किया गया था.जॉइंट इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट में कहा गया कि पहले अप मेन लाइन के लिए कोरोमंडल एक्सप्रेस को सिग्नल भेजा गया था. लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया गया. तब तक कोरोमंडल एक्सप्रेस लूप लाइन पर चली गई और वहां खड़ी मालगाड़ी से उसकी भिड़ंत हो गई. मालगाड़ी से टक्कर के बाद उसके डिब्बे पटरी से उतर गए. इधर ओडिशा ट्रेन हादसे की हाई लेवल जांच शुरू कर दी है, जो दक्षिण-पूर्वी ब्लॉक के रेलवे सिक्योरिटी कमिश्नर की अगुआई में होगी. रेलवे सिक्योरिटी कमिश्नर मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन के तहत काम करता है और इस तरह के सभी हादसों की जांच करता है. रेलवे ने बताया कि रेलगाड़ियों को टकराने से रोकने वाला सिस्टम कवच इस रूट पर उपलब्ध नहीं है. भारतीय रेलवे के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने कहा, बचाव अभियान पूरा हो गया है. हम अब बहाली प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं. इस मार्ग पर कवच सिस्टम उपलब्ध नहीं था. रेलवे अपने नेटवर्क में कवच सिस्टम मुहैया कराने की प्रक्रिया में है, ताकि रेलगाड़ियों के टकराने से होने वाले हादसों को रोका जा सके.



## रेल हादसे पर दुनिया भर के नेताओं ने जताया शोक


एजेंसी

**नई दिल्ली :** बालासोर ट्रेन हादसा अबतक भारत में हुए रेल दुर्घटनाओं में से चौथी सबसे घातक हादसा है। हादसे की भयावाह तस्वीरें सामने आने के बाद अन्य देशों के राजनेताओं ने भी इस पर शोक जताया है।

**संयुक्त राष्ट्र:** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष चाबा कोरोशी ने ओडिशा में हुए इस ट्रेन हादसे में मारे गए लोगों के लिए शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा- भारत के ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना की खबर सुनकर मुझे बेहद दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितो के साथ है।

**व्लादिमीर पुतिन:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस ट्रेन हादसे के बाद भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी को अपनी संवेदनाएं भेजी है। उन्होंने कहा- इस घातक हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वालों के साथ हमारी संवेदनाएं साथ है। घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।





**शहबाज शरीफ:** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने भी ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने कहा- भारत में ट्रेन हादसे में सैकड़ों लोगों ने जान गंवाई, इसके लिए दुखी हूं। इस हादसे में जिन्होंने अपना परिवार और प्रियजनों को खोया है, मेरी संवेदनाएं उनके साथ है। घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

**तुर्किय:** ट्रेन हादसे में जान गंवाने वालों के लिए तुर्किए ने भी शोक जताया और घायलों के जल्द होने की कामना की है।

**जस्टिन ट्रूडो:** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ट्रेन हादसे पर शोक जताते हुए ट्विटर पर लिखा- भारत के ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे की तस्वीरों ने मेरे दिल को तोड़ कर रख दिया है। मरने वाले लोगों के लिए मेरी संवेदनाएं हैं। इस कठिन समय में पूरा कनाडा भारत के साथ खड़ा है।

**फूमियो किशिदा:** जापान के पीएम फूमियो किशिदा ने भी ट्वीट कर अपना शोक जताया है।

उन्होंने कहा- ओडिशा ट्रेन हादसे में जान गंवाने वालों के साथ मेरी संवेदनाएं साथ है। पूरे जापान की तरफ से मैं इस हादसे के लिए शोक व्यक्त करना चाहूंगा। मैं घायलों के जल्द होने की प्रार्थना करूंगा।

**जेम्स क्लेवर्ली:** यूनाइटेड किंगडम विदेश सचिव जेम्स क्लेवर्ली ने हादसे के बाद ट्वीट कर कहा- मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ है।

## बिहार के पूर्णिया में बारात जा रही स्कॉर्पियो हादसे का शिकार, पांच की मौत

एजेंसी

**अररिया :** अररिया के जोकीहाट के भंसिया से खगड़िया जा रही बारात की एक स्कॉर्पियो गाड़ी पूर्णिया के मरंगा बायपास में सड़क हादसे का शनिवार को शिकार हो गई।जिससे मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई,जबकि सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों को पूर्णिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सभी की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही जोकीहाट के भंसिया में शादी के घर में मातम छा गया है और घर में बचे लोग चित्कार कर रहे हैं।घटना से घर के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।मौत की खबर से घर में सन्नाटा पसर गया है और ग्रामीण शादी वाले घर पर पहुंच कर रोती बिलखती महिलाओं को सांत्वना दे रही है। मृतकों में अब्दुल जलील (50), गुलजबी (8), दूल्हे की अपनी भांजी सोफिया (12), ड्राइवर इश्तियाक (37) और मो सम्मद (60) शामिल हैं। घायलों में सभी की हालत नाजुक है।गंभीर रूप से घायल लोगों को देखते हुए मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। हादसे को लेकर लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार से जा रही स्कॉर्पियो गाड़ी ने रोड किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पूर्णिया सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और अभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# पलामू में बदमाशों ने पेट्रोल डालकर जेसीबी मशीन में लगाई आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ठेमा गांव में शुक्रवार की देर रात बदमाशों ने जेसीबी मशीन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिसमें जेसीबी जलकर नष्ट हो गई।बताया जाता है कि शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे उस समय घटना हुई जब आसपास के ग्रामीण सो रहे थे। जेसीबी मशीन के टायर धधकती आग से ब्लास्ट होने लगे, तब ग्रामीणों की नींद खुली। सभी उस ओर दौड़ पड़े। सतबरवा थाना पुलिस और जेसीबी मशीन के संचालक को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस के सहयोग से ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन में लगी आग को बुझाने का भी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार की सुबह तक जेसीबी मशीन धू-धू कर जल रही थी। पुलिस ने मशीन के संचालक से जरूरी जानकारी ली है।ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह पर जेसीबी मशीन को जलाया गया है उस जगह पर कई महीनों से जेसीबी मशीन लगाई जा रही थी। बस्ती के बीचों-बीच हुई घटना के बाद लोग सहमे हुए हैं।इस संबंध में सतबरवा के थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने शनिवार को बताया कि जेसीबी मशीन जलाने में शरारती तत्वों का हाथ हो सकता है। प्रतीत होता है कि इस कार्य में किसी भी नक्सली संगठन का हाथ नहीं है। उन्होंने बताया कि अगर नक्सली संगठन के लोगों का हाथ होता तो संगठन की ओर से पर्चा छोड़कर जिम्मेवारी ली जाती। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की लेवी की मांग नहीं करना इससे स्पष्ट होता है इस घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया है। मामले में छानबीन हर पहलू पर पुलिस कर रही है। जल्द ही शरारती तत्व पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## हुटार में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** हुटार इलाको में अवैध शराब निर्माण को लेकर रामगढ़ थाना पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के हुटार इलाको में अवैध शराब निर्माण को लेकर अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में पुलिस टीम ने कई अवैध शराब भठियो को ध्वस्त किया वही पर जहां जमा किए गए अवैध जावा महुआ को भी नष्ट किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने ने बताया कि बढ़ती दुर्घटना को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। शराब विक्रेता पकड़ में नही आए। पुलिस का वाहन देख शराब विक्रेता भागने लगे पीने वाले भी भाग खड़े हुए।इस दौरान लगभग 50 लीटर शराब को नष्ट कर दिया गया। शारीरिक दूरी का उल्लंघन किया जा रहा था विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की अभियान सदेव चलाया जाएगा।

## कुत्तों के हमले से हिरण की मौत



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के मुर्मा कला में कुत्तों ने हिरण को काट कर किया जख्मी बीते 15 दिनों में चार हिरण की मौत, पानी की तलास में जंगल से गाँव आते है हिरण, समाज सेवी अरुण वर्मा ने बताया की गाँव के बाहर जंगल से सटे एक बड़ा तालाब है जिसमें हमेसा से जंगली जानवर पानी पीते थे इस वर्ष तालाब सुख जाने से पानी की तलास में जंगली जानवर गाँव की ओर आ रहे है। कल शनिवार को भी एक हिरण पानी की तलास में गाँव पंहुचा हिरण को देखते ही कुत्तों ने हिरण पर हमला कर हिरण को जख्मी कर दिया ग्रामीणो की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के क्रमचारियों ने हिरण को इलाज कराया परंतु हिरण की मौत हो गयी। वन विभाग के क्रमचारियों ने हिरण को दफनाया और चलते बने पंद्रह दिनों में इस तरह की या चौथी घटना है फिर भी वन विभाग कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर मौन साधे हुए हैं।

## अलग-अलग बाइक दुर्घटना में 4 व्यक्ति घायल



**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में इन दिनों सड़क दुर्घटना बढ़ गई है। मुख्य पथ में थानान्तर्गत माली देवी मंदिर के पास शुक्रवार की रात दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की टक्कर में दो व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गए।जिसमे एक वाहन पर सवार हुसैनाबाद थानान्तर्गत गांवखाप निवासी रवि कुमार उम्र 25 और पांडु थानान्तर्गत मुरमा खुर्द निवासी गौरव कुमार 26 वर्ष शामिल है।सभी का इलाज हुसैनाबाद स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है।वही दूसरी तरफ से बाइक पर सवार युवक हैदरनगर का खुदूस अंसारी 40 वर्षीय जो नशे की हालत में था,उसे हल्की चोट लगी है।घटना की सूचना मिलने पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों बाइक को जब्त कर लिया है।वही दूसरी घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है।मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में रसूलपुर गांव के पास जेसीबी और बाइक के आमने सामने टक्कर में एक बाइक पर सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलों में उंटारी रोड थानान्तर्गत कोइरीडीह गांव निवासी प्रेमप्रकाश, कुटमु गांव निवासी सोनल शामिल है।सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अस्पताल में चल रहा है। इलाज के बाद दोनों युवकों की स्तिथि खतरे से बाहर है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बाइक और जेसीबी को जब्त कर लिया है।

## एमआरएमसीएच में दलालो के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान 11 लोगों को लिया गया हिरासत में





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एमआरएमसीएच अस्पताल मे शुक्रवार की देर रात जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा दलालों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान अस्पताल के सभी गेट को बंद कर दिया गया। ताकि दलाल इधर उधर ना भाग सके। इस अभियान में जिला प्रशासन के द्वारा 11 लोगों को हिरासत में लिया गया। और थाना लाकर उनसे पूछताछ की जा रही हैं। यह छापेमारी अभियान डीडीसी रवि आनंद एवं एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में चलाया गया। शनिवार के दिन में सभी लोगों को हिदायत देते हुए बांड लिखवा कर छोड़ दिया गया।डीडीसी रवि आनंद ने बताया कि मिली सूचना के आलोक में छापेमारी की गई थी। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में निजी एंबुलेंस ड्राइवर और कुछ सहिया के द्वारा मरीजों को बरगला कर निजी अस्पताल में ले जाकर उन से ठगी की जाती है। जिसके आलोक में शुक्रवार के 11:00 बजे रात से 12:00 बजे तक छापेमारी अभियान चलाया गया इस क्रम में 11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में हिरासत में आए लोगों ने पुलिस के समक्ष बताया कि उनमें से तीन निजी एंबुलेंस ड्राइवर हैं जबकि आठ अपने विभिन्न कामों से अस्पताल के आस पास आए हुए थे। बाद में सभी लोगों को हिदायत देते हुए बोंड भरवा कर छोड़ दिया गया। इस छापेमारी से दलालों में भय व्याप्त हो गया है।

## दो पत्रकारों के मौत पर झारखंड पत्रकार संगठन ने किया शोक व्यक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड के दो पत्रकारों का शनिवार को निधन होने पर झारखंड पत्रकार संगठन के सदस्यों ने शोक व्याप्त किया है। हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी एवं मनिका के पत्रकार कौशल किशोर पांडे का शनिवार को निधन हो गया। शोक व्यक्त करते हुए संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कि परमानंद सुलझे हुए पत्रकार थे। उनके निधन से पत्रकार जगत को काफी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि परमानंद हमेशा आम लोगों के लिए खड़ा रहते थे। श्री शुक्ला ने कहा कि सड़क दुर्घटना में पत्रकार कौशल किशोर पांडे की मौत से पत्रकारिता जगत को काफी क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में झारखंड पत्रकार संगठन के नीलकमल शुक्ला, अश्विनी घई, निकहत परवीन, अरविंद तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, चंद्रदेव प्रजापति, रघुवीर पांडे, उपेंद्र कुमार, राजकुमार पांडे, शशि भूषण सिंह, योगेंद्र मिश्रा, आलोक पांडे, दीपक पांडे, अमित शर्मा, अमितेश रंजन, अरविंद सिंह, बेनी माधव सिंह, विनोद सिंह, संजीत कुमार, बिरजू मेहता, चंदन कुमार, चंदन लाल मंडल, दीपक दुबे, धनंजय तिवारी, जितेंद्र कुमार, लक्ष्मी सिंह, मनोज कुमार प्रजापति, पंचम कुमार, पिंटू कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, राजीव तिवारी, रमाकांत प्रसाद, प्रवीण शुक्ला, सुनील सिंह, विजय तिवारी राकेश कुमार, विकास कुमार, मनोज सिंह, प्रवेश कुमार, संजीव प्रजापति, अजीत गुप्ता, सुधीर कुमार, आलोक सिंह, प्रभु कुमार सिंह, मोहम्मद शमीम सहित कई सदस्य शामिल है।

## श्री रामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा गांव में महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है. स्वामी जी महाराज का आगमन 4 जून को होगा.उनके स्वागत को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है.स्वामी जी महाराज 3 जून को हरिद्वार से दिल्ली पहुँचेंगे. 3 जून को ही दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से गढ़वा रोड के लिए प्रस्थान करेंगे. 4 जून को अहले सुबह 5 बजे गढ़वा रोड स्टेशन पर स्वामी जी का आगमन होगा.नगर उंटारी से करीब दो दर्जन श्रद्धालु गढ़वा रोड स्टेशन पर स्वामी जी के दर्शन व स्वागत के लिए उपस्थित रहेंगें. गढ़वा रोड़ से स्वामी जी महाराज पलामू के भजनिया गांव में आयोजित एक यज्ञ में शामिल होंगे. इसके बाद एक बजे भजनिया से नगर उंटारी के लिए प्रस्थान करेंगे। नगर उंटारी से सैकड़ों श्रद्धालु दर्जनों वाहन से रमना प्रखंड के कविसा गांव में स्वामी जी महाराज का दर्शन व स्वागत करेंगे। वहां से काफिले के साथ स्वामी जी यज्ञ स्थल पर पहुचेंगे।

## दहेज को लेकर किया मारपीट, जान से मारने का किया प्रयास

**➲शादी के लगभग छः वर्ष बाद पांच लाख नगद एवं गाड़ी का किया मांग**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत महूगांवा ग्राम निवासी ससुर प्रभु साव समेत पति मनीष गुप्ता, देवर नीतीश गुप्ता, देवरानी रुपाली देवी, सास ललिता देवी पर उनके हीं पतोहू खुश्बू गुप्ता ने शादी के लगभग छः वर्ष बाद पांच लाख नगद के साथ एक गाड़ी के लिए प्रताड़ित करने व मारपीट करने का आरोप लगायी है. थाने में लिखित आवेदन देते हुए उन्होंने कहा कि जब से छोटे देवर नितीश गुप्ता का शादी हुआ है तब से मुझसे दहेज का दबाव बनाया जा रहा है. हालांकि नया कपड़ा दुकान खोलते समय खुशबू गुप्ता अपने पिता से एक लाख रुपए नगद दिलवाई थी परंतु दहेज के रूप में बार-बार पैसों के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है. आवेदन में खुशबू गुप्ता ने मुंह में कपड़ा ठूंस कर मारने की भी बात कही है.ईस पूरे मामले में पांडू थाना को आवेदन दिया जा चुका है. आज के समय में भी दहेज के लिए इस तरफ से प्रताड़ित करना कहीं सही नहीं है. देखना यह होगा कि पांडू पुलिस किस तरह से ईस पुरे मामले में कार्य करती है और इसका निदान क्या होता है। हालांकि इस विषय पर थाने के छोटा बाबू पप्पू मेहता ने कहा कि यह पति पत्नी का मामला है। जांचो उपरांत जो उचित होगा करवाई होगी।

## आठ बर्ष से चल रहा पति पत्नी का विवाद मध्यस्थता से हुआ समाप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी अपेक्षा के न्यायालय में चल रहा पति पत्नी के बीच दहेज प्रताड़ना का विवाद त क्र 1029/2015 शनिवार को मध्यस्थता के माध्यम से मध्यस्थ दिनेश चंद्र पाण्डेय के प्रयास से समाप्त कराया गया। बिदित हो कि पार्वती देवी के द्वारा अपने पति बीरेंद्र सिंह के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का मुकदमा की थी। जिसका बिचारन सुश्री अपेक्षा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय मे हो रहा था। कोर्ट के द्वारा उक्त केस को मध्यस्थता के लिए मेडिएशन सेंटर भेजा गया था। डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने मध्यस्थ के रूप में दिनेश चन्द पांडेय को केस में मध्यस्थता कराने की जिम्मेवारी सौपा था। मीडियेटर के द्वारा दोनो पक्षो से बातचीत किया गया। दोनो साथ रहने पर सहमत हो गए।सुचिका पार्वती देवी न्यायालय में अपना वाद समाप्त करने पर सहमत हो गई। इस तरह आठ वर्ष से चल रहा विवाद समाप्त हो गया। व एक घर उजड़ने से बच गया।

## रेल दुर्घटना में मृतक के परिजनों को केन्द्र सरकार दे 50 लाख रुपया : रुचिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह एवं जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने उड़ीसा रेल दुर्घटना में घायल 900 से अधिक लोग एवं 238 से अधिक मृतकों के प्रति गहरी शोक व्यक्त किया है जबकि सरकारी आंकड़ा मृतक का कम दिखा रहा है लेकिन मरने वालों की संख्या अधिक है यह रेल दुर्घटना बहुत ही बड़ा हादसा है जिस प्रकार से तीन ट्रेनों का भिड़ंत आमने सामने हो गया पटरी को अच्छी तरह से बिना बैठाए रेल चला देना देश के आम नागरिकों के साथ आत्मघाती है वह निश्चित रूप से रेलवे की लापरवाही का मामला प्रतीत होता है भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद या मांग करती है कि प्रधानमंत्री अपनी चुप्पी तोड़कर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को तुरंत बर्खास्त करें। एवं मृतक सभी परिवारों को 50 लाख मुआवजा एवं एक सरकारी नौकरी देने की गारंटी करें घायलों को अविलंब स्वास्थ्य व्यवस्था हो एवं प्रत्येक घायलों को 20-20 लाख मुआवजा दिया जाए।

## संत पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज का जीवन मानवोत्थान एवं आध्यात्मिक जन जागरण के लिये समर्पित है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** परिव्राजक संत पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का जीवन विश्ववंद्य जगदाचार्य पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के बताये मार्ग पर चलते हुये मानवोत्थान एवं आध्यात्मिक जन जागरण के लिये समर्पित है. पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज भारत के मनीषी संत परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य हैं. वे एक त्रिदंडी संन्यासी हैं, जिन्होंने भारत वर्ष में वैष्णवता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया है. भारत की पुण्य धरा पर महान तपस्वी संतों का अवतरण होना नैसर्गिक नियम रहा है.उन्हीं पूज्य संतों की कड़ी में भारत के महान संत तपस्वी श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज भी थे. संन्यास परंपरा की अविच्छिन्न श्रृंखला को जीवित रखते हुये श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य के रूप में श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने संन्यास धर्म पालन का दीक्षा ग्रहण किया.उसके बाद से श्री जीयर स्वामी जी पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी के सानिध्य में रहते हुये तप मार्ग पर अग्रसर हो गये. श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने धरा धाम को छोड़ने के पूर्व अपना त्रिदण्ड श्री जीयर स्वामी जी को सौंप कर वैष्णव संप्रदाय के इस कार्य को आगे बढ़ाने का गुरुतर भार स्वामी जी के कंधे पर दे दिया.बताया जाता है कि पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने श्री जीयर स्वामी जी में एक बेहतर सन्यासी के स्वरूप को देखा और परखा, जिसके बाद उन्होंने श्री जीयर स्वामी जी को अपने जीवन में स्वयं के जैसा चातुर्मास्य व्रत पालन हेतु सत्प्रेरित किया. इस व्रत में त्याग एवं तप की महत्ता है. स्वामी जी त्याग एवं तप के साक्षात प्रतिमूर्ति हैं. अपने तपोबल से स्वामी जी भगवत कैंकर्य लक्षण युक्त श्रुतवती भक्ति के अनुपम अवतार हैं. श्री जीयर स्वामी जी महाराज का जीवन संन्यास मार्ग में कठिन तपस्या को अंगीकृत करते हुये निरंतर जप, तप, स्वाध्याय एवं समाज कल्याण को समर्पित है. वे तृण (घास फूस) की बनी कुटी में निवास करते हैं एवं उनका जीवन तपस्या का पर्याय है.वे रूपये पैसे को हाथ से स्पर्श तक नहीं करते. वे फोन मोबाईल नहीं रखते हैं, टीवी एवं समाचार पत्रों से भी दूरी रखते हैं तथा उनकी जीवन शैली अत्यंत सरल एवं सादगीपूर्ण है. वे केवल एक कंबल के आसन पर ही विश्राम करते हैं.स्वामी जी एक वर्ष में आठ महीना परिव्राजक संन्यासी की तरह भ्रमण करते हुये किसी एक स्थान पर अधिकतम एक सप्ताह के लिये पर्णकुटी में निवास करते हैं. इस दौरान वे गांव नगर में जाकर लोगों को कथा प्रवचन सुनाते हुये सन्मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते हैं.वर्षा ऋतु में 4 माह एक ही स्थान पर चातुर्मास्?य व्रत करते हैं. इस दौरान वे भगवान श्रीमन्नारायण का स्मरण एवं तपस्या करते हैं. नित्य प्रातः मंगला आरती एवं शाम में प्रवचन कर लोगों को सन्मार्ग गामी बनाना तथा सर्व जन कल्याण ही स्वामी जी के परिव्राजक जीवन का मानों उद्देश्य है. वर्तमान समय में स्वामी जी महाराज मानव रूप में आध्यात्मिक जगत के दिव्य ज्योति स्वरूप हैं, जिनके द्वारा सामाजिक मूल्यों, संस्कृति संरक्षण, मानवता, नैतिकता एवं भगवत भक्ति की धारा को निरंतर समाज के समक्ष अपने सदुपदेश के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है. स्वामी जी की भक्ति रूपी साधना से संपूर्ण मानव समाज का कल्याण हो रहा है. ऐसे महान संत के दर्शन करने मात्र से ही मानव जीवन कृतार्थ हो जाता है. वैष्णवता प्राप्त वैष्णवाचार्यो के दर्शन मात्र से पाप विनष्ट हो जाता है।

# अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे प्रशासन के लोग मोहलत पर बैरंग लौटे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** बलिगढ़ के दासीपुर में शनिवार को गैरमजरूआ आम भूमि जिसका खाता 285 प्लॉट संख्या 774 रकबा 28 डिसमिल भूमि का विवाद पिछले कई महीनों से चलता आ रहा था इसी बीच अतिक्रमण करता रामाधार विश्वकर्मा, श्यामा विश्वकर्मा, सुखदेव विश्वकर्मा, सहित अन्य को केतार अंचल द्वारा भूमि खाली करने संबंधी कई पत्र दिए गए परंतु उक्त अतिक्रमण करता आदेश का अवहेलना करते हुए भूमि खाली नहीं किया। तत्पश्चात वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, अंचल निरीक्षक नागेंद्र पाठक, अंचल उपनिरीक्षक प्रकाश राम, अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी, सहित पर्याप्त मात्रा में पुलिस दल बल के साथ दो जे सी बी मशीन को लेकर अतिक्रमण मुक्त कराने शनिवार दिन 11 बजे के करीब प्रश्नगत भूमि पर पहुंचे। जहां अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के साथ अतिक्रमण कर्ताओ के बीच कड़ी नोक झोंक भी देखने को मिली। इस दौरान अतिक्रमण करता के सभी परिजन अपने छोटे-छोटे बच्चे एवं वृद्ध जनों का तबीयत खराब होने का मामला बताकर रह रहे मकान को खाली नहीं किया एवं कुछ दिनो के लिए अंचल पदाधिकारी से मोहलत मांगा तब जाकर प्रशासनिक कार्रवाई रुकी और सभी अंचल कर्मी एवं पुलिस प्रशासन के लोग बेरंग लौट गए।

संक्षिप्त खबरें

## हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह दिल्ली रवाना

**रांची** : एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह विदेश में आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रांची से शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली से आज रात स्वीट्जरलैंड जायेंगे, जहां वे विश्व हॉकी महासंघ के बैठक में भाग लेंगे। पांच और छह जून दो दिनों तक आयोजित इस बैठक में भाग लेने के साथ ही वह स्वीट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाच से भी मिलेंगे और भारत में हॉकी के विकास पर चर्चा करेंगे। वे स्वीट्जरलैंड से छह मई को जापान जायेंगे और वहां महिला हॉकी जूनियर एशिया कप के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में शामिल भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की भी तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भोलानाथ सिंह हॉकी झारखंड के भी अध्यक्ष हैं।

## ट्रेन हादसे के दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे केंद्र सरकार: राजेश ठाकुर

**रांची** : ओडिशा में बालासोर में तीन ट्रेनों की भीषण टक्कर में यात्रियों की मौत पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है। साथ ही मृतकों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रेल हादसे में जो भी यात्रियों की मृत्यु हुई है उनके परिवार के साथ पूरा कांग्रेस परिवार संवेदना व्यक्त करता है एवं इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटना न घटे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार इस घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे और इस घटना की जिम्मेवारी रेल मंत्री स्वयं लें।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन का तीन दिवसीय महाधिवेशन 15 जून से : योगेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का तीन दिवसीय महाधिवेशन 15, 16 एवं 17 जून 2023 को भव्य रूप से किया जा रहा है । इस आयोजन की तैयारी को लेकर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह अपने सभी पदाधिकारियों एवं सहयोगियों के साथ पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि रिम्स के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय झारखंड पुलिस एसोसिएशन का 103 वीं स्थापना वर्षगांठ एवं सप्तम महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है और इस कार्यक्रम में हमारे डीजीपी सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे । साथ ही साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी हम लोग आमंत्रित कर रहे हैं ।



**पहला दिन:** 15 जून को प्रथम सत्र में सप्तम महाधिवेशन का शुभारंभ होगा। द्वितीय सत्र में चिंतन एवं मार्गदर्शन सत्र आयोजित होगा, जिसमें अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त किया जाएगा और तृतीय सत्र में आम सभा आयोजित की जाएगी, इस सत्र में पर्यवेक्षक गण अपना मतदान संबंधी अनुशासन समझाएंगे एवं उम्मीदवार वोटरों से अपना परिचय देते हुए वोट के अपील करेंगे।

**दूसरे दिन :** वहीं 16 जून को सुबह 8:00 मतदान का कार्यक्रम होगा, जो शाम तक चलेगा और 17 जून को चुने गए नए पदाधिकारी का पदभार ग्रहण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**1178 करेंगे मतदान:** योगेंद्र सिंह ने कहा कि महाधिवेशन में पंच पदों पर नामांकन किया गया है। अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार हैं, उपाध्यक्ष पद पर पांच उम्मीदवार, महामंत्री पद पर दो उम्मीदवार, संयुक्त सचिव पर चार उम्मीदवार एवं संगठन सचिव पद पर तीन उम्मीदवारों ने नामकरण किया है। इस तरह से पांच पद पर कुल 17 सदस्यों का केंद्रीय चुनाव का नामांकन किया गया है । वहीं महाधिवेशन को पूर्ण रूप से संपन्न करने के लिए समिति की गठन की गई है , जिसमें स्वागत समिति, पत्रकार समिति, अवसान समिति , लेखा समिति, भोजन समिती , यातायात समिति, इस तरह से कुल छह समितियां में कुल 67 सदस्यों को शामिल किया गया है ,जो अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। वहीं 1178 मतदाता मतदान करेंगे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरी की मांगे

अध्यक्ष ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में जो झारखंड पुलिस एसोसिएशन की मांगे थी, उसे पूरा किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों को 13 माह के वेतन के बदले काटे गए 20 दिनों के क्षतिपूर्ति अवकाश को वापस किया गया। पुरानी पेंशन योजना वापस की गई और उसे लागू किया गया है, नई पेंशन योजना हमारे विरोध शुरू में की गई थी परंतु पूर्व के सरकार ने इसे अनसुनी कर देते थे। इसके अलावा सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली 2016 पूर्व के सरकार द्वारा बनाई गई थी, जो सिपाही संवर्ग के प्रोन्नति में भेदभाव हो रही थी तथा आगे भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था, प्रोन्नति में बाधा उत्पन्न हो रही थी , हम लोगों के बातों को एवं मांगों को मुख्यमंत्री ने पूरा किये हैं इससे पहले से सिपाही संवर्ग के पुलिसकर्मियों उत्साह एवं उमंग की लहर दौड़ गई है । इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री अक्षय राम ने कहा कि जो कार्यक्रम हो रहा है ये 20 मई 1920 को कोलकाता में इसकी शुरुआत की गई थी, पिछले साल कोविड था, इसलिए हम लोगों ने इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन नहीं कराए थे, इसलिए इस बार सब कुछ ठीक-ठाक है, तो हम लोग कार्यक्रम का रूप रखा तैयार किया जो भव्य तरीके से होगा।

इस अवसर पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री अक्षय राम , संयुक्त सचिव महताब आलम, प्रक्षेत्रीय मंत्री धर्मेंद्र सिंह, संगठन सचिव अंजनी कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद प्रसाद यादव, वायरलेस सचिव सुरेंद्र राय, नरेंद्र कुमार, जैप 10 के अध्यक्ष तारकेश्वर यादव, आईआरबी पांच के अध्यक्ष लाल शर्मा ,श्रीकांत शर्मा , राजकुमार यादव , अभय कुमार सिंह , नीरज पाठक, क्षेत्रीय मंत्री सुश्री भारती, गौतम बरेली सहित सभी संगठन के सदस्य गण उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार महिलाओं के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है : नीतू देवी

**रांची :** रांची महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू देवी ने कहा कि विगत चार माह से देश की होनहार बेटियां दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रही है। सभी भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है लेकिन केंद्र सरकार महिलाओं के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। वे शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रही थीं। नीतू देवी ने कहा कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा के निर्देश पर देश और प्रदेश में महिला कांग्रेस पहलवानों के आंदोलन के पहले ही दिन से ही उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि 28 मई को नये संसद भवन के उद्घाटन के दौरान दिल्ली पुलिस ने गृहमंत्री के इशारे पर बर्बरता पूर्वक पहलवान बेटियों के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। हम उसका पुरजोर विरोध करते है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों की इज्जत और अस्मिता को बचाने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना है ताकि इन बहादूर बेटियों को न्याय मिल सके।

## अजीत सिन्हा ने विनोबा भावे विवि के कुलपति का पदभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने शनिवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार ग्रहण किया। अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लौटने पर रांची विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी और स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि राजभवन ने हाल ही में डॉ. सिन्हा को रांची विश्वविद्यालय के साथ ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का भी प्रभार सौंपा है। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आरयू के साथ ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय का प्रभार भी एक जिम्मेदारी भरा काम है। उन्होंने कहा कि वहां अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को ऊंचाई पर ले जाउंगा। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में शोध, खेल और नयी शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू बनाना मेरा पहला लक्ष्य है। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी जिलों के कॉलेजों में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर हम विशेष ध्यान देंगे। साथ ही सभी कालेजों में शिक्षकों का अनुपात छात्रों की संख्या के अनुसार बनाया जायेगा। इसके लिए हम राजभवन के निर्देश में समुचित कार्य करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव आरयू डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, डॉ. देवाशीष गोस्वामी, डॉ. पी.के.झा, डॉ. सुदेश साहु, डॉ स्मृति सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुछ दिनों में तैयार हो जायेगा रोलर स्केटिंग स्टेडियम का निर्माण कार्य : सरोजिनी लकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में चल रही पांच दिवसीय चौथी राष्ट्रीय रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को प्रतिभागियों ने सुबह 5 बजे से अपनी प्रतिभा दिखाई। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि लगातार तीसरे दिन भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। आज के प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहां के मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में रोलर स्केटिंग



स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू है जो कुछ ही दिनों में तैयार हो जाएगा।

जिसके बाद यहां के खिलाड़ी अच्छी तरह से अभ्यास कर सकेंगे।श्रीमती सरोजिनी लकड़ा ने वहां मौजूद प्रतिभागियों एवं उनके परिजनों को धन्यवाद दीया और झारखंड के कला एवं संस्कृति के बारे में भी बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास सिंह ने खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया।

## जैक बोर्ड आठवीं बोर्ड का रिजल्ट हुआ जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । जैक बोर्ड झारखंड एकेडमिक कार्उंसिल ने आठवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने जारी किया. आठवीं बोर्ड में भी कोडरमा जिला अव्वल रहा। इस परीक्षा में 562564 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें 543164 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए। 515688 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 26298 स्टूडेंट्स फेल हो गये।आठवीं की परीक्षा का परिणाम 94.94 फीसदी रहा है।

**बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला:** इस बार कोडरमा , हजारीबाग, गोड्डा, चतरा, पलामू के नाम शामिल हैं। जिसमें कोडरमा से 15510 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें 15186 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 14920 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 98.25 रहा। इसी तरह हजारीबाग जिले से 29822 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 29342 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 287005 बच्चे परीक्षा पास किया। जिले में पास होने का प्रतिशत 97.83 रहा। गोड्डा से 24687 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराए। 23632 परीक्षा में बैठे। 23104 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 97.77 है। चौथे नंबर पर चतरा जिला है।

## ट्रेन हादसे में मृतकों के प्रति मारवाड़ी सम्मेलन ने जताया शोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उड़ीसा के बालासोर के निकट में हुए दर्दनाक एवं हृदय विदारक भीषण ट्रेन हादसे में सैकड़ों लोगों के निधन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा दुःख एवं संवेदना व्यक्त किया है। तथा इस ट्रेन दुर्घटना मे सभी मृतकों के प्रति गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। तथा समस्त शोकाकुल परिवार को परमात्मा दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

एवं सभी घायलों के लिए अति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में- भागचंद पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, बसंत कुमार मित्तल, ललित कुमार पोद्दार, डॉ ओम प्रकाश प्रणव, अशोक नारसरिया, नंदकिशोर पाटोदिया, रवि शंकर शर्मा, मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया, संजय सर्राफ, विनोद कुमार जैन, प्रदीप राजगढ़िया, अरुण बुधिया, कमल कुमार केडिया, पवन पोद्दार, अनिल अग्रवाल, शिव शंकर साबू, कमल जैन, प्रेम मित्तल, सुरेश जैन, किशोर मंत्री, आनंद जालान, सज्जन पाड़िया, राहुल मारू, अशोक पुरोहित, अभिषेक अग्रवाल, अजय डीडवानिया, रमन बोड़ा, राम बांगड़, प्रेम कटारुका, राजेश भरतिया, रमाशंकर बगड़िया, मनीष लोधा, सुनील पोद्दार, नारायण विजयवर्गीय,अशोक लाठ, अजय खेतान, प्रमोद अग्रवाल, कमल खेतावत, विजय खोवाल, विकास अग्रवाल, मनोज बजाज, रोहित पोद्दार, किशन अग्रवाल, अमित चौधरी, दीपेश कुमार, अमित शर्मा, अजय बजाज, निर्मल बुधिया, नरेश बंका, सुभाष पटवारी,रतन मोर, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, सुनील केडिया, मुकेश काबरा, राजेश कौशिक, किशन पोद्दार, ललित पोद्दार, मनोज रूईया, आकाश अग्रवाल आदि शामिल है।

## पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के लिए साइकिल चलाना जरूरी : ब्रजेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व साइकिल दिवस पर शनिवार को साइकिल रैली निकाली। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के लिए साइकिल चलाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 30 मिनट साइकिल रोज फिट रहने के लिए चलाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रतिदिन साइकिल चलाने की शपथ भी दिलाई। आज



की साइकिल रैली आरयूके बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से प्रारंभ होकर, सिदो कान्हो पार्क, प्रेमसंस मोटर्स मोड, कांके रोड में स्थित कृषि निदेशालय, रिलायंस मार्ट, सीएमपीडीआई, गांधी नगर, चांदनी चौक होते हुए पुनः बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में समाप्त हो गई। रैली में शामिल एनएसएस के स्वयंसेवक साइकिल चलाएंगे, पर्यावरण को बचाएंगे, नियमित साइकिल चलाएंगे, हमेशा स्वस्थ रहें, धुंआ रहित सवारी, साइकिल सवारी आदि का नारा लगा रहे थे। रैली में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, जय प्रकाश रजक, दिवाकर आनंद, दीपक साहू, आस्था दीप, सुरभि कुमारी, अजहर, फलक फातिमा, खुशी, नैंसी, आरव, प्रेरणा, शिवम, अनुभा, गुड्डी, सोनम सहित रांची विश्वविद्यालय के 14 महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय विभागों के कुल 122 एनएसएस स्वयंसेवक शामिल हुए थे।

## आदिवासी सरना विकास समिति की पहल सराहनीय : दीपक प्रकाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा के अध्यक्ष मेघा उरांव की ओर से शनिवार को सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वैवाहिक समारोह में आठ जोड़े दाम्पत्य बंधन में बंधे। इस समारोह में वैवाहिक जोड़ों के साथ साथ उनके सगे संबंधी एवम परिजन भी उपस्थित रहे ।

समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश एवं प्रदेश भाजपा के मंत्री सुबोध कुमार सिंह गुड्डू उपस्थित थे। विवाह संपन्न होने के पश्चात सभी जोड़ों में विवाह प्रमाण पत्र वितरित किया गया। दीपक प्रकाश ने वैवाहिक बंधन में बंधे जोड़ों को उनके सफल दांपत्य जीवन के लिए मंगलकामनाएं बधाई देते हुए कहा कि जनजातीय समाज द्वारा यह पहल अपने आप में एक उदाहरण है। समाज में हो रहे बदलाव एवं जागरुकता का परिचायक है। यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में उदाहरण बनेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंकज शाहदेव, धुर्वा मण्डल भाजपा अध्यक्ष उमेश यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ओडिशा ट्रेन हादसा : रांची रेलवे स्टेशन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**रांची :** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को तीन ट्रेन के बीच हुए हादसे के बाद रांची रेलवे स्टेशन ने भी हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अगर किसी के परिजन कोलकाता से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस या फिर यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे, तो वे रांची रेलवे स्टेशन से जारी हेल्पलाइन नंबर पर जानकारी हासिल कर सकते हैं। रांची रेलवे स्टेशन की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर 0651 27 87260, 0651 27 87070 और 9835921950।

## डीसी ने किया बिजली बिल ब्याज माफी योजना वन टाइम सेटलमेंट रथ रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 अंतर्गत ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, जीएम जेबीवीएनएल पी. के. श्रीवास्तव एवं एसई डीके सिंह ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर ओटीएस रथ को रवाना किया।

इस दौरान कार्यपालक अभियंता हिंमाशु कुमार, राजेश मंडल, सी.एम. शर्मा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि ओटीएस रथ के माध्यम से जिला के शहरी एवं



ग्रामीण क्षेत्रों में योजना प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि बिजली बिल ब्याज माफी योजना अंतर्गत 31 दिसंबर 2022 तक के बिल में ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। बिजली बिल ब्याज माफी आसान किश्तों में होगी। घरेलु (शहरी एवं ग्रामीण) श्रेणी में 05 किलोवाट तक तथा कृषि एवं सिंचाई (आईएएस-1) निजी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा। साथ ही बकायेदार विच्छेदित, लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलु उपभोक्ता (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा।

जीएम जेबीवीएनएल पी. के. श्रीवास्तव द्वारा भी वन टाइम सेटलमेंट स्कीम ब्याज माफी योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गयी।

**वन टाइम सेटलमेंट स्कीम ब्याज माफी योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ:**

एक से लेकर पांच आसान किश्त

डीपीएस राशि पर छूट एवं ऑन स्पॉट सर्टिफिकेट

ऑनलाइन भुगतान सुविधा भी उपलब्ध

ग्रामीण/शहरी घरेलु एवं कृषि उपभोक्ता को मिलेगा लाभ

ओटीसी कार्ड किश्तों के लिए

ऑन स्पॉट बिलिंग और लोड डिक्लेरेशन सुविधा।

# झारखंड : पांच आईएएस को अतिरिक्त प्रभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति रांची, अतिरिक्त प्रभार नागरिक सुरक्षा आयुक्त के पद पर पदस्थापित सूरज कुमार के 22 मई से 16 जून तक आयोजित एवं एमसीटी फेज 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के कारण उनके आगमन तक मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी रांची तथा नागरिक सुरक्षा आयुक्त झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने शुक्रवार देर रात को ही अधिसूचना जारी कर दी है।

निदेशक हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित आकांक्षा रंजन अतिरिक्त प्रभार प्रबंध निदेशक झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड रांची तथा प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट रांची के एमसीटी ट्रेनिंग में जाने की



वजह से इनके प्रशिक्षण से वापस लौटने की अवधि तक अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार रांची क्षेत्र को अपने कार्यो के साथ निदेशक हस्तकरघा रेशम, हस्तशिल्प झारखंड रांची प्रबंध निदेशक झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड तथा प्रबंध निदेशक झारखंड का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निदेशक नगरीय प्रशासन नगर विकास एवं आवास विभाग के पद पर पदस्थापित आदित्य कुमार आनंद के प्रशिक्षण से वापस लौटने अवधि तक अपर सचिव नगर विकास विभाग मनोहर मरांडी को अपने कार्यो के साथ निदेशक नगरीय प्रशासन नगर विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उपायुक्त गोड्डा के पद पर पदस्थापित जीशान कमर के प्रशिक्षण में जाने की वजह से उनके स्थान पर रवि शंकर शुक्ला उपायुक्त दुमका को अपने कार्यो के साथ उपायुक्त गोड्डा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। निबंधक सहयोग समितियां झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार बरनवाल के प्रशिक्षण में जाने की वजह से उनके वापस लौटने की अवधि तक चंदन कुमार निदेशक कृषि को अपने कार्यो के साथ निबंधक सहयोग समितियां झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



महेश नवमी अवसर पर रांची में श्री माहेश्वरी सभा महिला संगठन और युवा संगठन के सयुक्त रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

# साइकिलिंग व प्लास्टिक पिक-अप ड्राइव का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर, रांची में विभिन्न साइकिल समूहों के साथ साझेदारी में स्विचऑन फाउंडेशन ने साइकिलिंग और प्लास्टिक पिक-अप ड्राइव का आयोजन किया गया है ताकि विश्व पर्यावरण दिवस की थीम पर प्लास्टिक प्रदूषण पर अंकुश लगाने और प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन के बारे में लोगों में जागरूकता हो। रांची साइकिलिंग क्लब जैसे विभिन्न साइकिल समूहों के साइकिलिस्ट स्वच्छ झारखंड के लिए स्वेच्छा से आगे आए। स्विचऑन ने नॉलेज पार्टनर के रूप में सहयोग करने के लिए शहर के विकास प्राधिकरणों से भी संपर्क किया है । इस अवसर पर बोलते हुए, श्री विनय जाजू, एमडी स्विचऑन फाउंडेशन ने कहा, साइकिल चलाना एक सरल, सस्ती और पर्यावरण के अनुकूल माध्यम है जिसे प्रत्येक नागरिक द्वारा अपनाया जा सकता है। इस दिन, आइए प्रदूषण और भीड़भाड़ से मुक्त भविष्य के लिए हाथ मिलाएं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (ह्रस्र॥स्-5) के अनुसार, झारखंड में लगभग 66.3व परिवारों के पास साइकिल है, जो काफी अच्छा प्रतिशत है। यह रांची को शहर में साइकिलिंग कल्चर अपनाने में बढ़त देता है। विश्व साइकिल दिवस पर, साइकिल समूहों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी साइकिल चलाई और साइकिल चलाने के महत्व और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के बारे में नारे लगाकर और पोस्टर लगाकर लोगों में जागरूकता पैदा की। साइकिल सवारों ने पैदल चलकर सड़क किनारे पड़े प्लास्टिक कचरे को उठाया और कूड़ेदान में डाल दिया।

# कर्रा में अबुआ झारखंड पार्टी की बैठक संपन्न

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मिशन बगीचा कर्रा में शनिवार को अबुआ झारखंड पार्टी की एक बैठक फेंकलेन धान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष रिलन होरो एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शोमा मुंडा एवं उपाध्यक्ष अजय टोपनो उपस्थित रहे. बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रिलन होरो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन खूंटी क्षेत्र से शुरू हुआ. लेकिन खूंटी से आयोग ने एक भी झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित नहीं किया गया. खूंटी जिला के आंदोलनकारीयो को उपेक्षित किया गया विशिष्ट अतिथि सोमा मुंडा ने कहा कि जल जंगल जमीन का आंदोलन धरती आबा बिरसा मुंडा ने लड़ी थी जिसके बाद सीएनटी एक्ट कानून बना जिसका कढ़ाई से पालन होना चाहिए अवैध जमीन खरीद बिक्री पर रोक लगना चाहिए. आज के बैठक में कर्रा प्रखंड उत्तरी भाग अबुआ झारखंड पार्टी समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष रोहित मुंडा, उपाध्यक्ष अरविंद सांगा, गोस्सनर मुंडा जोरोंग तिडू, प्यारा मिंज, सचिव पौलुस मुंडा, सुकरा हेरेंज, जोसेफ हेरेंज, लॉरेंस बारला, महासचिव मनसुख होरो, कोषाध्यक्ष सुलेमान धान, संगठन मंत्री सूरज गोप के अलावे 21 सदस्य को चुना गया. नवनिर्वाचित सदस्यों को केंद्रीय अध्यक्ष रीनल होरो ने माला पहना कर स्वागत किया ।

# विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया जागरूकता अभियान

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मेरी लाइफ, मेरा स्वच्छ शहर के तहत आज खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल के अंतर्गत वार्ड नंबर 15 के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी सम्मानित नागरिकों से अनुरोध किया गया कि अपने-अपने घरों में पड़े पुराने कपड़े, जूते, चप्पल, किताब, कॉपियां, इलेक्ट्रॉनिक्स के समानों को नगर पंचायत द्वारा स्थापित शहर में 6 आरआरआर ;रिड्यूस रीयूज रिसाइकिलद्ध सेंटर, सफाई मित्र या अपने वार्ड के सुपरवाइजर को सुपुर्द करें ताकि उक्त सामानों को अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों के द्वारा उसका इस्तेमाल किया जा सके। जागरुकता अभियान के तहत लोगों को बताया गया कि अपने शहर एवं पर्यावरण की सुरक्षा इस अभियान का मकसद है। नागरिकों को बताया गया कि घरों से निकलने वाले पुराने सामान कूड़े के ढेर में ना जाए बल्कि उनका पुनः समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है ताकि हमारे आस-पड़ोस एवं पर्यावरण में एक समानता बनी रहे। उक्त अभियान में नगर प्रबंधक आफताब आलम, संजय कुमार, राजेश कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य सम्मिलित थे।

# विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्याश

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 47 के तीन योजनाओं की शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप के करकमलों से किया गया। जिसमें जिला योजना अनावद्ध निधि से राजकीय हंसराज बंधवा प्लस टू विद्यालय में 4 यूनिट टॉयलेट निर्माण, जिला योजना अनावद्ध निधि से राजकीय हंसराज बंधवा प्लस टू विद्यालय का चहारदीवारी, मुख्य गेट, पुराने चहारदीवारी का मरम्मती एवं विधायक निधि से जोरार सपाही नदी के पास शेड का निर्माण कराये जाना है। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने संवेदक को समय पर योजना को पूर्ण करने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का सख्त निर्देश दिया। राजकीय हंसराज बंधवा +2 विद्यालय के प्राध्यापिका ए.बी.केरकेट्टा ने विधायक के समक्ष विद्यालय की समस्या को रखी जिससे विधायक राजेश कच्छप ने यथासंभव समस्या की समाधान की प्रयास करने की भरोसा दिलाया। मौके विधायक प्रतिनिधि रंजीत बड़ाईक, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष चमन रजक, दीपक राणा, पिन्टू सिंह, सलेम डांहगा, सुनील यादव, दीपक चौबे, ज्ञान मुण्डा, प्रधानाध्यापिका ए.बी.केरकेट्टा, राजेन्द्र कच्छप, मुन्ना गोस्वामी, सोनाल कच्छप, शंशक कुमार यादव, राजन मुण्डा, अनील कुमार, सुगत तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# रूडसेट संस्थान सिल्ली में सांसद संजय सेठ का हुआ आगमन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री धर्मस्थल मंजुनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिल्ली में शनिवार को रांची सांसद संजय सेठ का आगमन हुआ। प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा उन्हें तिलक लगाकर तथा बुके देकर स्वागत किया गया! तत्पश्चात सांसद महोदय ने संस्थान में ले रहे प्रशिक्षणार्थियों से मिले और भविष्य में प्रशिक्षण को लेकर स्वरोजगार से कैसे जुड़ेंगे और दूसरों को भी रोजगार कैसे देंगे संबंधित बातों की जानकारी दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार करने के बारे में बहुत सारे बातों को उनके बीच रखा तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित बहुत सारी योजनाओं के बारे में भी बताया साथ ही साथ स्वरोजगार हेतु हर संभव मदद करने के लिए भी आश्वस्त किया। इसी क्रम में संस्थान के क्रियाकलाप को बहुत बारिकी से निरीक्षण किए और संस्थान को और बेहतर करने के लिए उन्होंने बहुत सारी बातों को बताया। इस मौके पर रूडसेट के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र माथुर, दशरथ कुमार महतो, महेश रूहिदास इत्यादि उपस्थित रहे।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा

### प्रेस-विज्ञप्ति

इस कार्यालय के पत्रांक–513 दिनांक–20.05.2023 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सूचना सख्या–WRD/MID/KODERMA/F2-08 Date-20.05.2023 जो प्रखंड चन्दवारा के मंसूरा आहर के जीर्णोद्धार से संबंधित है, जिसका पी0आर0 न0–297921 Minor Irrigation (2023-24)D है, अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
कोडरमा

PR 299087Minor Irrigation(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन० आर०ई०पी०-1, राँची

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 07.06.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 08.06.2023 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 10.06.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अविध | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र रेलाडीह का चहारदिवारी निर्माण कार्य। | 21,48,000.00 | 42,960.00 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, राँची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगे।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०–1, राँची

PR 299102 NREP (23-24)_D

## ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता

विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2, धुर्वा, राँची

### अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/15/2023-24 दिनांक– 02/06/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नवनिर्मित झारखण्ड विभाग सभा के उतरी गेट एवं बिरसा मुण्डा के प्रतिमा के आगे डेकोरेटिव पाथवे पोस्ट टॉप लैम्प के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,78,34,789=00 | 10,000=00 | 3,57,000=00 | 90 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.06.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 16.06.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 22.06.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 23.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता–सह–मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग झारखण्ड, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

**नोट** :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 299066 Energy (23-24)_D

## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह

### मत्स्य कृषकों के लिए अल्पकालीन सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्यादेश सं0 – 04 दिनांक 08–05–2023 के आलोक में समेकित मत्स्य पालन योजना (राज्य योजना) अन्तर्गत निजी क्षेत्र में मछली–सह–बत्तख पालन हेतु गिरिडीह जिला को लघुशीर्ष 101 अंतर्गत सामान्य कोटि में 4 (चार) एवं अनु0ज0जा0 कोटि में 2 (दो) तथा लघु शीर्ष 789 (अनु0जा0 कोटि) में 2 (दो) का लक्ष्य प्राप्त है। मछली–सह–बत्तख पालन के लिए स्वीकृत इकाई दर 0.4 हेक्टेयर हेतु 1,53350 (एक लाख तिरपन हजार तीन सौ पचास) रू0 है। अनु0जा0/अनु0ज0जाति/महिला कोटि के लाभुको के लिए 80% अनुदान है। एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% अनुदान है। Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जायेगा।

**चयन की अहर्त्ताएँ निम्नवत् हैः–**

(क) योजना कार्यान्वयन प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो।
(ख) लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिकता एक एकड़ उससे बड़े तालाब) हो अथवा वित्तीय वर्ष 2023–24 से तीन वर्षों की लीज पर हो।
(ग) जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
(घ) RFF के पास के लाभुकों के चयन में ध्यान रखा जाएगा कि RFF का लाभुक समूह सक्रिय हो एवं उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।

का लाभुक समूह सक्रिय हो एवं उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।
का लाभुक समूह सक्रिय हो एवं उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।

इच्छुक मत्स्य कृषक दिनांक 30.06.2023 तक जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह, पुराना जेल कैम्पस झण्डा मैदान के पास में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

नोटः – विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह (पुराना जेल कैम्पस, झण्डा मैदान के बगल में) में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गिरिडीह

PR 299075 Fish(23-24).D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

### निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक **01.07.2023** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **03.07.2023** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **03.07.2023** को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
   2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Fish Feed Mill and Allied Structure in Shalimar Fisheries Market,Dhurwa,Ranchi,Jharkhand | 24,56,000.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Three Months |

.नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 299096 Building(23-24).D

## कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग (DMFT, हजारीबाग)

### संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

DMFT, हजारीबाग के द्वारा संविदा के आधार पर विशेषज्ञ/ चिकित्सा पदाधिकारी/ ए0एन0एम0/ स्टाफ नर्स/ लैब टेकनिशियन/ स्वास्थ्य प्रबंधक/ फार्मासिस्ट एवं अन्य निम्नांकित पदों हेतु वांछित योग्यता एवं अर्हत्ता रखने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–20.06.2023 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में भेजा जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

| Sl. No. | Post | No of Post | Honorarium (Rs. Per Month) |
|---|---|---|---|
| 01 | Radiologist | 3 | 150000/- |
| 02 | Gynecologist | 8 | 150000/- |
| 03 | Pediatrician | 10 | 150000/- |
| 04 | Orthopedic | 1 | 150000/- |
| 05 | Anaesthetist | 1 | 150000/- |
| 06 | Ophthalmologist | 3 | 150000/- |
| 07 | ENT Specialist | 5 | 150000/- |
| 08 | Surgeon | 5 | 150000/- |
| 09 | Dermatologist | 1 | 150000/- |
| 10 | General Physician | 10 | 150000/- |
| 11 | Medical Officer (Female) | 17 | 70000/- |
| 12 | Medical Officers (Male) | 9 | 70000/- |
| 13 | Health Manager | 2 | 30000/- |
| 14 | Grade 'A' Nurse (GNM) | 52 | 16500/- |
| 15 | ANM | 30 | 14000/- |
| 16 | Lab Technician | 15 | 14000/- |
| 17 | OT Technician | 13 | 15000/- |
| 18 | X-ray Technician | 8 | 15000/- |
| 19 | E.C.G. Technician | 6 | 15000/- |
| 20 | U.S.G. Technician | 2 | 15000/- |
| 21 | Plaster Technician | 2 | 15000/- |
| 22 | Audiometry Technician | 5 | 15000/- |
| 23 | Anesthesia Technician | 5 | 15000/- |
| 24 | Ventilator Technician | 5 | 16000/- |
| 25 | Optometrist | 4 | 16000/- |
| 26 | Postmortem Assistant | 2 | 15000/- |
| 27 | Emergency Medical Technician | 1 | 15000/- |

उपरोक्त विभिन्न अनुबंध आधारित पदों से संबंधित कोटिवार विवरणी, आयु सीमा, वांछित शैक्षणिक योग्यता, अहर्ता एवं अन्य संबंधित विवरणी हजारीबाग जिला के बेबसाइट **(www.hazaribag.nic.in)** से प्राप्त की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 299113 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

### निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :दिनांक 27.06.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.06.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
   2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Partition wall,Toilet and Other Work for Oral and Maxiliofacial Surgery,Dental Institute RIMS,Ranchi | 43,78,800.00 | 5000.00 | 88,000.00 | Three Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 299012 (Building)23-24*D


## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

### –ःआम सूचनाः–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।




अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 299141District(23-24)#D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

### अति अल्पकालिन निविदा सूचना –02/2023–24

1) विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः–10.06.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–10.06.2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.06.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थानः– 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।
   2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No.- C-7, C-8, D/12 behind Indra palace Hinoo and others High court pool quarters. | 11.70009 | 23500.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Repairing and rewinding and replacement 5H.P, 1.5H.P, 1H.P submersible motor and other allied work at govt. Building under D.W.&S Division Ranchi East Ranchi. | 3.92568 | 7900.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3. | Repairing, rewinding and servcing of 7.50 H.P., 3.00 H.P. & 2.00 H.P. open well submersible motor & pump and starter, 20.00 H.P., 7.50H.P. 5.00 H.P. Centrifugal Motor Pump and Starter, 7.5HP & 3.00 HP V.T. Motor pump at Jharkhand Vidhan Sabha (New & Old), Project Building Engineering Hostel, and others. | 8.60552 | 17300.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4. | Provision of water supply by construction of 1No. HYDT with Installation of 2.0 H. P. Submersible Pump Motor & 2Nos (20'x5'x3') Hauda and allied Work at R.B.I.-01 Jamtara. | 24.55277 | 49200.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 5. | Construction of 10Nos. Urinals With Soak Pit & Boundry Wall and water supply arrangement at Premises Area JAP -10 Hotwar,Near Pared Maidan , Ranchi. | 19.82157 | 39700.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 6. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toilet,8nosBath Room and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Ganga Barrack J.A.P.T.C. Padama, Hazaribag Ranchi . | 15.83816 | 31700.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 7. | Repairing and replacement of old and damaged sanitary fittings at high court main building Annexe Building and other High Court Building Premises. | 11.51382 | 23100.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 8. | Renovation& Re-Construction of Sewerage and drainage line at Prashichhu Mess to Hostel no3.Jangle Warfewer School Netarhat Government of Jharkhand Ranchi . | 24.18638 | 48400.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 9. | Improvement of water supply and installation of 10 Nos. R.O. with cooler at G+3 Annexe Building Premises of Jharkhand High Court Ranchi . | 21.85371 | 43800.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 10. | Special Repair with plastic emulsion paint of 25000.00 gallon each capacity E.S.R., Sump with 18.00m staging and Pump house at I. R.B.-01 Jamtara Campus. | 17.29798 | 34600.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 11. | Renovation& Re-Construction of Sewerage and drainage at North & West side of Pared Ground, Jungal Warfare School, Netarhat Government of Jharkhand Ranchi. | 24.00934 | 48100.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 12. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toilet,8nos Bath Room and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Ganga Barrack J.A.P.T.C.Padama, Hazaribag Ranchi. (Part-A) | 20.03339 | 40100.00 | 5000.00 | 1 month |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।

PR.NO.299100 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## छूटे हुए व्यक्ति के घरों में शौचालय निर्माण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत सचिवालय में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के अंतर्गत छूटे हुए घरों में शौचालय निर्माण और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर कार्य के लिए ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान सूरज लाल महतो की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर मौजूद मुखिया निरोला सरदार ने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की स्वच्छता योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित जलसहिया सविता महतो ने कहा कि इस योजना के तहत पंचायत में छूटे हुए व्यक्ति के घरों में शौचालय निर्माण कराया जाना है। साथ ही, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु ग्राम स्तर पर कार्य किया जाना है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में कचरा संग्रह हेतु स्थल का चयन किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत सचिव गौड़ चंद्र महतो, पूर्व पंसस अजीत सिंह, पंसस विकास कुमार शर्मा, माधव चंद्र महतो, मदन प्रसाद, विनोद कुमार सिंह, अमिता पॉल, अनिशा गोप, सुनीता महतो, सुभद्रा मार्डी, इंद्र महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खराब पड़े सभी चापाकल हुए दुरुस्त

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत अंतर्गत बोलाईडी में पेयजल की गम्भीर समस्या से निदान हेतु वर्षो से खराब पड़े कई चापाकलों को कांग्रेसी नेता सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य गौरीशंकर प्रसाद के प्रयास से मरम्मती कराया गया।



स्थानीय लोगों द्वारा पेयजल की समस्या को लेकर लगातार मिल रही शिकायत के बाद उन्होंने पूरे पंचायत क्षेत्र का मुआयना कर खराब पड़े चापाकलों को चिन्हित कर तत्काल पेयजल विभाग के एसडीओ को इसकी सूचना दी। तत्पश्चात, विभागीय एसडीओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए तकनीकी टीम भेजकर क्षेत्र में खराब पड़े सभी चापाकलों को दुरुस्त करवाया। चापाकलों के ठीक हो जाने से आम लोगों समेत पंचायतवासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिली है। क्षेत्रवासियों ने कांग्रेस नेता गौरीशंकर प्रसाद एवं पेयजल विभाग के एसडीओ का आभार व्यक्त किया है।

## जेसीआई ने सेंट जेवियर्स स्कूल में लगाया अमृत धारा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लौहनगरी में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की ओर से शनिवार को परसुडीह के खासमहल स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में अमृत धारा (शीतल एवं नर्मल पेयजल केंद्र) स्वर्गीय तारा देवी की याद में सोनल सिंह के सौजन्य से लगाया गया। अध्यक्ष संगीता काबरा के नेतृत्व में इसका विधिवत उदघाटन फीता काटकर किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से जेसीआई संस्था के जोनल अध्यक्ष अभिनव चौरसिया, जोनल उपाध्यक्ष जगन्नाथ दास, जोनल सचिव प्रकाश अग्रवाल, रवि प्रकाश, कमल अग्रवाल, लिप्पू शर्मा, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, चांदनी अग्रवाल, मंजू बकरेवाल रिंकू अग्रवाल आदि मौजूद थे। सभी गणमान्य लोगों को गुलाब फुल देकर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।

## साकची में श्री श्री जगन्नाथ स्नानोत्सव आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस्कॉन, जमशेदपुर द्वारा 4 जून को शाम 4:00 बजे धालभूम क्लब, साकची, जमशेदपुर में श्री श्री जगन्नाथ स्नानोत्सव का आयोजन संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपदा जी के द्वारा बताये गये विधिनुसार किया जा रहा है। उक्त अवसर पर ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर भगवान की मूर्तियों को



गर्भगृह से स्नान मंडप में लाया जाता है और वैदिक मंत्रों के साथ 108 घड़ों से भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और देवी सुभद्रा को स्नान कराया जाता है। उसके बाद भगवान जगन्नाथ गजभेष में अपने श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। उक्त रूप को संसार के कल्याणकारी रूप माना जाता है। खास बात ये है कि इस पानी में कई तरह की औषधियां मिलाई जाती है। सुंगधित फूल, चंदन, केसर, कस्तूरी को पानी में मिलाया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए श्री पद्मनाथ जगन्नाथ दास एवं श्री चन्द्रशेखर पर्वत ने कहा कि प्रभु जी के दर्शानार्थी के बीच उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## टाटा मेन हॉस्पीटल के अंदर बुनियादी संरचना विकास कार्यों के लिए सड़क अस्थायी रूप से बंद

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) के सहयोग से टाटा स्टील, टाटा मेन हॉस्पीटल (टीएमएच) के आपातकालीन क्षेत्र और ओपीडी ब्लॉकों के बीच के रास्ते के लिए रेन प्रोटेक्शन शेड का निर्माण करेगी। इमरजेंसी और ओपीडी के बीच मरीजों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए रेन प्रोटेक्शन संरचना के निर्माण की योजना बनायी गयी है। इमरजेंसी और ओपीडी भवन के बीच, जेजीएमएच की ओर जाने वाली सड़क को 3 जून, 2023 से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इस दौरान सीसीयू, आईसीयू और जेजीएमएच में प्रवेश नर्सिंग कॉलेज के बगल वाले गेट से होगा। उसी गेट से बाहर निकलना होगा जो होटल सेंटर पॉइंट के सामने निकलता है। वहीं टीएमएच की बाकी विजिट के लिए प्रवेश और निकास में कोई बदलाव नहीं होगा।

## पत्रकार रणधीर कुमार राणा की माता का निधन, अंतिम संस्कार पैतृक गांव नवादा में होगा

**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर निवासी पत्रकार रणधीर कुमार राणा की माता शांति देवी (64)का जमशेदपुर स्थित टीएमएच अस्पताल में इलाज के क्रम में शनिवार को निधन हो गया. स्वर्गीय शांति देवी विगत कुछ दिनों से जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में इलाजरत थी. जहां उनके हृदय संबंधित रोगों का इलाज चल रहा था. शाम 4:45 पर उन्होंने टीएमएच अस्पताल में अंतिम सांस ली. स्वर्गीय शांति देवी अपने



पीछे भरा -पूरा परिवार छोड़ गई हैं. पार्थिव शरीर आदित्यपुर 2 स्थित रोड नंबर 11 उनके आवास से शव को लेकर परिजन बिहार के नवादा जिला स्थित पैतृक गांव पहुंचेंगे. जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा. पत्रकार रणधीर कुमार को मातृ शोक होने पर आदित्यपुर के प्रबुद्ध जनों समेत मेयर ,डिप्टी मेयर ने शोक व्यक्त किया है।

**बालासोर रेल हादसा के कारण मंत्री बन्ना ने भव्य स्वागत व आभार कार्यक्रम को बदला शोक सभा में, कहा**

# मैं जमशेदपुर के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मानगो से साकची तक फ्लाई ओवर सड़क निर्माण में सफल प्रयास किए जाने पर मंत्री बन्ना गुप्ता का भव्य स्वागत एवं आभार कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में सुबह 11¬30 बजे से जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में जिला कांग्रेस के द्वारा आयोजित की गई थी। जिसे बालासोर भीषण रेल हादसा के कारण जिला अध्यक्ष एवं मंत्री ने घोषणा किया कि स्वागत, अभिनंदन कार्यक्रम नही होगा। मंत्री बन्ना गुप्ता ने रेल हादसा में मृत लोगों के आत्मा के शांति के लिए तथा मानगो निवासी स्वः यादव के निधन हो जाने पर ईश्वर से प्रार्थना किया तथा उनके परिजनों को इस दुख के घड़ी में ईश्वर शक्ति प्रदान करें। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के साथ कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से शांति का प्रार्थना करें। सादे समारोह में जिलाध्यक्ष ने मंत्री का आगवानी किया। कार्यक्रम का संचालन और प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। सादे समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं जमशेदपुर के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध हूँ, इसी कडी में मैने लगातार प्रयास कर फ्लाई ओवर निर्माण के लिए टेंडर कराने में सफलता मिली है। जिसका जल्द ही धरातल पर कार्य दिखने लगेगा। कहा इस विषय पर एक बुद्धिमान ने बहुत अपहास उडाया, तो कभी कहा कि टाटा स्टील कभी स्वीकृति नही देगी तो कभी कहा कि इसकी क्या आवश्यकता है। यहाँ तक की फ्लाई ओवर निर्माण का तिरस्कार भी किया, लेकिन जमशेदपुर के जनता का प्यार ने सब संभव किया है। मेरा लक्ष्य है यहाँ के एक एक जनता के लिए विकास की राह सफल करूँ। कहा मैने जैसे ही स्वास्थ्य मंत्री का प्रभार ग्रहण किया उसी दिन से सोच लिया कि एमजीएम अस्पताल को विश्व स्तर का अस्पताल बना कर ही दम लुंगा। आज आधुनिक अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है और 436 करोड का कार्य प्रारंभ हो गया है। जब मैने कहा कि 71 करोड के लागत से अन्तरराष्ट्रीय स्तर का बस अड्डा निर्माण कराने के योजना के लिए कार्य कर रहा था, तो बहुत गलत गलत बातों को कह कर कुछ विपक्षी नेताओं ने तिरस्कार किया। यह योजना भी आम जनता के लिए वरदान साबित होगा। हमारा लक्ष्य स्वागत कराना नही है, मेरा लक्ष्य जनता का सेवा करना है। आने वाले समय में जनहित के कार्य आप सबों को देखने को मिलेगा। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जहाँ भी जाऐंगे, आम जनता आदर प्रदान करेगी, ऐसा कार्य और सेवा देता रहूँगा। मुझे कुछ लोग बदनाम करने के लिए कार्य कर रहे है, लेकिन मैं जनहित का कार्य और जनता का सेवा में बहुमुल्य समय लगाऊंगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश महामंत्री विजय खान, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, आदि थे।




## टाटा स्टील यूआईएसएल विश्व पर्यावरण दिवस पर आरआरआर कॉन्क्लेव का मेजबानी करेगा

**जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के साथ साझेदारी में, जमशेदपुर में आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) सेंटर ने लाइफ मिशन के अनुसार स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए खोला है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 जून, 12.30 बजे को आरआरआर कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है। बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल प्लास्टिक प्रदूषण के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करना और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देना है तथा स्वच्छ भारत मिशन शहरी अभियान मेरी जिंदगी मेरा स्वच्छ शहर के समापन समारोह के रूप में भी मनाना है। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के साथ साझेदारी में, जमशेदपुर में आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) सेंटर ने लाइफ मिशन के अनुसार स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए खोला है। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम और विशिष्ट अतिथि रूप में टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी शिरकत करेंगे। कॉन्क्लेव का मुख्य बिंदु टाटा स्टील यूआईएसएल और जेएनएसी के सहयोग से बस्ती क्षेत्रों में एक व्यापक प्लास्टिक संग्रहण के अभियान के साथ होगा । इस अभियान में भाग लेने के लिए 5 जून, 2023 को सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे के बीच काशीडीह, रामदास भट्ठा, बिष्टुपुर, सोनारी, सीएच एरिया बारीडीह और बर्मामाइंस जैसे विभिन्न स्थानों पर लोग शामिल हो सकते हैं। अभियान से जुड़ने के लिए डॉ. आलोक सुमन शर्मा - काशीडीह क्षेत्र - मोबाइल ¬ 9262299397, संजय तिवारी - रामदास भट्ठा एवं बिष्टुपुर क्षेत्र - मोबाइल - 9771765999, जगन्नाथ महापात्रा - सोनारी एवं सीएच क्षेत्र - मोबाइल - 6287396292, ओम प्रकाश मिश्रा - बारीडीह एवं बर्मामाइंस क्षेत्र - मोबाइल- 6287396291 से सम्पर्क कर सकते है।

## बंद अभिजीत कंपनी से दो वाहनों में केबुल तार चोरी कर ले जाते 6 अभियुक्त पकड़ाए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला पुलिस की रात्रि गस्ती टीम द्वारा खरसावां थाना अंतर्गत बंद अभिजीत कंपनी परिसर से केबुल तार चोरी कर दो छोटा हाथी वाहनों से ले जाते हुए छः अभियुक्तों को पकड़ा गया जबकि कुछ भागने में सफल रहे। सदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहायक अवर निरीक्षक सुगालाल सिंह एवं सशस्त्र बल रात्रि गस्ती के क्रम में शहरी क्षेत्र अंतर्गत गुटुसाही स्कूल भवन के पास दो छोटा हाथी वाहनों को आते देखे। गस्ती वाहन को देख वाहनों पर सवार लोग भागने लगे। पुलिस टीम ने घेर कर उनमें से छः लोगों को पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि ये केबुल तार बंद अभिजीत कंपनी से वे चोरी कर ला रहे थे। पुलिस इस मामले पर जांच कर रही है कि चोरी के माल खरीददार कौन है तथा भागने में सफल लोगों की भी खोज की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्तों में गुलाम वारिस, नौसाद अंसारी, मो जलाल, अब्दुल रियाज एवं मो एजाज जुगसलाई गरीब नवाज कॉलोनी के बताए गए जबकि काजी खैरुल लखीपुर, थाना रिझुनगर मुर्शिदाबाद का है। सरायकेला थाना कांड संख्या 67/2023 में भादवि की धारा 379/411/34 के तहत यह मामला दर्ज किया गया है।

## विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर राजेश्वरी मोदी 11 जून को जमशेदपुर में

**कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नारायण रेकी सत्संग परिवार की बैठक आयोजित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन 11 जून रविवार को लोयला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में होने जा रहा हैं। इसमें मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) है। पिछले एक माह से इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु शनिवार को साकची स्थित ओम प्लाजा में सत्संग परिवार की सदस्यों की एक बैठक संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल सुल्तानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि 15 साल से बड़े सभी लोग इस कार्यक्रम में आ सकते हैं। यह कार्यक्रम महिलाओं एवं पुरूषों दोनों के लिए है। रविवार 11 जून को सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक शहरवासी राज दीदी की पावन वाणी सुनेंगे। उनकी मुख्य सहयोगी प्रीति अग्रवाल सुल्तानिया ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि इसमें इंट्री पास के माध्यम से ही प्रवेश मिलेगा। इंट्री पास के लिए 7549808656 एवं 9835553911 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से प्रमिला गोयल, संध्या मुरारका, आशा चौधरी, सरला मुरारका, शैल अग्रवाल सुल्तानिया, किरण अग्रवाल सुल्तानिया, स्मिता मुनका, सरिता अग्रवाल, लक्ष्मी भरतीया, सुधा अग्रवाल सुल्तानिया, विद्या अग्रवाल, पिंकी सिंह, सुषमा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, संतोष अग्रवाल सुल्तानिया आदि उपस्थित थे।



## बालासोर ट्रेन हादसे पर रघुवर दास ने जताया गहरा दुःख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने बालासोर ट्रेन हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने शुक्रवार की शाम हुए इस ट्रेन हादसे के बाद रेलवे द्वारा चलाये जा रहे राहत एवं बचाव कार्य पर संतोष प्रकट करते हुए कहा कि उस हादसे के तुरंत बाद रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष का बालासोर रवाना होना इनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने इस हादसे में हताहत लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं में हताहत लोगों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि से परिजनों के दुखों को कम तो नहीं किया जा सकता है।



## कुचाई प्रखंड मुख्यालय में गोवर्धन योजना पर खरीफ गोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को आत्मा सरायकेला के द्वारा गोवर्धन योजना के तहत एक दिवसीय खरीफ गोष्ठी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के सभी किसानों को श्री विधि खेती एवं गोवर्धन योजना के बारे में विशेष जानकारी दिया गया। मौके पर उपस्थित कृषि विशेषज्ञ राजकमल यादव ने कहा कि गांव को स्वच्छ बनने में गांव वालों को उनके मवेशियों की गोबर और जैविक कचरे के सुरक्षित प्रबंधन में सहायता देना, जैविक कचरे विशेषकर मवेशियों के गोबर को बायोगैस और जैविक खाद में बदलना गोवर्धन योजना का मुख्य उद्देश्य है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि गोवर्धन योजना का मुख्य उद्देश्य है। कि गांव में साफ सफाई को सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना। कार्यशाला में मुख्य रूप से कृषि विशेषज्ञ राजकमल यादव प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी हरिलाल राम प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोडा बूंदी राम सोय दिनेश महतो विमल प्रधान आदि किसान मित्र एवं कृषि सखी उपस्थित थे।



## योग शिक्षक भर्ती निजी संस्थान द्वारा किए जाने पर शिक्षकों ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ट्राई नामक निजी संस्थान द्वारा पूरे जिले भर के योग शिक्षको को आयुष वेलनेस सेंटर में नियुक्त करने के साक्षात्कार किया जा रहा था। साक्षात्कार के लिए जिले भर से लगभग 40 योग शिक्षक पहुंचे हुए थे, संस्थान द्वारा गैर नियमावली के आधार पर साक्षात्कार के प्रक्रिया को चला रहे थे। जिसे लेकर योग शिक्षको ने आक्रोश व्यक्त किया साथ ही सभी योग शिक्षक मिलकर साक्षात्कार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। योग शिक्षको का कहना हे कि भर्ती प्रक्रिया आयुष मंत्रालय की ओर से होना चाहिए था। संस्थान हमारे काम के लिए सरकार से मोटी रकम बसूलेगा। हमारे मेहनत का कमाई सरकार संस्थान को क्यों दे रहे हे। साथ ही योग शिक्षको ने साक्षात्कार रोकने के लिए विभाग को आवेदन भी दिया हे। मौके पर जिले के सभी योग शिक्षक मौजूद थे।




## मां शारदे मंच की ओर से वार्षिक काव्यांजलि उत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची :** माँ शारदे मंच के द्वारा वार्षिक काव्यांजलि उत्सव का आयोजन होटल शिवानी इन्टरनेशनल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय साहित्यकार अनिता रश्मि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में समाजसेवी अरूण शर्मा, मुकेश कुमार, साहित्यकार सरोज कान्त झा एवं रेणु मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम में झारखण्ड के विभिन्न जिलों के कवि एवं कवयित्रियों ने भाग लिया एवं अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुती से श्रोताओं को मंत्रमुगध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा तरंग के अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया। स्वागत भाषण मंच की ओर से समीर सिन्हा ने दिया। अनीता रश्मि ने कहा कि मंच के द्वारा ऐसे आयोजनों से साहित्य के क्षेत्र में लोगों को जोड़ने में सहायता मिलती है साथ ही साथ लेखकों का उत्साहवर्द्धन भी होता है। अरूण शर्मा ने कहा कि मंच साहित्यिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से शामिल है जिससे समाज के अनेक वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। मुकेश कुमार ने कहा कि मंच के सभी साहित्यिक एवं सामाजिक प्रयास सराहनीय हैं और भविष्य में मंच ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करे। रेणु मिश्रा ने कहा कि मंच का यह प्रयास रहता है कि राज्य के कवि एवं कवयित्रियों को हमेशाएक मंच पर लाया जाए जो सराहनीय है। कार्यक्रम में संगीता वर्मा, रंजना वर्मा, विभा वर्मा, अंकिता सिन्हा, राजीव थेपडा, कल्याणी झा, मधुमिता साहा, रेणु बालाधर, सूरज श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह, अशोक प्रमाणिक, संध्या चौधरी, सुषमा करकेट्टा, शालिनी नायक, अनुराधा, सचिन झा, नरेश बंका, रंगोली सिन्हा, आकाश गिरी, पूजा शुक्ला, इमरान, अजीत प्रसाद, चंद्रकांत सिंह,मीरा सोनी, गिरजा सोनी, चंद्रिका ठाकुर, सुनीता कुमारी, सुनीता बेदी, संतोष सागर, अंशिता सिन्हा, सदानंद यादव, लता मानकर, तन्मय शर्मा, मनीषा सहाय, प्रेमहरी जी, रेणु झा, अनुराधा अनु, उमा सिन्हा ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा तरंग ने दिया। मंच का संचालन प्रज्ञाकान्त पाठक द्वारा किया गया।



## इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय में साइकिल दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला थाना अंतर्गत विजय ग्राम स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय में शनिवार को साइकिल दिवस मना कर लोगों के बीच एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने साइकिल चलाते हुए पर्यावरण, इंधन और स्वास्थ्य सुरक्षा के विषय में जानकारी देते हुए पूरे समाज को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफ़ेसर ओमप्रकाश ने साइकिल दिवस पर सभी छात्र छात्राओं के साथ सरायकेला में 3 किलोमीटर तक साइकिल चलाकर इंधन बचत कर कैसे आर्थिक लाभ सहित स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है इसका संदेश दिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। जिसमें श्रावणी मुखर्जी, सुमन कुमारी, आदि थे।

## संपादकीय

# कैसे खत्म होगी 'अति गरीबी'?

**प्रधानमंत्री** मोदी ने राजस्थान के अजमेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया है कि भारत में 'अति गरीबी' खत्म होने के बहुत निकट है। यह राजनीतिक और चुनावी बयान भी साबित हो सकता है। 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' के नारे पर चुनाव जीत लिया था। देश में गरीबी 2023 में भी है। क्या प्रधानमंत्री के कथन पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए? प्रधानमंत्री मोदी के बयान का घोर विरोधाभास यह है कि आज भी करीब 22 करोड़ भारतीय 'गरीबी रेखा' के तले बताए जाते हैं। भारत सरकार कोई अधिकृत आंकड़ा देने की बजाय छिपाती रही है। वैसे 2022-23 के दौरान गरीब की जनगणना जारी है। कुछ आंकड़े सार्वजनिक भी हो सकते हैं, लेकिन यह जनगणना 2024 तक चलेगी। तब तक आम चुनाव हो चुके होंगे और नई सरकार बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी होगी! भारत में गरीबी के वे आंकड़े सामने हैं, जो आवधिक श्रम बल सर्वे के जरिए सार्वजनिक हुए हैं या संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम अथवा सीएमआईई सरीखे पेशेवर संगठनों की रपटों ने उद्घाटित किए हैं। गरीबी-रेखा के तले जीने वालों की संख्या अधिक होनी चाहिए, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद ही 5.60 करोड़ भारतीय गरीबी-रेखा के नीचे चले गए हैं। हालांकि दावा किया जाता रहा है कि बीते 20 सालों में करीब 40 करोड़ लोगों को गरीबी-रेखा के बाहर लाया गया है। यानी इतने देशवासियों की औसत आमदनी में बढ़ोतरी कराई गई है, लेकिन सर्वे और रपटों के सच ये हैं कि भारत में 50 फीसदी आबादी की औसतन मासिक आय 5000 रुपए से कम है। यानी 170 रुपए रोजाना भी नहीं है। करीब 50 फीसदी लोगों की औसतन सालाना आय 53,610 रुपए है। देश में करीब 43 करोड़ श्रमिक हैं। उनमें आधे से कम को ही नियमित रोजगार नसीब है। देश की आबादी 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है और विश्व में सर्वाधिक है, लेकिन करीब 41.01 करोड़ लोग ही 'नौकरीपेशा' हैं। यह संख्या घट रही है और बेरोजगारी की दर बढ़ कर 8 फीसदी को पार कर चुकी है। आंकड़ों में पूर्वाग्रह भी संभव हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का मानना है कि 18 फीसदी आबादी अब भी गरीब है। यदि इन संक्षिप्त विवरणों का विश्लेषण किया जाए, तो 'अति गरीबी' के समापन की संभावनाओं पर बड़े-बड़े सवाल दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री एक मोटा-सा खाका देश के सामने पेश कर सकते थे कि 'अति गरीबी' चरणबद्ध तरीके से कैसे खत्म हो सकती है। अभी तो व्यापक फासले और गहरी खाइयां हैं। भारत में मात्र एक फीसदी अमीर ऐसे भी हैं, जिनके पास देश की कमाई का 22 फीसदी से ज्यादा हिस्सा है। इस जमात की औसत आय 63.5 लाख रुपए है। देश में खरबपतियों की संख्या 160 से ज्यादा हो गई है, लेकिन इसी देश में 50 फीसदी महिलाओं में 'खून की कमी' है। औसतन 6-23 माह की उम्र के सिर्फ 11 फीसदी बच्चों को ही पूरा भोजन नसीब है। शेष कुपोषित और बीमार हैं। बालिग उम्र की 35 फीसदी आबादी को ही नियमित काम उपलब्ध है। शेष दिहाड़ीदार, मजदूर और अनियमित कामगार हैं। इसमें मनरेगा की जमात भी शामिल है, जिसे मजदूरी भी समयानुसार और नियमित नहीं मिलती। इन विरोधाभासों को क्या कहेंगे? बेशक यह खबर सुखद है कि 2022-23 में हमारी आर्थिक विकास दर 7.2 फीसदी रही है। विश्व में यह सबसे अधिक और तेज विकास दर है। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी मात्र एक फीसदी विकास दर हो तरस रहे हैं। भारत चीन से डेढ़ गुना आगे है। जापान भी पीछे छूट गया है। कृषि की अप्रत्याशित विकास दर 5.5 फीसदी सामने आई है, तो 80 फीसदी तक निजी निवेश होटल क्षेत्र में आया है। कपड़ा, सीमेंट, इस्पात में भी निवेश बढ़ा है। सबसे ज्यादा 14 फीसदी बढ़ोतरी दर होटल-ट्रेड क्षेत्र में दर्ज की गई है। मैन्यूफैक्चरिंग, निर्माण, खनन और रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन सवाल है कि इस विकास और अर्थव्यवस्था के विस्तार का फायदा देश के आम आदमी तक क्यों नहीं पहुंचता, ताकि उसकी गरीबी कम हो सके? बहरहाल प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है, तो देश के साथ हम भी इंतजार करेंगे।

भारत में गरीबी के वे आंकड़े सामने हैं, जो आवधिक श्रम बल सर्वे के जरिए सार्वजनिक हुए हैं या संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम अथवा सीएमआईई सरीखे पेशेवर संगठनों की रपटों ने उद्घाटित किए हैं। गरीबी-रेखा के तले जीने वालों की संख्या अधिक होनी चाहिए, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद ही 5.60 करोड़ भारतीय गरीबी-रेखा के नीचे चले गए हैं। हालांकि दावा किया जाता रहा है कि बीते 20 सालों में करीब 40 करोड़ लोगों को गरीबी-रेखा के बाहर लाया गया है। यानी इतने देशवासियों की औसत आमदनी में बढ़ोतरी कराई गई है, लेकिन सर्वे और रपटों के सच ये हैं कि भारत में 50 फीसदी आबादी की औसतन मासिक आय 5000 रुपए से कम है। यानी 170 रुपए रोजाना भी नहीं है। करीब 50 फीसदी लोगों की औसतन सालाना आय 53,610 रुपए है। देश में करीब 43 करोड़ श्रमिक हैं। उनमें आधे से कम को ही नियमित रोजगार नसीब है। देश की आबादी 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है और विश्व में सर्वाधिक है, लेकिन करीब 41.01 करोड़ लोग ही 'नौकरीपेशा' हैं।

## कुछ अलग

# आत्मनिर्भरता का मुकदमा

**एक** बार फिर पौंग जलाशय पर्यटन की उम्मीदों से भर रहा है। अपने अस्तित्व की मिट्टी पर विस्थापन का दर्द लिए विश्व का यह भूभाग टुकर-टुकर देखता रहा, लेकिन न इसे समझा गया और न ही इसकी धडक़नें सुनी गईं। यह अनूठा बलिदान इतिहास के लिए लिखा गया होता, तो विस्थापितों की बोली लगाने के बजाए उन्हें गले से लगाने का मंतव्य पैदा होता। बस हलदून घाटी को ऐसा समुद्र बनाकर छोड़ दिया गया, जिसके तट आज भी पीड़ा की गहराई के सबूत बनते हैं। बहरहाल सुक्खू सरकार हिमाचल को अपने जलाधिकारों पर स्वाभिमान दिलाना चाहती है और इसलिए अब बात सिर्फ तमाम बड़ी बांध या विद्युत परियोजनाओं की ही नहीं, बल्कि पानी की हर बूंद की होने लगी है। इसी कड़ी में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह से जब मुख्यमंत्री मुलाकात करते हैं, तो आशाओं के झरने हिमाचली अस्मिता के पास आकर मधुर संगीत सुनाते हैं। बीबीएमबी से 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली की मांग के साथ-साथ सुखविंदर सुक्खू शानन विद्युत परियोजना का बाइज्जत स्थानांतरण चाहते हैं। यह कलम दवात से लिखा समझौता भले ही रहा हो, लेकिन 99 साल बाद मार्च 2024 में खत्म हो रही लीज के बदले हिमाचल को उसके आर्थिक अधिकार लौटाने का सबब बन रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू की दृष्टि में प्रदेश का स्वावलंबन उसी पानी को जागीर बनाता है जिसे हमने यूं ही बहने दिया, लेकिन अब अगर इसे छबील की तरह बांटा जाएगा तो देश को मालूम होगा कि पहाड़ कितना समृद्ध और शक्तिशाली है और रहेगा। रेणुका जी बांध परियोजना केवल विकास परियोजना नहीं, बल्कि सात राज्यों की प्यास बुझाने का सदका भी है। हम बांध तथा जल विद्युत परियोजनाओं को अभी तक केवल विकास या राष्ट्रीय निर्माण की दृष्टि से ही देखते रहे, जबकि यह पहाड़ को निचोडऩे-झिंझोडऩे, तोडऩे और मरोडऩे का ऐसा कत्र्तव्य है, जिसका ऋण राष्ट्रीय समग्रता में उतारा जा सकता है। इन परियोजनाओं ने आज तक पर्वतीय देह से ही कुठाराघात किया है। ऐसे में सुक्खू सरकार ने पर्वतीय रिश्तों को अहमियत देते हुए पानी से लाभान्वित राज्यों के बाद अब केंद्र से पूछा है, तो यह आत्मनिर्भरता का मुकदमा है और इसे पानी से भीग कर ही फैसला देना है। जल के माध्यम से आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रखते हुए सुक्खू अगर तमाम बांध परियोजनाओं को प्रगति, संपन्नता व आर्थिक विकास का शगुन देना चाहते हैं, तो यह प्रदेश की वास्तविक हैसियत को परवान चढ़ाने का संकल्प है। इसी कड़ी में पौंग जलाशय की पर्यटन परियोजनाओं के नाम हो रहे 70 करोड़ का जलवा आने वाले दिनों में अपने रंग दिखाएगा। रामसर वेट लैंड की चयनित श्रृंखला में नाम कमा चुका यह क्षेत्र हर साल प्रवासी पक्षियों के आगमन, उनसे संबंधित शोध तथा आकर्षण के कारण प्रदेश की ख्याति बढ़ा रहा है। ऐसे में पर्यटन परियोजनाओं का ताज पहनकर यह क्षेत्र मेगा पर्यटन की मंजिल बन सकता है। जल क्रीड़ाओं की अधोसंरचना के साथ-साथ शिकारा तथा फ्लोटिंग होटल की परिकल्पना से पौंग डैम की किश्ती अब आर्थिकी के किनारे तक पहुंच सकती है। हम इसे सुक्खू सरकार का डिलीवरी सिस्टम कहें या प्रदेश के आत्मबल को आजमाने की कोशिश, लेकिन यहां कथनी और करनी का साथ दिखाई देने लगा है। पौंग जलाशय के साथ जुड़ा पर्यटन तब अपनी संभावनाओं को पूरा करेगा जब नगरोटा सूरियां के कालेज को स्टेट कालेज ऑफ फिशरीज स्टडी तथा इसके परिसर में एनसीसी का नेवल विंग व जल क्रीड़ा केंद्र बनाया जाए।

## भारत के लोगों के नकारने से हिल रहे हैं और ये ग़ुस्सा नरेन्द्र मोदी पर निकाल रहे हैं

# नई संसद के बहिष्कार की राजनीति

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

1947 में अंग्रेजों को यहां से जाना पड़ा। स्वतंत्र भारत की लोकसभा और राज्यसभा के लिए भी किसी उपयुक्त भवन की आवश्यकता थी। उस समय यही निर्णय हुआ कि इस कार्य के लिए फिलहाल इसी भवन का उपयोग किया जाए। जाहिर है भवन का नाम बदलना भी जरूरी था, इसलिए कौंसिल भवन को संसद भवन या पार्लियामेंट हाउस कहा जाने लगा। लेकिन कहना न होगा कि भवन मूल रूप से ब्रिटिश भवन निर्माण निपुणता का ही प्रतीक रहा। अनेक बार मांग भी होती रही कि यह पुरानी बिल्डिंग नए भारत की संसद के लिए छोटी भी पड़ती जा रही है, इसलिए नई भारतीय संसद का निर्माण किया जाए जो केवल नाम की भारतीय न हो, बल्कि भारतीय वास्तु व इतिहास की निरन्तरता का भी प्रदर्शन करती हो।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 28 मई 2023 को भारत की संसद के नए भवन का उद्घाटन किया। फिलहाल जिस भवन से संसद का काम लिया जा रहा था, वह ब्रिटिश सरकार द्वारा उस समय बनाया गया था, जिन दिनों उनका सूर्य कभी अस्त नहीं होता था। यह भवन 1927 में बन कर तैयार हुआ था और लार्ड इरविन, जो उस समय ब्रिटिश सरकार द्वारा नियुक्त भारत का वायसराय था, ने 18 जनवरी को इसका उद्घाटन किया था। इस भवन का नाम कौंसिल हाउस था और यहां इम्पीरियल लैजिस्लेटिव कौंसिल की बैठकें हुआ करती थीं। लेकिन ब्रिटिश सरकार का यूनियन जैक यहां बीस साल तक ही लहरा सका। 1947 में अंग्रेजों को यहां से जाना पड़ा। स्वतंत्र भारत की लोकसभा और राज्यसभा के लिए भी किसी उपयुक्त भवन की आवश्यकता थी। उस समय यही निर्णय हुआ कि इस कार्य के लिए फिलहाल इसी भवन का उपयोग किया जाए। जाहिर है भवन का नाम बदलना भी जरूरी था, इसलिए कौंसिल भवन को संसद भवन या पार्लियामेंट हाउस कहा जाने लगा। लेकिन कहना न होगा कि भवन मूल रूप से ब्रिटिश भवन निर्माण निपुणता का ही प्रतीक रहा। अनेक बार मांग भी होती रही कि यह पुरानी बिल्डिंग नए भारत की संसद के लिए छोटी भी पड़ती जा रही है, इसलिए नई भारतीय संसद का निर्माण किया जाए जो केवल नाम की भारतीय न हो, बल्कि भारतीय वास्तु व इतिहास की निरन्तरता का भी प्रदर्शन करती हो। कौंसिल हाउस की बिल्डिंग न केवल भारतीय संसद की आवश्यकताओं की जरूरतों से कोसों दूर थी बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व भी नहीं करती थी। किसी ने हंसी में कहा भी था कि लगता था इस कौंसिल हाउस में अंग्रेजों की आत्मा घूमती रहती है। जहां तक भारतीय स्थापत्य कला का प्रश्न था, लुटियन, जिसने इस भवन का डिजाइन तैयार किया था, उसने अपना पत्नी को लिखा था, 'मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई भारतीय स्थापत्य कला नाम की कोई चीज भी है या फिर भारत में वास्तुकला की कोई महान परम्परा भी है।' इसलिए यह जरूरी था कि भारत अपनी महान वास्तुकला की परम्परा के अनुरूप अपने 'लोकतन्त्र मन्दिर' का निर्माण करे। लेकिन अनेक कारणों से पुरानी सरकारें इस राष्ट्रीय महत्व के काम को टालती रहीं। उसका एक कारण यह भी हो सकता है कि इनका स्वयं ही भारत की महान वास्तुकला परम्परा में विश्वास नहीं था। अन्ततः नरेन्द्र मोदी की सरकार के जिम्मे ही यह राष्ट्रीय दायित्व निभाने का



अवसर आया। लुटियन का कौंसिल हाउस छह साल में बना था जबकि भारत के लोकतन्त्र का यह नया मन्दिर अढाई साल के रिकार्ड समय में बनकर तैयार हुआ। जिस दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लौहपुरुष वीर सावरकर की जयंती थी, उस दिन पूरे विधि-विधान से इस मंदिर में लोकमंगल की साधना के प्रतीक सेंगोल राजदंड की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस राजदंड की कथा भी विचित्र है। जब अंग्रेजों का यहां से जाने का समय आ गया तो उनके समक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ कि भारतीय शासन व्यवस्था जिस पर उन्होंने दो सौ साल से बलपूर्वक कब्जा जमा रखा था, वह अब भारतीयों को कैसे सौंपा जाए? गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से तो यह कार्य होना ही था। लेकिन इसके लिए क्या कोई पुरातन भारतीय परम्परा भी है? कहा जाता है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के लिए यह एक ऐसा प्रश्न था जिसमें उनका विश्वास ही नहीं था। लेकिन इसे टाला भी नहीं जा सकता था। नेहरू ने आचार्य राजागोपालाचारी को यह उलझन सुलझाने के लिए कहा। राजागोपालाचारी ने महान चोल शासकों की परम्परा का अध्ययन करने के बाद बताया कि भारत में ऐसे समय नए शासक को राजदंड दिया जाता था जिसे तमिल भाषा में सेंगोल कहा जाता है। यह राजदंड यह सुनिश्चित करता है कि शासक अपने राज धर्म के मार्ग पर चलेगा। यह राजदंड भारत की हजारों हजारों साल की कत्र्तव्य यानी धर्म साधना का प्रतीक था, जो शासक की जबावदेही निश्चित करता था। सेंगोल पूरे विधि-विधान से पंडित नेहरू को दिया गया, लेकिन वह संसद भवन में न जाकर नेहरू जी के घर के एक्सकेवेशंस में डाल दिया गया। शायद इसका कारण था कि नेहरू भारत की प्राचीनता और उसकी प्राचीन परम्पराओं से बहुत चिढ़ते थे। वे भारत को प्राचीन राष्ट्र स्वीकार ही नहीं करते थे, बल्कि इसे 'नेशन इन मेकिंग' कहा करते थे। यही कारण था कि 'कत्र्तव्य पथ' का स्मरण करवाते रहने वाला सेंगोल उनके घर के किसी कोने में गोल्डन वाकिंग स्टिक बन कर पड़ा रहा और वहीं से प्रयागराज के अजायबघर में इसी पहचान के साथ पहुंच गया। नई भारतीय संसद में वह पुनः स्थापित किया गया। सेंगोल इस बात का भी प्रतीक है कि भारतीय शासन व्यवस्था भारतीय संविधान के अनुरूप चलती है। सेंगोल भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक आस्था को नवीन संविधान की लोकतांत्रिक आस्था को निरन्तरता में स्थापित करती है। नरेन्द्र मोदी इसीलिए भारत को लोकतंत्र की जननी कहते हैं। नया संसद भवन अपने स्वरूप में भी सम्पूर्ण रूप से भारतीय है। यहां उसके प्राचीन इतिहास, संगीत, परम्परा, साहित्य, भूगोल, समाज शास्त्र का दिग्दर्शन होता है। यह नवीन और प्राचीन का एकात्म स्वरूप है। उसकी निरन्तरता का द्योतक है। यह उपनिवेश की चीत्कार कर रही दुष्ट आत्माओं से मुक्ति का राष्ट्रीय पर्व है। उस मानसिक दासता से बौद्धिक स्तर पर मुक्ति का महान अनुष्ठान है। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि सत्ता प्राप्ति की लालसा में लार टपकाते अनेक दलों ने इस राष्ट्रीय अनुष्ठान का बहिष्कार ही नहीं किया बल्कि इसकी निन्दा भी की। इसकी व्याख्या कैसे की जा सकती है? इसके लिए भी भारतीय इतिहास में ही गहरे पैठना होगा। अपनी सन्तान के लिए सत्ता का सिंहासन किसी भी तरह सुरक्षित कर देने की लालसा में महाभारत के धृतराष्ट्र अन्धे हो गए थे। उस कारण से ही भारतीय इतिहास का एक अध्याय लिखा गया। कहा जा सकता है कि धृतराष्ट्र तो जन्मान्ध थे। यह ठीक है, लेकिन येन केन प्रकारेण अपनी सन्तानों के लिए सत्ता सिंहासन सुरक्षित रखने की लालसा में उनकी अन्तर-ज्योति भी बुझ गई थी। क्या इसे महज संयोग कहा जाए कि जिन दलों ने भारतीय संसद के इस राष्ट्रीय पर्व का बहिष्कार किया, वे सभी पारिवारिक दल ही थे। सोनिया गान्धी को अपने प्रौढ़ हो रहे पुत्र राहुल गान्धी को किसी तरह प्राचीन भारत के सत्ता सिंहासन पर बिठाना है, लालू यादव को अपने तेजस्वी की चिन्ता खाए जा रही है, मुलायम सिंह यादव तो नहीं रहे लेकिन पूरा परिवार किसी तरह अपने अखिलेश के लिए कुर्सी सुरक्षित करवा लेना चाहता है। ममता बनर्जी को अपने भतीजे की चिन्ता खाए जा रही है। डीएमके के करुणानिधि के बेटे ने पिता के देहान्त के बाद सही सलामत कुर्सी संभाल ली थी लेकिन अब गान्धी परिवार की तरह वह स्टालिन से छोटे स्टालिन तक सुरक्षित हो जाए, यही कामना है।

# प्रशिक्षक भर्ती व पदोन्नति नियमों में सुधार

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी करोड़ों लोगों में स्वयं व अपने देश को पदक जीत कर सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करता है तो उसके पीछे जहां उस दृढ़ संकल्प, लगातार कठोर परिश्रम व अपनों की सहायता व दुआएं होती हैं, वहीं पर एक प्रशिक्षक की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसीलिए अलग से राज्यों में खेल विभागों का गठन हुआ है। 1982 के एशियाड के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी प्रदेश में हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग का गठन किया। विभाग के गठन के चार दशक बाद भी अभी तक हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षकों के भर्ती व पदोन्नति नियमों को अब अमलीजामा पहनाया जा सका है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग में निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, कनिष्ठ प्रशिक्षकों व युवा संयोजकों के पद सृजित हैं। इस विभाग का कार्य प्रदेश में युवा गतिविधियों व खेलों का विकास करना है।

**प्रशिक्षक** कैडर के भर्ती व पदोन्नति नियमों में सुधार कर लिया है और कुछ जूनियर प्रशिक्षकों की पदोन्नति भी हुई है। परन्तु अभी भी प्रशिक्षक का स्केल और काम जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी का लिया जा रहा है। यह तो प्रशिक्षकों के साथ अन्याय है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी करोड़ों लोगों में स्वयं व अपने देश को पदक जीत कर सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करता है तो उसके पीछे जहां उस दृढ़ संकल्प, लगातार कठोर परिश्रम व अपनों की सहायता व दुआएं होती हैं, वहीं पर एक प्रशिक्षक की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसीलिए अलग से राज्यों में खेल विभागों का गठन हुआ है। 1982 के एशियाड के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी प्रदेश में हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग का गठन किया। विभाग के गठन के चार दशक बाद भी अभी तक हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षकों के भर्ती व पदोन्नति नियमों को अब अमलीजामा पहनाया जा सका है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग में निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, कनिष्ठ प्रशिक्षकों व युवा संयोजकों के पद सृजित हैं। इस विभाग का कार्य प्रदेश में युवा गतिविधियों व खेलों का विकास करना है। हिमाचल प्रदेश में यह विभाग खेल प्रशिक्षण, खेलों के लिए आधारभूत ढांचा व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता होने पर नगद पुरस्कार व



अवार्ड देने के लिए बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग का निदेशक प्रशासनिक सेवा से ही अधिकतर नियुक्त होता रहा है, केवल विशेष परिस्थितियों में ही आज तक दो बार ही विभागीय अधिकारी निदेशक पद तक पहुंच पाए हैं। उपनिदेशक और कभी-कभी संयुक्त निदेशक पद तक विभाग के प्रशिक्षक व युवा संयोजक पदोन्नत होकर पहुंच जाते हैं। इन विभागीय अधिकारियों को अधिक तकनीकी जानकारी होती है। आजकल हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के पास कोई भी उपनिदेशक नहीं है। वरिष्ठ जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी को उप निदेशक के पद पर बिठा कर काम चलाया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से एक एचएएस अधिकारी को संयुक्त निदेशक का जिम्मा दिया है। नियमित जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी भी केवल चार ही जिलों में हैं। राज्य के शेष जिलों में कामचलाऊ अधिकारी बिठा रखे हैं। सरकार को चाहिए कि जल्दी ही उपनिदेशक के पद पर नियमित पदोन्नति की जाए तथा जिलों में भी नियमित अधिकारी हों। इस विषय पर पहले भी कई बार इस कॉलम के माध्यम से लिखा जा चुका है, मगर लगता है कि सरकार के लिए युवा शक्ति व खेल प्राथमिकता पर नहीं हैं। विभाग में नाम मात्र के प्रशिक्षक हैं। अधिकतर खेलों में तो एक भी प्रशिक्षक पूरे जिले के लिए उपलब्ध नहीं है। विभाग में जो प्रशिक्षक नियुक्त हैं उन्हें कनिष्ठ प्रशिक्षक के पद पर नियुक्ति मिली है। उसके बाद वे सेवानिवृत्ति तक भी प्रशिक्षक नहीं बन पाए। अब जाकर दशकों बाद विभाग में नियुक्त जूनियर प्रशिक्षकों को पदोन्नति मिली है और कई तो बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो गये हैं। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए केवल 25 प्रतिशत ही कोटा है। 50 प्रतिशत युवा संयोजक व 25 प्रतिशत पद हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाते हैं। प्रशिक्षक बनने की योग्यता बहुत कठिन है। स्नातक डिग्री के साथ जो प्रतिभागी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हो या तीन बार वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हुआ हो या शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खेला हो, उसके बाद राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण व शिक्षण के बाद प्रशिक्षक बनता है। हिमाचल प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में नियुक्त कनिष्ठ प्रशिक्षकों को पांच साल के बाद प्रशिक्षक के पद पर पदोन्नति कर 50 प्रतिशत कोटा जिला अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए दिया जाए। क्योंकि प्रशिक्षकों की संख्या बहुत अधिक है, अगर हर खेल में जिला स्तर पर पांच प्रशिक्षक भी हों तो प्रशिक्षकों की संख्या सौ से भी अधिक जा सकती है। इसके मुकाबले बारह जिलों में बारह ही युवा संयोजक नियुक्त हैं। इस तरह देखा जाए तो यह प्रशिक्षकों साथ बहुत अन्याय है। प्रदेश में विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तो बन कर तैयार हैं, मगर उनका न तो सही रख रखाव है और न ही उन पर उस स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम हो रहा है। सरकार को चाहिए कि वहां पर उन खेलों में उच्च प्रदर्शन करवाने वाली खेल अकादमियां स्थापित की जाएं। हिमाचल प्रदेश में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के दो खेल छात्रवास बिलासपुर व ऊना में कुछ चुनिंदा खेलों के लिए आधा अधूरा प्रशिक्षण दे रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने वाले प्रशिक्षकों की कमी व प्रबंधन में अव्यवस्था साफ देखी जा सकती है। उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले प्रशिक्षक बहुत कम हैं। क्योंकि विभाग में प्रशिक्षकों की अनदेखी जिसमें बहुत कम ग्रेड पे व दशकों से कनिष्ठ पद पर कार्यरत रहने के कारण राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान से प्रशिक्षित प्रशिक्षक खेल विभाग में प्रशिक्षक बनने से अधिक शिक्षा विभाग में प्राध्यापक या डीपीई बनने को अधिमान देते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने के लिए प्रशिक्षकों व खिलाडियों के लिए एक अच्छी प्रबंधन टीम की अहम भूमिका है। सही प्रबंधन मिले, इसके लिए नियमित जिला खेल अधिकारियों, उपनिदेशकों, प्रशिक्षकों व अन्य अधिकारियों की नियुक्ति बेहद जरूरी है। खिलाड़ी को तैयार करने में प्रशिक्षक की भूमिका जब बेहद जरूरी है तो फिर हम उसे सामाजिक व आर्थिक रूप से निश्चिंत कर शारीरिक व मानसिक पूरी तरह अपने प्रशिक्षण पर केन्द्रित क्यों नहीं होने देते। राज्य के युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में प्रशिक्षकों के साथ न्याय करने के लिए इनके भर्ती व पदोन्नति नियमों में संख्या अनुपात में संशोधन नहीं हो पाया है।

## देश दुनीया से

# फिर विस्थापित विश्वास का मणिपुर

**मणिपुर** क्या फिर से संघर्ष के पुराने दिनों में लौट चला है? वहां थम-थमकर हो रही जातीय हिंसा ने इस सवाल को मौजूं बना दिया है। मणिपुर पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों से काफी अलग है। यहां के तमाम राज्यों में सशस्त्र संघर्ष हुए हैं, लेकिन वे सब अब अतीत बन चुके हैं। असम में ही सैकड़ों विद्रोही सक्रिय थे, लेकिन अब कमोबेश सभी शांत हैं। नगालैंड में तो नेशनल सोशलिस्ट कौंसिल ऑफ नगालैंड- इसाक मुइवा गुट के साथ केंद्र सरकार का समझौता भी नहीं हो सका है, लेकिन फिलहाल यहां पर शांति है। मणिपुर की जनजातियां इसके चरित्र को जटिल बनाती हैं। हम बेशक उनको कानूनी रूप से अनुसूचित जनजाति न बुलाएं, लेकिन वे खुद को अनुसूचित जनजाति ही मानती हैं। फिर, उनके अंदर भी कई उप-जनजातियां हैं, जिनमें खूब आपसी तनाव रहा है। 1997 में ही कुकी और उसकी उप-जनजाति पाइटी में जबर्दस्त हिंसा हुई थी। नगा भी यहां काफी हैं। फिर, म्यांमार से भी काफी संख्या में लोग भागकर यहां आए हैं, जिनको चिन कहा जाता है। इन सबके बीच संघर्ष तो है ही, जनजातियों के भीतर भी तनाव है। इससे मणिपुर अन्य राज्यों से अलग प्रकृति का हो जाता है। जिस नजरिये से हम दूसरे राज्यों को देख सकते हैं, मणिपुर को नहीं देख सकते। यहां छोटे-मोटे तनाव होते रहे हैं, लेकिन पिछले पांच-छह साल में इसने जो उपलब्धि हासिल की है, वह उल्लेखनीय है। दशक-डेढ़ दशक पहले तक यहां शाम में चार बजे के बाद कफ्र्यू लग जाया करता था। ठहरने के लिए ढंग की जगह नहीं मिलती थी। परिवहन भी सुगम और सुरक्षित नहीं था। मगर अब यहां नए-नए होटल बन गए हैं। आना-जाना भी आसान हो गया है। नौजवान भी अब ज्यादा दिखने लगे हैं, क्योंकि वे पहले अच्छी शिक्षा हासिल करने के लिए बेंगलुरु, दिल्ली चले जाते थे। तमाम तरह के कारोबार यहां शुरू हो चुके हैं। तरक्की की इन इबारतों से जातीय तनाव की आग मानो चिनगारी में बदल गई थी। मगर अब ताजा हिंसा के बाद माना जा रहा है कि आपसी अविश्वास की खाई इतनी गहरी हो जाएगी कि उसे पाट पाना काफी कठिन होगा। हाल-फिलहाल के दिनों में कुकी और मैतेई शायद ही एक-दूसरे पर भरोसा कर सकेंगे। यह एक खतरनाक संकेत है। बेशक यहां अमन-चैन दिखने लगा था, क्योंकि सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है, और विकास के कई काम हुए हैं, लेकिन तमाम जनजातियों में आपस में प्रतिस्पद्र्धा भी है। और, दुर्भाग्य से इनमें से कई हथियारबंद समूह भी हैं। इस बार उन्होंने अपने हथियारों का प्रदर्शन किया है, चाहे वे लूटकर उन्होंने जुटाए हों या कहीं से उनको मिले हों। अतीत में यहां आलम यह था कि अलगाववादी गुटों की सक्रियता सब पर भारी पड़ती थी। इस कारण यहां के कई इलाके असुरक्षित माने जाते थे। राजधानी इंफाल को छोड़कर बाकी तमाम क्षेत्रों में विकास की रोशनी मानो पहुंच ही नहीं रही थी। नतीजतन, यहां पर्यटक भी नाममात्र के दिखते थे। मगर इन दिनों हालात काफी बदल चुके थे। मणिपुर को 'न्यू रिफॉर्म्ड सेफ स्टेट', यानी सुधार की नई राह पर आगे बढ़ता एक सुरक्षित राज्य माना जा रहा था। पिछले कुछ वर्षों में बनी यह तस्वीर मिनटों में ध्वस्त हो गई। हमें यह समझना होगा कि गैर-कानूनी घुसपैठ यहां की सच्चाई है। म्यांमार में जब से सरकार बदली है, उसने पूर्वोत्तर को प्रभावित किया है। बांग्लादेश के साथ भी ऐसा ही है, जिसकी बिगड़ती सेहत पूर्वोत्तर को नुकसान पहुंचाती है। असल में, म्यांमार और भारत के सीमावर्ती इलाकों में बसी इन जनजातियों में पारिवारिक रिश्ता है। आतंकवाद के खिलाफ म्यांमार सरकार की कार्रवाई के बाद काफी संख्या में लोग सीमा पार से आए। वे मणिपुर ही नहीं, मिजोरम में भी बसे। वहां तो करीब 30 हजार शरणार्थियों को चिह्नित भी किया गया है। कोई यह पूछ सकता है कि जब मिजोरम में भी म्यांमार से प्रवासी आए, तो वहां ऐसा तनाव क्यों नहीं दिखता? असल में, मिजोरम में इनके समर्थन में आवाज उठी है। हालांकि, वहां भी जनसांख्यिकी में बदलाव का मसला आ सकता है, जिसका गवाह मणिपुर बना है।

मणिपुर की जनजातियां इसके चरित्र को जटिल बनाती हैं। हम बेशक उनको कानूनी रूप से अनुसूचित जनजाति न बुलाएं, लेकिन वे खुद को अनुसूचित जनजाति ही मानती हैं। फिर, उनके अंदर भी कई उप-जनजातियां हैं, जिनमें खूब आपसी तनाव रहा है। 1997 में ही कुकी और उसकी उप-जनजाति पाइटी में जबर्दस्त हिंसा हुई थी। नगा भी यहां काफी हैं। फिर, म्यांमार से भी काफी संख्या में लोग भागकर यहां आए हैं, जिनको चिन कहा जाता है। इन सबके बीच संघर्ष तो है ही, जनजातियों के भीतर भी तनाव है। इससे मणिपुर अन्य राज्यों से अलग प्रकृति का हो जाता है।

## नागरिक बोध

# राजस्थान कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं के बीच विपरीत दिशाओं में सुलह के दावे

**राजस्थान** कांग्रेस में दो नेताओ के बीच सियासी घमासान का अंत होने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली निवास स्थान पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच पिछले कई महीनों से विरोध चल रहा था। उसका बैठक के दौरान सुलह होने की बात मीडिया के समक्ष पेश की गई। दोनों दिग्गज नेताओं का फिर से एक होने का दावा किया गया है।ले किन अशोक गहलोत और सचिन पायलट मीडिया के सामने उपस्थित हुए तब उनके चेहरे मुर्झाए हुए थे। चेहरों पर दोनों दिग्गज नेताओं के बीच सुलह के कोई लक्षण दिखाई नही दे रहे है। 2020 से दोनों नेताओं के बीच वैचारिक भेद टॉक ऑफ टाउन थे। धीरे धीरे संबंध इतने बिगड़ गए कि दोनों नेताओं की दिशा अलग अलग हो गई। एक दूसरे से कटने लगे थे।सचिन पायलट ने अनशन और जनसंघर्ष यात्रा की शुरुआत अशोक गहलोत के खिलाफ की गई थी।जिसमे तीन मांगे रखी गई थी।दरअसल,इस उठापटक के बाद भी कांग्रेस हाईकमान इस घटनाक्रम को चूपी साधे देखते रहे,लेकिन दोनों नेताओं के बीच सियासी मैत्री के लिए कोई प्रयास नही किया।हाई कमान की सचिन को लेकर यह मजबूरी रही होगी कि युवा नेता की राजस्थान में जरूरत है।चुनाव सिर पर है और कांग्रेस युवाओ को एक मंच पर एकत्रित करने का कार्य सचिन बखूबी निभाना जानते है। लिहाजा,हाईकमान ने सचिन को बारबार समझा कर वापस भेज दिया जाता था। उधर, अशोक गहलोत राजस्थान की सियासत के चाणक्य है। धुरंधर गहलोत राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके है। राजस्थान में वर्तमान टर्म में कांग्रेस की वापसी कराने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओ का पिटारा खोल मतदाताओं को लुभाने और वोट दिलाने के प्रयास को तेजगति से आगे बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस के लिए दोनों नेताओं की जरुरत है। कांग्रेस इनको खोना नही चाहती है। बैठक के दौरान कांग्रेस सुलह की बात कह रही है तो क्या अशोक गहलोत सचिन पायलट को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की सिफारिश करेंगे? अगर इस काम को गतिमान रखते हुए कांग्रेस राजस्थान में आगे बढ़ती है तो कांग्रेस राजस्थान में मुकाम हासिल कर सकती है। गहलोत ने मीडिया में दिए बयान में यह कहा कि सचिन कांग्रेस में है तो चुनाव मेंमिलकर काम करते है। इससे यह प्रतीत होता है कि सचिन पर अशोक गहलोत अभी भी विश्वास जताने में असफल रहे है। कांग्रेस की साख को बचाने के लिए मनमुटाव खत्म कर दोनों नेताओं को फिर से एक मंच पर आना होगा। क्योंकि इतने समय की एक दूसरे के बीच दीवार खींची चली आ रही है। जो अब नासूर बन गई है। अशोक की कामयाबी युवा नेताओ के समर्थन में है।कई सीटो पर दमखम दिखाने वाले सचिन के पास मतदाताओं का ब्रेकग्राउंड जनसंघर्ष यात्रा में स्पष्ट दिखाई दिया था। कांग्रेस दावा कर रही है कि दोनों नेताओ के बीच कोई गीले शिकवे नही है।

# निर्माणाधीन रेलवे पुल के करीब विस्फोट, दहला एरिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत मंगरा से अमडीहा पथ पर धरधरी नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से पुल निर्माण कार्य शुरू किया गया है। शुक्रवार को लगभग अपराह्न दो बजे उक्त पुल के फाउन्डेशन खोदने में एक साथ 45 हॉल कर पत्थर विस्फोट करने वाले विस्फोटक सामग्री का स्तेमाल कर विस्फोट कर दिया गया, विस्फोट इतना जबरदस्त था कि लगभग तीन सौ मीटर की दूरी तक जमीन थर्रा गया। उक्त विस्फोटक सामग्री जिलेटिन रॉड, डिटोनेटर भी हो सकता है। ठेकेदार द्वारा उक्त विस्फोटक सामग्री कहां से कैसे घटना स्थल पर लाया गया यह जांच का विषय है।वहीं कई घर छतिग्रस्त होने के साथ ग्रामीण घायल हुए, हालांकि घायलों को हल्की चोट लगी है। बता दें कि घटना स्थल से महज डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर रेलवे पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि इतना भयंकर विस्फोट रेलवे पुल के करीब हुआ है, हो सकता है कि निर्माणाधीन रेलवे पुल क्षतिग्रस्त हुआ हो । शायद रेल प्रशासन को विस्फोट की जानकारी है या नहीं या इसे रेल प्रशासन हल्के में ले रहा है। इस संबंध में गढवा धनबाद रेलखंड के डीआरएम को संज्ञान लेने की जरूरत है।जहां पुल निर्माण कार्य पर घटना से संबंधित जानकारी पर ग्रामीण बताते हैं कि विनय कुमार शर्मा जो पेशे से शिक्षक हैं, जिनकी देखरेख में निर्माण कार्य किया जा रहा है उन्होंने बिना किसी जानकारी दिए विस्फोट कराया है। दुर्भाग्य है कि इतनी बड़ी घटना होने के दौरान अबतक कोई भी संबंधित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच पाए हैं ।इस संबंध में ग्रामीणों ने जिले के कप्तान अंजनी अंजन और उपायुक्त भोर सिंह यादव को आवेदन देकर कर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## बार-बार बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला मोहल्ले का बार-बार ट्रांसफार्मर उड़ जाने से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 को जाम कर दिया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रहा जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए जामकर्ताओं ने बताया की टमटमटोला मोहल्ले का ट्रांसफार्मर पिछले माह पहले से खराब था ।एक पेज काम कर रहा था जिससे पूरे मोहल्ले में बिजली जल रही थी। जिससे हमेशा लो वोल्टेज रहता था। कई बार इसकी शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई तब जाकर तीन दिन पूर्व मोहल्ले में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था। लेकिन ट्रांसफार्मर चार्ज होने के बाद उसमें जब लोड दिया गया तो वह जल गया। आगे ग्रामीणों ने बताया की बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से हम सब काफी परेशान हैं गर्मी के दिन और ट्रांसफार्मर जल जाने से काफी परेशानी हो रही है। वही जाम की सूचना पाकर बिजली विभाग के एसडीओ ने ग्रामीणों से टेलीफोन पर बात की और देर शाम तक नया ट्रांसफार्मर लगवाने की बात कही तब जाकर जाम समाप्त हुआ। मौके पर रामकुमार गुप्ता, रवि रजक, संजय कुमार, मुन्ना कुमार, जगदीश कुमार, अशोक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## चारों धाम से घूम कर आए श्रद्धालुओं ने गिद्धौर पंचायत में स्थित देव स्थलों का किया भ्रमण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत गांव के लोगों ने उत्तर भारत के सभी तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर शनिवार को अपने गांव वापस लौटे। जहां पंचायत में स्थित सभी देव स्थलों का गाजे-बाजे के साथ भ्रमण किया। एवं पूजा अर्चना श्रद्धालुओं ने किया। प्रखंड के संपूर्ण वृद्धि हो, सभी लोगों का सुख समृद्धि से परिपूर्ण रहे, के साथ अपने बच्चों के लिए भी श्रद्धालुओं ने मन्नत मांगी। पुजा अर्चना करने के बाद सभी श्रद्धालु अपने अपने घर वापस आए। ए सभी श्रद्धालु 7 मई को अपने गांव से भ्रमण के लिए गए थे। और 28 दिन में चारों धाम का तीर्थ स्थल घूमकर अपने गांव सुरक्षित पहुंचे। श्रद्धालुओं का नाम देव प्रसाद पांडेय गीता देवी सलगा गांव निवासी, विशेश्वर राणा, काबिया देवी, बालेश्वर दांगी, विन्दवा देवी, रामजीत महतो, सोनेश्वर दांगी, पनवा मसोमात गिद्धौर निवासी व दर्जनों श्रद्धालु शामिल हैं।

## अनियंत्रित कार ने पेड़ में मारी टक्कर घटनास्थल पर चालक की हुई मौत



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत गांगपुर के समीप कर्बला स्थित एक अनियंत्रित कार ने देर रात 11:30 पेड़ में जोरदार टक्कर मारी। जिससे घटनास्थल पर ही चालक की मौत हो गई। टक्कर इतना जोरदार था कि पेड़ टूटकर 20 फीट दूरी जा गिरी है। मृतक व्यक्ति का पहचान आधार कार्ड के माध्यम से प्रमोद सिंह के पुत्र संदीप कुमार सिंह 25 वर्षीय की पहचान हुई है। जिसका पता ग्राम लक्ष्मणपुर पोस्ट उटा थाना सदर चतरा है। मृतक युवक अपने गांव से हजारीबाग की ओर जा रहा था। गाड़ी नंबर जेएच 09 एडी 9021 है।

## सहकारी बैंक से बेहतर विकल्प कोई बैंक नहीं हो सकता : निदेशक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के हजारीबाग रोड स्थित झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में शनिवार को बैंक सदस्यो व समिति सदस्यों के लिए समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहकारी बैंक के नवनिर्वाचित निदेशक कौशलेंद्र सिंह शामिल थे। इस दौरान सिमरिया शाखा प्रबंधक अविनाश जायसवाल के नेतृत्व में बैंक सदस्य और समिति सदस्यों ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि एक अच्छा सहकारी बैंक होना समय और देश की मांग है।वर्तमान में सहकारी बैंक को माइक्रो फाइनेंस और बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से मिल रहे चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाएगा।बैंक को आधुनिक तकनीकी एवं आधारभूत संसाधनों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित निदेशक मंडल के अध्यक्ष विभा सिंह सहकारी बैंक, लैम्स व पैक्स के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा बैंक लगातार विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। बैंकिंग प्रणाली पैक्स के जड़ो को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा की सहकारी बैंक से बेहतर विकल्प और कोई नही हो सकता है। आनेवाला समय में सहकारी बैंकिंग प्रणाली में लोगो का विश्वास बहाल होगा। चतरा जिला सोसाइटी के आधुनिकीकरण, कंप्यूटर राइजेसन और ऑनलाइन माध्यमों से जोड़ा जाएगा। कार्यक्षेत्र में विस्तार एवं वित्तीय पारदर्शिता को बहाल करने के लिए चरणबद्ध प्रयास किया जाएगा। निदेशक ने चतरा जिला के इटखोरी सहित राज्य में 15 शाखाएं खोली जाएगी। बैंक को एक माह के अंदर मोबाइल बैंकिंग रूप से जोड़ा जाएगा।वही शाखा प्रबंधक श्री जायसवाल ने बताया कि जिले के हिरींग पैक्स के अध्यक्ष रह चुके निदेशक कौशलेंद्र कुमार सिंह 27 मार्च 2023 को रांची में संपन्न बोर्ड ऑफ डायरेटर के चुनाव में 15 सदस्यीय निदेशक मंडल में निदेशक चुने गये है। उन्होंने बैंक के उत्थान और विकास पर चर्चा की। मौके पर चतरा शाखा प्रबंधक राजेश शुक्ला, सरयू राणा, वकील प्रसाद साहू, विजय कुमार गिरी, गोबिंद ठाकुर, विजय कुमार पांडेय, सुवेश राम, बिरेंद्र साहू, नागेश्वर साव, तालेश्वर यादव, सकेंदर महतो, जोधन महतो, श्याम सुंदर लकड़ा, धनेश्वर प्रजापति सहित कई बैंक कर्मी और समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# चतरा नगर परिषद के अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में चतरा नगर परिषद अन्तर्गत क्रियान्वित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने बाजारटांड़ में सब्जी मार्केट कॉम्प्लेक्स, हेरुआ डैम के गहरीकरण, नायकी तालाब के जीर्णोद्धार समेत चल रहे सभी निर्माण कार्यों की अघतन स्तिथि की जानकारी दी तथा जिन योजनाओं के कार्यान्वयन में समस्या आ रही है उन समस्याओं से अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा संज्ञान में लाई गई समस्याओं के निराकरण हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। इसी क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई और उन्होंने बताया कि मिशन लाइफ के तहत कुल 06 RRR (रिड्यूस, रियूज़, रीसायकल) सेंटर खोले गए हैं जहाँ पुराने कपड़े, पुरानी किताबें, प्लास्टिक की वस्तुएँ एवं पुराने जूते-चप्पल लिये जाते हैं जहाँ से उन्हें रिड्यूस, रियूज़ या रीसायकल की व्यवस्था की जाती है। बैठक में राजस्व, सैरात बंदोबस्ती, प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) समेत अन्य ययोजनाओं के अंतर्गत किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए उप विकास आयुक्त ने राजस्व संग्रहण नियमित रूप से करने का निर्देश दिया तथा सभी अन्य योजनाओं हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया गया।उक्त बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, सीटी मैनेजर रंजीत सिंह समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## काम की तलाश में गए युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र ग्राम पुरानडीह निवासी अल्बर्ट ब्रिजिया पिता लुकस ब्रिजिया 10 दिन पूर्व ही काम की तलाश में केरल गया हुआ था। जहां ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। जिसकी सूचना पर पिता लुकस ब्रिजिया अपने पुत्र की शिनाख्त कर शव को लाने निकल चुके हैं। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अल्बर्ट 2 बच्चों समेत अपने परिवार का इकलौता सहारा था। महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में रोजगार के घोर अभाव के कारण लगातार यहां से लोगों का पलायन हो रहा है। गर्मी के दिनों में पानी के अभाव में कृषि भी नहीं हो पाती, वही सरकारी योजनाएं मनरेगा एवं अन्य निर्माण कार्य भी बहुत कम होने से लोगों के सामने बहुत ही कठिन आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसका लाभ उठाते हुए बाहर और गांव के विचोलियां हमेशा यहां से लोगों को काम दिलाने के लिए बाहर ले जाते हैं। जहां इनके मानदेय का एक बड़ा हिस्सा कमीशन के रूप में हड़प जाते हैं। एक और सरकार जहां प्रत्येक मजदूर को 100 दिन का रोजगार देने की गारंटी देती है वही प्रखंड के मजदूरों की हालत देखी जाए तो सरकार का यह दावा पूरी तरह झूठा और भ्रमक दिखाई पड़ता है।

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की बेटी साक्षी के हत्यारे को फांसी दिलाए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त भोर सिंह यादव को सौंपा। भारत में एक महिला राष्ट्रपति होने के बाद भी दिल्ली में एक हिन्दू बेटी साक्षी की हत्या हो जाना यह प्रदर्शित करता है, कि भारत मे हिन्दू खतरे में हैं,प्यार के नाम पर मासूम हिंदू बहन बेटियों की हो रही नृशंस हत्या के विरुद्ध केंद्रीय कानून- बनाए जाने के सम्बंध में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष विनय कान्त पांडेय, वीरेंद्र प्रसाद, बसंत प्रसाद, अजय भूईयां, नागमणि ने संयुक्त रूप से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है, कि आए दिन भारत के अंदर कट्टरवादी इस्लामिक मानसिकता रखने वाले लोग अपना नाम बदलकर व धर्म छिपाकर मासूम हिंदू बहन बेटियों को लव जिहाद के नाम पर बहला फुसलाकर और उनका धर्मांतरण करवाकर नरक की जिंदगी जीने के लिए विवश करते हैं। हिंदू लड़की के द्वारा इस्लाम स्वीकार न करने पर उसकी बर्बरता पूर्ण मौत के घाट उतार दिया जाता है। भारत में बड़े स्तर पर हिंदू लडकियों को लव जिहाद के तहत षडयंत्र में फंसाकर धर्मांतरण और मौत के मुह में धकेला जा रहा है। ये बर्बर कृत्य करने के लिए भारत के मदरसों और मस्जिदों में मुस्लिम युवाओं को प्लानिंग के तहत शिक्षा दी जाती है ऐसी राक्षसी प्रवृत्ति रखने वालों को समाज में जीने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे बर्बर लोगों के खिलाफ संसद में सख्त कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। अपनी असली पहचान व धर्म छुपाकर हिंदू लड़कियों को लव जिहाद के तहत प्रेमजाल में फंसाने वाले कट्टरपंथी लोगों के खिलाफ संसद में कानून बने। जिसके तहत अपराध सिद्ध होने पर ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा मिले।नाबालिग हिंदू बेटी साक्षी को बर्बरता पूर्ण मौत के घाट उतारने वाले साहिल के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी की सजा दी जाए। जिहाद की शिक्षा देने वाले केंद्रों व व्यक्तियों की जांच उपरांत पूर्णतः प्रतिबंध लगे। निम्नवत मांग शामिल हैं।

## विधायक ने किया ओरसापाठ रोड का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत हामी मोड़ से ओरसापाठ तक लगभग 65 करोड़ की लागत से 13.4 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण का शिलान्यास मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत कराई गई। इस दौरान ओरसा पंचायत के ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। वर्षो से ओरसा पंचायत की ग्रामीण इस सड़क की मांग को लेकर प्रयासरत थे। ओरसा पंचायत के लगभग सभी गांव सड़क नहीं होने की वजह से प्रखंड मुख्यालय से कहीं ना कहीं कटे कटे नजर आते थे। सड़क व्यवस्था नहीं होने के कारण विकास कार्य भी पूरी तरह बाधित थी। वही इस सड़क के निर्माण से लोगों को भी एक आस जगी है कि अब उनके क्षेत्र का भी चौतरफा विकास होगा। इस दौरान ओरसा पंचायत की मुखिया अमृता देवी के द्वारा जलजली से डुमरडीह तक सड़क निर्माण, ओरसा तलाई नदी से लिफ्ट करके पाइप लाइन द्वारा जलापूर्ति की मांग पत्र विधायक रामचंद्र सिंह को सौंपा साथ ही ओरसा पंचायत की जनता की ओर से रोड निर्माण के लिए हार्दिक बधाई दी। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की ओरसा पंचायत के ग्रामीणों ने रोड बनाने की मांग को लेकर काफी संघर्ष किया है। मुख्यालय आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर ने कहा विधायक रामचंद्र सिंह जनकल्याण कार्यो के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। वही कार्यक्रम के दौरान विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा जनसभा लगाकर उपस्थित लोगों की समस्याओं को भी सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, प्रमुख कंचन कुजुर उप प्रमुख अभय मींज, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सदस्य मोहम्मद इस्तेखार, अजीतपाल कुजुर, रामनरेश ठाकुर, कोमल किंडो समेत महुआडांड़ प्रखंड के ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिप सदस्य जोसिमा खाखा को ज्ञापन देकर कस्तूरबा स्कूल के शिक्षकों ने की समायोजन की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कस्तूरबा स्कूल की शिक्षिकाओं ने विधायक भूषण बाड़ा के नाम जिप सदस्य जोसिमा खाखा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षिकाओं ने कस्तूरबा स्कूल में कार्यरत अंशकालिक अथवा घण्टी आधारित शिक्षकों की सेवा अपग्रेड कराने की मांग की है। साथ ही मासिक मानदेय में बदलते हुए सेवा समायोजन कराने की मांग की है। शिक्षिकाओं ने ज्ञापन में कहा कि उनकी नियुक्ति सरकारी प्रक्रियाओं से हुई है। वर्ष 2011 से लगातार अल्प मानदेय में काम करते हुए भी कस्तूरबा स्कूल का रिजल्ट राज्यभर में उत्कृष्ट रहा है। इस पर जोसिमा खाखा ने कहा कि कस्तूरबा स्कूल के शिक्षकों की मांगे जायज है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में कस्तूरबा स्कूल की शिक्षिकाओं का योगदान अहम रहा है। वे विधायक से शिक्षिकों को स्थायी पदों पर समयोजन कराने की मांग करेंगे। साथ ही अपने स्तर से भी हर सम्भव सहयोग करेंगे। जोसिमा ने कहा कि वे कस्तूरबा स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ है।

## सड़क दुर्घटना में पत्रकार की मौत



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में मनिका प्रखंड के पत्रकार कौशल किशोर पांडे की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कौशल किशोर पांडे अपनी अल्टो कार से बालूमाथ की ओर से मनिका जा रहे थे। इसी दौरान नवादा ग्राम के पास अनियंत्रित होकर कार पेड़ से जा टकराई। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया। जहां रांची ले जाने के क्रम में मांडर के पास उन्होंने दम तोड़ दिया। बता दे की कौशल किशोर पांडे मनिका प्रखंड के एक अखबार के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मधुलिका रानी ने चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 जुन शनिवार को कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार मे पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा के तत्तावधान में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो सह उन्मुखीकरण कार्यशाला उप प्रमुख मधुलिका रानी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया। जिसमें उप प्रमुख द्वारा कहा गया की माहवारी के विषय में समाज में जो गलत धारणा है उसे दूर करना है माहवारी होना कोई बीमारी या शर्म की बात नहीं है बल्कि खुशी की बात है की कोई किशोरी की मासिक चक्र आना शुरू होता तो यह स्वस्थ रहने की प्रतीक है अपनी बेटियों के साथ माहवारी के विषय में एक दोस्त बन कर बात करने से माहवारी के आरंभिक चरण शुरुआती दिन में किशोरी को बहुत लाभ मिलेगा समाज में माहवारी को लेकर विभिन्न प्रकार का भ्रांतियां फैली हुई है जैसे आचार को छूने से खराब हो जाएगा या खाना बनाने से खाना अशुद्ध हो जाएगा इस तरह की बहुत सारे नाम दिया है जिसे हम चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो महामारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से दूर कर सकते हैं कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और ग्राम स्तर पर शत प्रतिशत स्वच्छता कवरेज को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सभी जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, और आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ किया गया। मौके पर जिला समन्वयक परवेज आलम, उप प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड समन्वयक पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल खालिक अंसारी, मुखिया सुमन उरांव, मुखिया चंद्रमणि, मुखिया अरविंद उरांव, जल सहिया दीदी आंगनबाड़ी सेविका एवं स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

# मिशन लाईफ के प्रारंभिक दौर अंतर्गत आयोजित किये गए विभिन्न कार्यक्रम

**➲ पर्यावरण संरक्षण की जन जागरूकता हेतु साइकिल रैली, पौधारोपण व पर्यावरण सफाई का किया गया आयोजन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मिशन लाईफ कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक दौर में 03 जून से 05 जून 2023 तक व्यक्तिगत एवं समुदायिक स्तर पर पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने एवं उसके लिए विभिन्न स्तरों पर समुदाय को प्रेरित किया जाना है । इसे लेकर आज प्रातः 6:00 बजे पोस्ट ऑफिस चौक से हेरूआ नदी के छठ घाट तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के हेरूआ नदी के छठ घाट पहुंचने के उपरांत छठ घाट स्थल में उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत सभी उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण साफ सफाई के तहत उक्त परिसर में मौजूद कूड़े की साफ सफाई की गई। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन, उत्तरी वन प्रमण्डल पदाधिकारी राहुल मीना, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## ओडिशा के बालासोर के बहानगा में हुए रेल हादसे में चतरा जिले के सहायतार्थ जिला प्रशासन चतरा ने जारी किए हेल्पलाइन नम्बर

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओडिशा के बालासोर जिले के बहानगा में गत 02 जून 2023 को हुए रेल हादसे में चतरा जिले के किसी भी जन की हताहत होने की सूचना हो तो सहायतार्थ उनके परिजन अपने क्षेत्र के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी या अंचल अधिकारी से संपर्क स्थापित कर सकते है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का मोबाइल न0 चतरा - 9304622453 / 7764901566, हंटरगंज 8860559548 / 9508486569, ईटखोरी - 9798511031 कान्हाचट्टी-8709724336, कुन्दा - 8210876160,मयूरहंड 9431531382 / 9199872725, प्रतापपुर - 7091647906 गिद्धौर - 9431309517, लावालौंग - 8340546057, पथलगड्डा - 9431798686 सिमरिया - 7463886125, टंडवा - 9123251466 अंचल अधिकारी का मोबाइल न0 - चतरा - 8271987609, हंटरगंज -9431364208 ईटखोरी 7482032046 / 9470359648 कान्हाचट्टी - 8709724336, कुन्दा - 8210876160, मयूरहंड 9431531382 / 9199872725, प्रतापपुर - 7079923413 गिद्धौर-7667790569, लावालौंग - 8340546057, पथलगड्डा - 9431798686 सिमरिया - 9431537106, टंडवा 7903163763 है।

## संक्षिप्त खबरें

### सभी जलमीनारों का मरम्मती किया गया

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महीनों से पानी की समस्याओं का दन्श झेल रहे सांकुल के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत । प्रखंड अंतर्गत सांकुल पंचायत में मुखिया सुमन भारती पंसस अंजु कुमारी उप- मुखिया ज्योति देवी और सभी वार्ड सदस्यों के पहल से पूरे पंचायत क्षेत्र में पानी की समस्या दूर हुई है । सांकुल पंचायत में नौ सोलर जल मीनार को मरम्मत कर ठीक किया गया है । जिससे ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है । अब ग्रामीणों को पानी के लिये दूर-दराज भटकना नहीं पड़ रहा है । वहीं ग्रामीणों को घर के नजदीक पानी मिलने से बड़ी राहत महसूस कर रहे है । सोलर जल मीनार मरम्मती के अलावा पंचायत में दो नए सोलर जल मीनार का निर्माण किया गया ढ्ढ सांकुल पंचायत के बाल्मीकि नगर में लखिदर राम घर के समीप सोलर जल मीनार,खेटा, आकाश मास्टर घर के समीप, पतरातू खटाल का जल मीनार, दिनेश भूईया घर के नजदीक,डीजल शेड मार्केट,शिव प्रसाद घर के समीप, सिंह मुहल्ला का सोलर जल मीनार एवं कब्रिस्तान मुहल्ला सोलर जन मीनार को मरम्मत करके ठीक किया गया । साथ ही साथ ऊपरटांड रिकयासन टोला के टुनटुन साव घर के समीप एवं डीजल कॉलोनी दुर्गा मंडप के समीप नया सोलर जल मीनार का निर्माण किया गया। पत्रकारों के सवालों के जवाब में मुखिया सुमन भारती ने बताया की पंचायत की समस्याओं के लिए हमेशा तत्पर खड़ी रहती हूं एवं आने वाले दिनों में भी पंचायत के लोगों को समस्याओं को इसी तरह दूर करती रहूंगी।

### समाजसेवी सुजीत पटेल के पहल से चालू हुआ जलापूर्ति

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड अंतर्गत पीटीपीएस कटिया पंचायत स्थित रोड नंबर 08 महुआगढा टोला में लगभग 25 से 30 घरों में रह रहे सैकड़ों लोगों के समक्ष विगत पाँच दिन पहले,पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति द्वारा वहाँ वर्षों से पीटीपीएस के पाइप लाइन से हो रही जलापूर्ति को काट दिया गया था। जिससे वहां रह रहे सैकड़ों लोगों के समक्ष इस भीषण गर्मी में पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसको लेकर वहां के लोगों की शिकायत पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने पेयजल विभाग के अभियंता से बात कर लगभग 2 वर्षों से बंद पड़े एकमात्र चापाकल को दुरुस्त करवाकर जलापूर्ति चालू कराया। पानी के वैकल्पिक व्यवस्था पाकर ग्रामीणो ने खुशी जाहिर करते हुए समाजसेवी सुजीत पटेल को धन्यवाद दिया।मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य तेरूस देवी,मुकुंद पाहन,गीता देवी,ललिता देवी,प्रमिला देवी,सहित राहुल,राजू एवं अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### सांसद की पहल पर आदिवासी युवक को मुहैया हुआ उचित इलाज

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में चलाए जा रहे महा संपर्क अभियान के निमित्त शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा अपने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत जायजा लेने रामगढ़ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे थे जहां उन्हें माह भर पहले चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल दुसाध मोहल्ला निवासी श्याम मुंडा का आभाव और गरीबी के कारण उचित इलाज न मिलने की जानकारी मिली थी जिसको उन्होंने गंभीरतापूर्वक लेते हुए वहां उपस्थित सादर हॉस्पिटल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार घायल युवक को उचित इलाज मुहैया करवाने का निर्देश दिया था । उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति जारी कर भाजपा के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की जानकारी मिलने के बाद सांसद महोदय ने सांसद कार्यालय से समन्वय स्थापित कर युवक के इलाज से जुड़ी हर मदद मुहैया करवाने की जिम्मेवारी मुझे सौपी थी,जिसके तहत आज मैने खुद घायल युवक को शनिवार को डॉ प्रभात कुमार,सर्जन डॉक्टर उदय से मिलकर इसका एक्सरे,अल्ट्रासाउंड सहित अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया करवाया । इतना हीं नहीं सीएस साहब ने कहा है की ऐसी घटनाओं पर कल्याण विभाग से मिलने वाली राशि की अनुशंसा वो कल्याण विभाग से इस पीड़ित युवक आर्थिक मदद भी करेंगे।जिसके लिए युवक की मां कालो देवी ने सांसद का आभार जताया और कहा की मैं अपने घायल बेटे के ईलाज के लिए पैसे के अभाव में भटक रही थी पर सांसद महोदय का धन्यवाद जो उन्होंने हमारी मदद कर हमे चिंतामुक्त किया। सत्यजीत ने बताया की इसके पहले भी करोना काल में आग से पूरी जली हुई एक दलित लड़की खुशी पासवान के ईलाज हेतु सांसद जयंत सिन्हा जी ने पहल की थी जिसके कारण आज वो दलित लड़की खुशहाल जीवन जी रही है।

### एजेकेएसएस ने सिरका प्रबंधन को मजदूरों की समस्या को ले 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) के द्वारा शनिवार को सीसीएल सिरका प्रबंधन के पीओ श्रीकांत शर्मा, पर्सनल अधिकारी सुप्रिया लक्ष्मी को मजदूरों के समस्या संबंधी 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा हैं। इसमें कहां है कि मजदूरों के 6 वर्ष पूर्व के कोयला खान भविष्य निधि के जमा राशि को दिखाया जाए, कोलयरी सिरका के कर्मचारियों के 2023 का वार्षिक आमदनी लेखा-जोखा उत्तर दिया जाए, मेडिकल बिल प्रत्येक माह वेतन के साथ भुगतान हो, सिरका परियोजना कर्मचारियों को नगर परिषद के अनुसार एचआरए दिया जाए, हर सप्ताह हॉलरोड में ग्रेडर मशीन चला चौड़ाई व ग्रेडिंग अच्छी की जाए, सभी एचईएमएम डंफरो में साइड लुकिंग ग्लास लगे, मशीनों की रख-रखाव मरम्मत कार्य ठीक से हो आदि मांगे शामिल हैं। 15 दिनों के अंदर यूनियन से वार्ता और औद्योगिक शांति बनाए रखने की बात कहीं है।

# बिरसा बस स्टैंड जीर्णोद्धार कार्य का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** डीएमएफटी के तहत रामगढ़ शहर के बिरसा बस स्टैंड में हो रहे जीर्णोद्धार कार्यो का शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों का जायजा लेने के क्रम में आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से फाउंडेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने कार्य में लगे मानव संसाधन का जायजा लेने के क्रम में जिडको के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने एवं गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ससमय कार्य पूर्ण कर यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने अधिकारियों को कार्यों के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर जिडको के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।



राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के बगल में बसा रामगढ़ शहर अपने आप में खास है। अगर बात की जाए रामगढ़ शहर के बिरसा बस स्टैंड की तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बसों से बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल सहित अन्य राज्यों तक का सफर करते हैं। उपायुक्त के जनता दरबार सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों द्वारा बस स्टैंड रामगढ़ में सुविधाओं की मांग पर उपायुक्त ने विशेष ध्यान दिया एवं इस मामले को डीएमएफटी के न्यास परिषद में रखा गया। न्यास परिषद से अनुमोदन के उपरांत तीव्र गति से विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी कर बिरसा बस स्टैंड जीर्णोद्धार परियोजना का शिलान्यास माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा किया गया है। बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत यात्रियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध होंगी कार्यो के तहत बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ में यात्रियों के लिए दो डॉरमेट्री एवं वाहन चालकों एवं अन्य कर्मियों के लिए अलग से एक डोरमेट्री का निर्माण कराया जाएगा वही कार्य पूर्ण होने के उपरांत एक बार में बस स्टैंड में 16 बसें खड़ी हो सकेंगी वही बस स्टैंड में दो रेस्टोरेंट एवं 12 अलग-अलग किओस्क (छोटी-छोटी दुकानें) का संचालन किया जाएगा।जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ में यात्रियों के लिए क्लॉक रूम की सुविधा उपलब्ध होगी जहां यात्री अपने सामान को रखकर जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। इन सबके अलावा उपायुक्त द्वारा गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को कई अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## अवैध कोयला लदा पिकअप वैन व दो ट्रैक्टर जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के सुरक्षाकर्मियों के गश्ती दल ने अवैध कोयला लदा एक पिकअप वैन को धर दबोचा। वैन नंबर जेएच 13एच 1330 है। वैन में लगफग 40 से 50 बोरिया कोयला लदा है। पकड़े गए वैन को चरही पुलिस को सौंप दिया गया है । यह घटना शुक्रवार की रात्रि 10 बजे की है। इस संबंध गश्ती दल के सुरक्षाकर्मी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तापिन नॉर्थ के पास एक पिकअप बैन में अवैध कोयला लादा जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए होमगार्ड के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन सहित चालक को धर दबोचा।

वहीं गुप्त सूचना के आधार पर वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने गुरुवार को नौनियाबेड़ा जंगल से अवैध कोयला लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है।

## एनटीपीसी ने किया प्लास्टिक प्रदूषण से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के पर्यावरण विभाग द्वारा मिशन लाइफ के तहत पिछले कई दिनों से कई कार्यक्रम चलाई जा रही है। क्विज कंपटीशन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता के अलावा अब विभाग के द्वारा पिछले 2 दिनों से हजारीबाग और बड़कागांव क्षेत्र के कई इलाकों में नुक्कड़ नाटक आयोजित की जा रही है। पहले दिन जहां हजारीबाग के त्रिमूर्ति चौक एवं गांधी मैदान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया वहीं दूसरे दिन माइंस एरिया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक मुख्य रूप से प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले



नुकसान के बारे में केंद्रित है। नुक्कड़ नाटक के पहले दिन आरंभ से पहले अशोक कुमार यादव क्षेत्रीय अधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हजारीबाग द्वारा वहां मौजूद लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की शपथ दिलाई गई। आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से पहले वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मिशन लाइफ अभियान के तहत लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले खतरे के बारे में अवगत कराया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक आयोजित करने का एक और मकसद है कि लोगों को प्रेरित किया जा सके कि वे अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाएं जिससे प्लास्टिक का उपयोग कम से कम हो सके और पर्यावरण को कम से कम क्षति पहुंचे। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा इससे पहले भी पर्यावरण के प्रति सजगता दिखाते हुए परियोजना प्रभावित इलाकों में सैकड़ों वृक्ष लगाए गए हैं साथ ही गांव में भारी संख्या में फलदार वृक्ष भी लगाए गए हैं।

## परी फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कपड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** देवांगना चौक स्थित सेवा रसोई परिसर में परी फाउंडेशन द्वारा दिन शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कपड़ा बांटा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि नव भारत जागृति केंद्र के अध्यक्ष सतीश गिरजा एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने शामिल होकर अपने हाथों से जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण किया। इससे पूर्व हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एवं होस्पिटल के सचिव प्रवीण श्रीनिवास एवं परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता के नेतृत्व में बुके भेंटकर एवं शोल ओढाकर अतिथियों का सत्कार कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने जरूरतमंदों में कपड़े के वितरण से काफी प्रशन्न हुए एवं परी फाउंडेशन की इस पहल की जमकर प्रशंसा व सरहाना की। उक्त अवसर पर जरूरतमंद निशुल्क कपड़े पाकर काफी खुश नजर आए। जरूरतमंदों ने हृदयतल से परी फाउंडेशन का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि धन्यवाद दुंगा परी फाउंडेशन को जिसने इस प्रकार का कार्यक्रम को सोचा। साधन बहुत लोगों के पास होता है। लेकिन सोच नहीं होने के कारण उसका इमप्लिमेंट नहीं हो पाता है। जिन्होंने भी इस प्रकार सोचा बहुत-बहुत धन्यवाद। जिन्ह बच्चों ने इन कपडों को संजोकर रखा एवं आज सहयोग देने कार्य कर रहे हैं। उन्हें भी बहुत बहुत धन्यवाद। इस इलाके के सबसे पीछडा वर्ग के लोगों को चुना है। हमलोग उम्मीद करेंगे कि यह जो कपड़ा मिल रहा है। उसका आप सभी सदुपयोग करेंगे। जायसवाल ने कहा कि डॉ प्रवीण श्रीनिवास के सहयोग से यहाँ सेवा रसोई का संचालन हो रहा है। हजारीबाग, कोडरमा एवं रामगढ़ सहित कई जिला के लगभग 30-40 हजार विधार्थी कोर्रा, मटवारी देवांगना एवं नुतन नगर में निवास करते हैं।

## पर्यावरण संरक्षण को लेका नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** मिशन लाइव के तहत हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के ओर से विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक में नुक्कड़ नाटक के द्वारा वन संरक्षण,पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। वनांचल कला केंद्र अरकोसा लोहरदगा से आए हुए कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं संगीत के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में हजारीबाग से आए सुरेंद्र सिंह के द्वारा पर्यावरण संबंधी गीत की प्रस्तुति की गई कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब उपस्थित थे।कार्यक्रम में ग्रामीणों से अपील की गई की सभी लोग अपनी खाली भूमि पर पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षण करने में महत्वपूर्ण योगदान दें,क्योंकि अगर पर्यावरण संरक्षित रहेगा तो मानव का अस्तित्व बना रहेगा। साथ ही साथ जंगलों को नहीं काटने,आग नहीं लगाने की,ऊर्जा



संरक्षण करने,कचड़ा प्रबंधन करने,जल संरक्षण करने तथा खेती में जैविक खाद का उपयोग करने की अपील कि गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनांचल कला केंद्र के कलाकार दीप नारायण सिंह,देवनाथ महतो, प्रवीण उरांव,विजय कुमार महतो, रितिका देवी,लक्ष्मी देवी,बसंती देवी,फूलों उराईन वन विभाग के वनरक्षी रवि कुमार,विनोद कुमार गंझू,उदय कुमार तथा विष्णुगढ़ वन समिति अध्यक्ष दशरथ राय एवं अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।

# 10वीं एवं 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एकेडमी फॉर क्रिएटिविटी एंड एक्सीलेंस के द्वारा पैराडाइज रिजॉर्ट में 10वीं एवं 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डीएवी के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार संत जेवियर्स स्कूल के उप प्राचार्य देवव्रत सर, डीएवी स्कूल की प्राचार्य कविता मैम यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक उपेंद्र नारायण , युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने उपस्थित हजारीबाग के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को मोमेंटो मेडल एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल के



निदेशक जेपी जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षाविद अजय जैन एवं सीमा जैन के द्वारा विगत 2 वर्षो से निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर अजय जैन एवं सीमा जैन ने कहा कि बच्चों को सम्मानित कर उन्हें खुशी एवं गर्व की अनुभूति होती है। हजारीबाग के बच्चे सर्वोच्च मुकाम को हासिल करें और विभिन्न क्षेत्रों में अपने अभिभावकों का नाम रोशन करें यही उनकी दिली इच्छा है। इस मौके पर उपायुक्त हजारीबाग ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उपस्थित बच्चों को सिविल सेवा की परीक्षा में सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए साथ ही उन्होंने एकाग्रता समय प्रबंधन लक्ष्य के प्रति सकारात्मक सोच के विषय में विस्तृत तरीके से बताया।

डीएवी के पूर्व प्राचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को सफलता से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए। इस अवसर हरक चंद जैन, रुप चंद सेठी, विजय लुहाड़िया, कराटे प्रशिक्षक उदय कुमार, स्वरूप चंद जैन अधिवक्ता, कमल जैन विनायका, हर्ष अजमेरा, दिनेश खंडेलवाल, धीरेंद्र सेठी, टोनी छाबड़ा, नीरज जैन ,सृष्टि जैन एवं अन्य विद्यार्थी गण मौजूद थे। इस अवसर पर 500 से भी ज्यादा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में टॉप टेन होंगे सम्मानित

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के द्वारा आज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को इसकी तैयारी की समीक्षा बैठक सी आई सी बस्ती में मंच के सचिव प्रो शाहनवाज खान के आवास में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप करमाली ने की और संचालन प्रो शाहनवाज खान ने किया। इस संबंध में मंच के प्रवक्ता सुशील कुमार ने बताया कि झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षा में क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों क्रमशः श्री नारायण उच्च विद्यालय, बरकाकाना, सी सी एल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना, सिउर उत्तक्रमित उच्च विद्यालय, सिउर, आर्य बाल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना और मॉडर्न हाई स्कूल, चैनगड़ा के दस दस टॉपरों को इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। समीक्षा बैठक में मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, उपाध्यक्ष सोनी देवी, मो सलीम, देवकी बेदिया, प्रभुदयाल महतो, मोहित मुंडा, ब्रह्मदेव महतो, शिबू महतो आदि उपस्थित थे।

### तैराकी प्रतियोगिता विजेता को दिया गया मेरिट सर्टिफिकेट व पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के द्वारा जूनियर सब जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप के विजेता तैराकों एवं प्रतिभागियों को डॉल्फिनो रिजॉर्ट ओकनी में प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतियोगिता मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाले जिले के तैराकों को राज्य स्तरीय जूनियर सब जूनियर प्रतियोगिता में के लिए भेजा जाएगा । इस अवसर पर तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि जिले सीनियर और जूनियर दोनों तैराकी प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष कराया जाएगा ।उपाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा की तैराकों को हर संभव मदद किया जाएगा। प्रमाण पत्र वितरण तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा उपाध्यक्ष विकास कुमार सचिव प्रहलाद सिंह, सह-सचिव मनु कुमार राणा, के हाथों किया गया मौके पर गौरव कुमार , कौशल कुमार , सत्यम कुमार, हर्षित कुमार, रवि कांत, सीताराम साहू, रवि सिंह, अजय मिश्रा ,तरंग भारती ममता कुमारी सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे ।

### विकास तीर्थ से भाजपा ने किया महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम की शुरूआत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित हज़ारीबाग जिले के बूथ,मंडल,विधानसभा एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता चौक क्षितिज अस्पताल के निकट फोर लेन से विकाश तीर्थ के साथ कि गई।मौके पर सांसद जयंत सिन्हा व सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कार्यक्रम की सुरुवात भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में की गई।जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने उपस्थित लोंगो को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में कांग्रेस पार्टी को हराकर देश मे भाजपा सत्ता में आई।श्री यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब,असहाय जनता को मिल रहा है।सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि आज हमलोग सौभाग्यशाली है कि नौ वर्षो में देश मे विकाश की गंगा बही है।पिछले सत्तर सालों में कोई ऐसा नही था जो कि आर्टिकल 370 को खत्म किया और जम्मू कश्मीर को हमारे सीने से जोड़ दिया।श्री सिन्हा ने कहा कि नौ साल बेमिसाल दुनिया भारत से काँपती है।सेवा,सुशाशन,गरीब कल्याण इन तीन सिद्धांतो को लेकर हम आगे बढ़ रहे है।सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के नौ साल पूरे हुए विकास का एक भी आयाम ऐसा नही है जो छुटा होगा।हज़ारीबाग में पाँच से छह रास्ते ऐसे है जो अलग अलग जिलों को प्रदेशो को एवं देश के अन्य हिस्सों को जोड़ता है।आज के तारीख में सिक्स लेन हो चुका है।ये प्रधानमंत्री की देन है।श्री जायसवाल ने कहा कि किसी नेता में विज़न हो तो वह अपने क्षेत्र में परिवर्तन कर सकता है।

## भारतीय मजदूर संघ प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भारतीय मजदूर संघ की बैठक शनिवार को पुराना बजाज शो रूम में बने सभगार में किया गया।बैठक की अध्यक्षता भामसं हजारीबाग जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने किया ने किया जबकि संचालन भामसं भवन निर्माण जिला अध्यक्ष सुरेश राम ने किया।बैठक में बतौर मुख्यातिथि भामसं हजारीबाग जिला मंत्री नीरज सिंह समेत जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिला संयुक्त सचिव गैलेक्सी गौरव,जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार,जिला भवन निर्माण अध्यक्ष सुरेश राम तथा भामसं भवन निर्माण कोषाध्यक्ष भैया नितीश कुमार उपस्थित हुए।जिला से आए सभी पदाधिकारियों ने बारी बारी से संगठन के उद्देश्यों के बारे में बारीकी से लोगों के समक्ष रखा




साथ ही साथ सहिया साथी के हितों पर विशेष चर्चा की गई तथा संगठन के विस्तार पर भी चर्चा के बाद विष्णुगढ़ भामसं पुराने प्रखंड कमेटी को निरस्त करते हुए सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन कर थानेश्वर महतो को प्रखंड अध्यक्ष तथा अजित मिश्रा को सचिव चुना गया।जबकि शशि लाहकर तथा मीना देवी को उपाध्यक्ष, पिंकी देवी तथा महादेव मुर्मू को सह सचिव,बिनोद सिंह को प्रखंड संगठन मंत्री तथा तुलो महतो को कोषाध्यक्ष बनाया गया।सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष नवीन सिंहा ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।बैठक में माही पटेल, अजय प्रसाद साव, बिनोद सिंह,संजय कुमार, संतोष कुमार तथा प्रकाश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे ।

## बीडीओ के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण-02 की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में शनिवार को एसबीएम(जी)फेस-द्यद्य अंतर्गत क्षमता संवध्दन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । बैठक में कुसुम्भा, सारूकुदर, नागी, चेडरा, गोविन्दपूर एवं निम्नलिखित ग्राम पंचायत मुखिया एवं जलसहिया,पंचायत सचिव भाग लिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण - 77 अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर ठोस एवं सरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रिया चयन हेतु विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया जाना है. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन -नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट पीट7 तरल अपशिष्ट प्रबंधन - व्यक्तिगत लोक पीट, सामुदायिक सोक पीट, नाली7 माहवारी स्वच्छता प्रबंधन -भष्मक का अधिष्ठापन ।मलीय कचरा प्रबंधन-सैप्टिक टैंक के साथ सोक पीट,सैप्टिक टैंक से निकलने वाले मल का सुरक्षित निपटान । प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन-गोबर गैस प्लाट बास का घेरा,ग्राम स्तर पर प्लास्टिक एकत्र करने हेतु शेड प्रखंड स्तर पर प्लास्टिक प्रबंधन ईकाई। गोबर गैस प्लाट - व्यक्तिगत कलस्टर एवं सामुदायिक स्तर पर स्थापित



करना। मुख्य इन 6 बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी,प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी रामचंद्र दांगी, मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो, निर्मल कुमार, कुवर हादसा,दुलारचंद पटेल,रिता कुमारी,ललिता देवी,रिना देवी चेडरा(जल सहिया),सोनी गुप्ता, सावित्री देवी,दुलारी देवी, सरस्वती देवी,संजना देवी,प्रमिला देवी, रितु बेसरा,चिंता देवी, बिंदा देवी,गीता देवी,सुरेश राम इत्यादि जल सहिया, मुखिया जनप्रतिनिधि पदाधिकारी गण लोग उपस्थित थे ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सीआईएसएफ ने अभियान चलाकर अवैध रूप से जमा कोयला किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** कहने को तो खलारी कोयलांचल में अवैध कोयला का धंधा मंदा है यानी बन्द है लेकिन सच्चाई यह है कि धंधा बंद नही है बल्कि सुनियोजित ढंग से आज भी चल रहा है । जिसका ताजा उदाहरण है केडीएच के समीप लगातार सीआईएसएफ के द्वारा अवैध कोयला पकड़ा जाना। शनिवार कि सुबह फिर सीआईएसएफ के द्वारा 2 टन अवैध रूप से जमा कोयला को जब्त किया गया है। जबकि जनवरी से मई महीने तक सीआईएसएफ जवानों ने पांच बार अभियान चलाकर अवैध कोयला जब्त किया है। फिर भी यह धंधा रुक नहीं रहा। यह धंधे को सुचारू रूप से चलता रहे इसके लिए कोयला माफिया सारे सिस्टम को मैनेज करते है। तभी तो यह धंधा बेखौफ तरीके फलफूल रहा है। ज्ञात हो पिछले कुछ महीनों से केडीएच खदान क्षेत्र और डकरा ओबी डंप से तस्करों द्वारा खलारी, जेहलीटांड, नयाबस्ती के पुरुष महिलाओं और बच्चों से सीसीएल का कोयला चुनवा कर विभिन्न जगहों पर छुपा दिया जाता है जिसे रात्रि में तस्करों द्वारा टेंपो, ओमनी, पिकअप वैन से चांनहो, मांडर, बिजुपाड़ा के ईट भट्ठा को सप्लाई किया जाता है।। इसी सूचना पर सीआईएसएफ ने अभियान चलाकर जमा कर रखे कोयला को जब्त कर सीसीएल प्रबंधन को सौंपा। उप कमांडेंट उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में खदान के आस पास एरिया से 2 टन कोयला जब्त किया गया। सीआईएसएफ द्वारा जब्त किए गए कोयला को सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया है। छापामारी अभियान में सीआईएसएफ के निरीक्षक एमके चौधरी ,नागेंद्र कुमार,वीतेश मलिक के अलावे क्यूआरटी के जवान शामिल थे ।



## रैविमो के केन्द्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने किया पिपरवार का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष और दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने सीसीएल पिपरवार एरिया का दौरा किया।पिपरवार पहुंचने पर मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ सीसीएल अधिकारियो ने फागु बेसरा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।जिसके बाद फागु बेसरा ने पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में बैठक कर रैयत विस्थापित मोर्चा की सात सूत्री मांगों पर प्रबंधन से वार्ता कर कई निर्देश एवं सुझाव दिया।विस्थापितों की समस्याओं में वैकल्पिक रोजगार,उत्पादित कोयले का 20 प्रतिशत कोयला रोड सेल के लिए आवंटित करने,निजी कंपनियों में बहाली,नौकरी एंव मुआवजा देने,कल्याणपूर मे डीएवी स्कूल चालू करने, विस्थापितों को प्राथमिकता के आधार पर ठेका देने, सीएसआर योजना को धरातल में लागू करने, विस्थापितों का पहचान पत्र निर्गत करने,पुनर्वास स्थल में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने,अशोका वेस्ट के लिए विस्थापितो के लिए पुनर्वास स्थल का चयन करने,शिक्षा, चिकित्सा मुहैया कराने, डीएमएफटी फंड को खनन क्षेत्र के आस पास खर्च करने सहित अन्य मांगों पर घंटो विचार विमर्श के बाद प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।श्री बेसरा ने जमीन संबंधी समस्याओं के निपटारा हेतु झारखंड सरकार से हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया।बैठक में प्रबंधन की ओर से एजीएम निरजंन सेनापति,कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय,पीके साहू, मोहनलाल, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण महतो,उज्ज्वल कुमार एंव मोर्चा की ओर से केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, केंद्रीय सचिव रामचंद्र उरांव, ब्रिज किशोर पासवान,जितेंद्र कुमार, सलीम जावेद,प्रकाश महतो, इदरीश अंसारी,विजय महतो, इंद्रजीत उरांव,मो. नजीर,बसंत नारायण महतो, अशोक महतो,रचित गंझू, रामबालक गंझु,सरोज देवी, अफजाल हुसैन, बिरु मुंडा, शिवनारायण लोहरा,श्रवण महतो, कृपाल टाना भगत, मुनेश मुंडा सहित अन्य रैयत मौजूद थे।



## महिला पहलवानो के समर्थन मे आंदोलन का किया आहवान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।देश के प्रधानमंत्री एक तरफ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देते है तो दुसरी तरफ भाजपा के नेता देश की बहन बेटियो पर अत्याचार कर रही है।भाजपा सांसद बृजभूषण के खिलाफ देश की पहलवान बेटियां दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना पर बैठी है,लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार का इससे कोई फर्क नही पड़ता है।उक्त बाते झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने पिपरवार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कही।उन्होंने कहा कि महिला पहलवानो के सम्मान और रक्षा के लिए महिला कांग्रेस हमेशा देश की महिला पहलवानों के साथ है।यदि जल्द सांसद बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो महिला कांग्रेस के द्वारा देश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि देश की बेटी अपनी सुरक्षा के प्रति अब असहज महसूस कर रही है। महिला पहलवानों के समर्थन में महिला कांग्रेस ने 21 मई से आंदोलन की शुरुआत कर दी है और जब तक महिला पहलवानों को इंसाफ नहीं मिलता है तब तक महिला कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र की हत्या कर रही है।नया संसद भवन के उद्घाटन समारोह में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित तक नहीं किया गया,यह देश के लिए काफी चिंतनीय है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी की बात नही सुन रहा है,जो मर्जी वह कर रहा है।मजदूर,किसान और जनता विरोधी नीतियां लाकर देश की जनता को परेशान करने का काम किया जा रहा है।महंगाई,बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार से देश की जनता परेशान है।आने वाले समय में देश की जनता इसका जवाब देने का काम करेगा।इस मौके पर महिला कांग्रेस कमेटी की कई कार्यकर्ता मौजूद थी।

## विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीआईएसएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पिपरवार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।सीआईएसफ के सीनियर कमांडेट संदीप कुमार एस के निर्देश पर सहायक कमांडेंट संजय कुमार मीणा के नेतृत्व में सीआईएसएफ के जवानों ने बचरा काली मंदिर और बचरा गुरुद्वारा में स्वच्छता अभियान चलाया।इस दौरान पदाधिकारियों और जवानों ने मंदिर और गुरुद्वारा प्रांगण की सफाई कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए संदेश दिया।अधिकारियों ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व सीआईएसएफ के द्वारा एनके और पिपरवार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,साथ ही क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा को लेकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है।इस मौके पर सहायक कमांडेंट संजय कुमार मीणा,निरीक्षक रवि रंजन,अतहर इमाम,डीके चौधरी,एस. प्रशांत, एसआरके सिंह सहित कई जवान मौजूद थे।

## बहेरा मे हज यात्रियो के सम्मान में समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा मे मुस्लिम डेवलपमेंट सोसायटी के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र से हज की पाक यात्रा पर मक्का मदीना जानेवाले हाजियो के सम्मान मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत कारी रियासत ने कुरान पाक की तिलावत के साथ की।कार्यक्रम मे हज यात्रा पर जा रहे तनवीर अलम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उन्हे बुके एंव अंगवस्त्र अरबी रुमाल प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हज पर जा रहे तनवीर आलम से अपने क्षेत्र राज्य एंव देश की खुशहाली, तरक्की,अमन,शान्ति, भाईचारा के लिये दुआ करने की अपील किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र से हज की पाक यात्रा पर हाजी मक्का मदीना जा रहे हैं जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।इस दौरान सभी लोगों ने हज की पाक यात्रा की सफलता के लिए दुआ मांगी।इस मौके पर कारी रेयसात, मोहम्मद असलम,इक़बाल हुसेन,मोहम्मद जमशेद,हाजी इरशाद,मोहम्मद एहसान, हाफ़िज सफी आलम, मोहम्मद वशिम,मोहम्मद नदिम सहित कई लोग मौजुद थे।

## जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रोहणी व चुरी परियोजना पदाधिकारियों से किया मुलाकात

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता मजदूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने रोहिणी परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह एवं चुरी परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार से मुलाकात कर उनको गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दोनो पदाधिकारियों से कामगारों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। जिसको पदाधिकारियों ने समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जनता मजदूर संघ के उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव, क्षेत्रीय सचिव डीपी सिंह, वीरेंद्र पासवान,संजय कुमार, तपेश्वर कुमार सहित अन्य कामगार उपस्थित थे।

## पंसस ने खेल सामग्री का वितरण किया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड के बुकबुका पंचायत के पंचायत समिति धीरज कुमार बहादुर के द्वारा खेल सामग्री (क्रिकेट किट )का वितरण किया गया। खेल सामग्री का वितरण बच्चों के प्रति खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। ताकि बच्चे मोबाइल की लत से बाहर आ सके। और बच्चों में स्वस्थ एवम निरोग रह सके। इस कार्य में डीएवी खलारी के पूर्व स्पोर्ट्स कप्तान एवम वर्तमान में केरली स्कूल के खेल शिक्षक शेख आलम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर श्रीकांत शर्मा, वीरेंद्र सिंह, मनीष राम, विकास कुमार, अभिषेक रिकी एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।



### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक................ दिनांक..............................

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल योजना के घटक के तहत् कार्यालय के पत्रांक 542, दिनांक 01.04.2022 को शहरी फुटपाथ विक्रेताओं हेतु बाजार टांड स्थित वेंडिंग जोन का आवंटन किया गया था। तथा प्रायः यह देखा गया है कि दुकान सं0 – 03, 04, 05, 06, 07, 09, 10, 11, 12, 15, 17, एवं 18 के द्वारा उक्त वेंडिंग जोन में आवंटित स्थल पर व्यवसाय नहीं किया जा रहा है जिस हेतु पुनः उक्त वेंडिंग जोन में दुकानों का आवंटन पुनः किया जा रहा है। जिसमें खूँटी नगर पंचायत के द्वारा सर्वेक्षण सूची में शामिल वैसे शहरी फुटपाथ विक्रेता जो वार्ड न0 – 14, 15, 16 एवं 17 फुटपाथ पर व्यवसाय कर रहे हैं और जिन्हें नगर पंचायत, खूँटी द्वारा निबंधित फुटपाथ विक्रेता का प्रमाण पत्र दिया गया है। निम्न दस्तावेज के साथ दिनांक 05.06.2023 से 19.06.2023 तक कार्यावधि के दौरान नगर पंचायत, खूँटी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं एवं लॉटरी के माध्यम से उक्त स्थलो का आवंटन दिनांक 27.06.2023 को नगर पंचायत, खूँटी के सभागार में किया जाएगा।

**वांक्षित दस्तावेज–**

1. नगर पंचायत, खूँटी द्वारा वेंडर निबंधन कार्ड की छायाप्रति।
2. एक पासपोर्ट साईज फोटो।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. PMSVANidhi का प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. आवेदन फॉर्म कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, खूँटी

PR 298960 Urban Development(23-24).D

### Drinking Water & Sanitation Department
Jhumaritellaiya, Koderma, Jharkhand
Email :- eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

**Request for Expression of Interest**

**EOI NO-SBMG Phase II/DWSD/GOBARDHAN/182/2023-2024 (4th Call)**

Expression of Interest (EoI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission - Grameen), Koderma, Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/ Community/ Goushala from Koderma District (Koderma, Domchanch, Satgawan, Chandwara, Jainagar & Markacho Block) through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization.)

Note:- For Details Information visit- www.koderma.nic.in

Issued by:-
Executive Engineer
Swachh Bharat Mission –Gramin
Drinking Water & Sanitation Department
Jhumaritellaiya, Koderma, Jharkhand,Email :- eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

Office Address:-
OFFICE OF THE Executive Engineer
SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN)
Drinking Water & Sanitation Department, Jhumaritellaiya
Panitanki Campus Lakhibagi, Koderma, 825410
Phone: - 8210880174, Email: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

Sd/-
**Executive Engineer**
**Swachh Bharat Mission –Gramin**
**Drinking Water & Sanitation Department,**
**Jhumritelaiya, Koderma**

PR 299093 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

### झारखण्ड सरकार
### राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

भू–अर्जन वाद संख्या–17 / 2023–24
भू–अर्जन वाद संख्या–18 / 2023–24
भू–अर्जन वाद संख्या–19 / 2023–24
भू–अर्जन वाद संख्या–20 / 2023–24
भू–अर्जन वाद संख्या–21 / 2023–24
भू–अर्जन वाद संख्या–22 / 2023–24

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**करकट्टा नदी एवं तंजू नाला के संगम स्थल से दशमाईल–गुन्डू पथ (कुल लम्बाई– 9.244कि० मी०) के चौडीकरण, मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–देवगांई, किस्की, तुपुदाना, गुन्डू, करकट्टा, सिरी थाना–नामकुम, थाना संख्या क्रमश :–289, 292, 267, 268, 285, 290 अंचल–नामकुम, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा– **करकट्टा नदी एवं तंजू नाला के संगम स्थल से दशमाईल–गुन्डू पथ (कुल लम्बाई–9.244कि०मी०) के चौडीकरण, मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य परियोजना** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–देवगांई, किस्की, तुपुदाना, गुन्डू, करकट्टा, सिरी थाना–नामकुम, थाना संख्या क्रमश :–289, 292, 267, 268, 285, 290 अंचल–नामकुम जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**0.146, 5.802, 0.440, 0.362, 2.082, 1.278,** एकड़ मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–करकट्टा**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 338 | टाड़ एक | 0.014 | अहलाद उरांव, कान्दना उरांव पेषरान मंगत उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–रास्ता द0–रास्ता पु0–रास्ता प0–339 |
| 2 | 5 | 246 | टाड़ एक | 0.018 | एतवा भोगता, खुदीया भोगता, पेषरान मानसिंह व जाति भोगता वगै० | उ0–247 द0–रास्ता पु0–रास्ता प0–245 |
| 3 | 8 | 342 | टाड़ एक | 0.005 | कारु उरांव वल्द डुडु उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–रास्ता द0–340 पु0–341 प0–रास्ता |
| 4 | 8 | 344 | मकान, सहन | 0.003 | कारु उरांव वल्द डुडु उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–रास्ता द0–343 पु0–रास्ता प0–रास्ता |
| 5 | 10 | 123 | टाड़ तीन | 0.052 | गोए उरांव वल्द विष्वनाथ उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–121 द0–124 पु0–357 प0–124 |
| 6 | 10 | 346 | परती कदीम | 0.014 | गोए उरांव वल्द विष्वनाथ उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–रास्ता द0–345 पु0–रास्ता प0–347 |
| 7 | 10 | 349 | टाड़ एक | 0.005 | गोए उरांव वल्द विष्वनाथ उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–350 द0–रास्ता पु0–350 प0–355 |
| 8 | 10 | 350 | मकान, सहन | 0.004 | गोए उरांव वल्द विष्वनाथ उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–355 द0–रास्ता पु0–353 प0–349 |
| 9 | 10 | 351 | टाड़ दो | 0.017 | गोए उरांव वल्द विष्वनाथ उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–353 द0–रास्ता पु0–352 प0–रास्ता |
| 10 | 10 | 355 | टाड़ एक | 0.025 | गोए उरांव वल्द विष्वनाथ उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–356 द0–रास्ता पु0–354 प0–रास्ता |
| 11 | 10 | 534 | टाड़ दो | 0.021 | गोए उरांव वल्द विष्वनाथ उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–540 द0–376 पु0–540 प0–377 |
| 12 | 11 | 238 | टाड़ एक | 0.026 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–रास्ता द0–रास्ता पु0–रास्ता प0–285 |
| 13 | 11 | 245 | टाड़ एक | 0.052 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–247 द0–रास्ता पु0–246 प0–रास्ता |
| 14 | 11 | 272 | टाड़ एक | 0.007 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–274 द0–रास्ता पु0–273 प0–277 |
| 15 | 11 | 273 | मकान, सहन | 0.010 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–274 द0–रास्ता पु0–283 प0–272 |
| 16 | 11 | 285 | टाड़ एक | 0.028 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–रास्ता द0–237 पु0–238 प0–288 |
| 17 | 11 | 521 | टाड़ दो | 0.071 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–523 द0–392 पु0–391 प0–520 |
| 18 | 11 | 523 | दोन तीन | 0.086 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–524 द0–521 पु0–527 प0–522 |
| 19 | 11 | 535 | दोन दो | 0.018 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–532 द0–377 पु0–536 प0–377 |
| 20 | 11 | 540 | टाड़ दो | 0.002 | गोन्दुर भोगता, सनिचर भोगता, सुकदेव भोगता, सम्भु भोगता, छोटा एतवा भोगता पेषरान राया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–536 द0–376 पु0–539 प0–534 |
| 21 | 14 | 305 | मकान, सहन | 0.024 | जकरिया उरांव, मानसिंघ उरांव, पेषरान भौरा उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–रास्ता द0–300 पु0–रास्ता प0–रास्ता |
| 22 | 16 | 243 | टाड़ एक | 0.020 | छोटा जागा उरांव, चुचु उरांव पेषरान तेम्वा उरांव वहिस्सा बराबर जाति उराँव वगै० | उ0–239 द0–244 पु0–247 प0–रास्ता |
| 23 | 16 | 244 | मकान, सहन | 0.022 | छोटा जागा उरांव, चुचु उरांव पेषरान तेम्वा उरांव वहिस्सा बराबर जाति उराँव वगै० | उ0–243 द0–रास्ता पु0–245 प0–रास्ता |
| 24 | 22 | 347 | टाड़ एक | 0.006 | तनु शवाषी, मंगलु शवाषी, पेषरान दुखन शवाषी जाति शवाषी वगै० | उ0–रास्ता द0–329 पु0–346 प0–348 |
| 25 | 28 | 661 | टाड़ दो | 0.013 | पांडु मुन्डा वल्द झीरगा मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–660 द0–662 पु0–659 प0–नीज |
| 26 | 29 | 271 | टाड़ एक | 0.013 | फागु लोहार, बोधो लोहार, मंगरा लोहार पेषरान बन्धना लोहार जाति लोहार वगै० | उ0–270 द0–रास्ता पु0–277 प0–रास्ता |
| 27 | 29 | 303 | टाड़ एक | 0.007 | फागु लोहार, बोधो लोहार, मंगरा लोहार पेषरान बन्धना लोहार जाति लोहार वगै० | उ0–रास्ता द0–302 पु0–289 प0–304 |
| 28 | 29 | 304 | टाड़ एक | 0.005 | फागु लोहार, बोधो लोहार, मंगरा लोहार पेषरान बन्धना लोहार जाति लोहार वगै० | उ0–रास्ता द0–301 पु0–303 प0–रास्ता |
| 29 | 39 | 283 | टाड़ एक | 0.017 | बैजनाथ लोहार, बुधराम लोहार, जगरनाथ लोहार पेषरान मोहन लोहार व जाति लोहार वगै० | उ0–281 द0–रास्ता पु0–279 प0–273 |
| 30 | 40 | 339 | मकान, सहन | 0.014 | भउवा उरांव, दौदौ उरांव पेषरान मंगरा उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–रास्ता द0–337 पु0–338 प0–341 |
| 31 | 40 | 341 | टाड़ एक | 0.005 | भउवा उरांव, दौदौ उरांव पेषरान मंगरा उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–रास्ता द0–340 पु0–339 प0–342 |
| 32 | 40 | 352 | टाड़ दो | 0.013 | भउवा उरांव, दौदौ उरांव पेषरान मंगरा उरांव व विष्वनाथ उरांव वल्द टुरा उरांव जाति उराँव वगै० | उ0–351 द0–रास्ता पु0–266 प0–351 |
| 33 | 42 | 356 | टाड़ एक | 0.024 | मेधन भोगता वल्द लोचेया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–357 द0–355 पु0–355 प0–रास्ता |
| 34 | 42 | 357 | टाड़ दो | 0.118 | मेधन भोगता वल्द लोचेया भोगता जाति भोगता वगै० | उ0–380 द0–356 पु0–365 प0–रास्ता |
| 35 | 43 | 268 | मकान, सहन | 0.013 | मोधी मुन्डा वल्द गादी मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–269 द0–रास्ता पु0–269 प0–267 |
| 36 | 43 | 269 | टाड़ एक | 0.003 | मोधी मुन्डा वल्द गादी मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–265 द0–रास्ता पु0–270 प0–268 |
| 37 | 43 | 378 | टाड़ एक | 0.059 | मोधी मुन्डा वल्द गादी मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–रास्ता द0–380 पु0–रास्ता प0–381 |
| 38 | 43 | 650 | टाड़ तीन | 0.008 | मोधी मुन्डा वल्द गादी मुन्डा व मोधी मुन्डा वल्द गादी मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–657 द0–रास्ता पु0–649 प0–658 |
| 39 | 43 | 702 | टाड़ दो | 0.011 | मोधी मुन्डा वल्द गादी मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–723 द0–703 पु0–716 प0–701 |
| 40 | 44 | 279 | मकान, सहन | 0.001 | मोषमात मंगरी मुन्डाइन जोजे दोखना लोड़गो मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–283 द0–रास्ता पु0–239 प0–283 |
| 41 | 44 | 642 | परती नाला | 0.008 | मोषमात मंगरी मुन्डाइन जोजे दोखना लोड़गो मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–641 द0–724 पु0–724 प0–643 |
| 42 | 44 | 643 | टाड़ दो | 0.026 | मोषमात मंगरी मुन्डाइन जोजे दोखना लोड़गो मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–645 द0–723 पु0–642 प0–644 |
| 43 | 44 | 697 | टाड़ दो | 0.020 | मोषमात मंगरी मुन्डाइन जोजे दोखना लोड़गो मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–662 द0–699 पु0–698 प0–693 |
| 44 | 44 | 724 | टुटा मकान दो | 0.348 | मोषमात मंगरी मुन्डाइन जोजे दोखना लोड़गो मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–537 द0–723 पु0–725 प0–642 |
| 45 | 45 | 289 | टाड़ एक | 0.011 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–रास्ता द0–290 पु0–रास्ता प0–303 |
| 46 | 45 | 644 | टाड़ दो | 0.031 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–645 द0–723 पु0–643 प0–723 |
| 47 | 45 | 649 | टाड़ तीन | 0.003 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–651 द0–रास्ता पु0–648 प0–650 |
| 48 | 45 | 658 | टाड़ तीन | 0.044 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–659 द0–रास्ता पु0–650 प0–662 |
| 49 | 45 | 698 | टाड़ दो | 0.039 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–723 द0–699 पु0–700 प0–697 |
| 50 | 45 | 700 | टाड़ तीन | 0.018 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–723 द0–706 पु0–701 प0–698 |
| 51 | 45 | 701 | दोन तीन | 0.028 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–723 द0–700 पु0–702 प0–700 |
| 52 | 45 | 716 | दोन दो | 0.043 | मांगन मुन्डा बड़ा सीरका मुन्डा, चमर मुन्डा पेषरान गोड़े मुन्डा जाति मुण्डा वगै० | उ0–723 द0–1357 पु0–717 प0–702 |
| 53 | 47 | 121 | टाड़ तीन | 0.045 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–380 द0–123 पु0–380 प0–122 |
| 54 | 47 | 373 | टाड़ दो | 0.023 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–374 द0–371 पु0–548 प0–रास्ता |
| 55 | 47 | 374 | दोन तीन | 0.003 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–379 द0–373 पु0–548 प0–रास्ता |
| 56 | 47 | 376 | टाड़ दो | 0.055 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–534 द0–379 पु0–547 प0–रास्ता |
| 57 | 47 | 391 | टाड़ दो | 0.034 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–527 द0–387 पु0–527 प0–521 |
| 58 | 47 | 509 | दोन तीन | 0.030 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–505 द0–510 पु0–505 प0–510 |
| 59 | 47 | 510 | दोन तीन | 0.010 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–509 द0–524 पु0–525 प0–511 |
| 60 | 47 | 525 | दोन तीन | 0.011 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–505 द0–524 पु0–526 प0–510 |
| 61 | 47 | 528 | दोन तीन | 0.008 | रतनु भोगता, मेधन भोगता पेषरान लोचेया भोगता वहिस्सा बराबर जाति भोगता वगै० | उ0–537 द0–532 पु0–529 प0–527 |
| 62 | 49 | 124 | बाग आम टाड़ दो | 0.078 | लछुमन उरांव, गोन्दुर उरांव, पांडे उरांव जौरा उरांव पेषरान छोटा सोमरा उरांव वगै० | उ0–123 द0–125 पु0–357 प0–116 |
| 63 | 49 | 267 | टाड़ एक | 0.012 | लछुमन उरांव, गोन्दुर उरांव, पांडे उरांव जौरा उरांव पेषरान छोटा सोमरा उरांव एक हिस्सा हिस्सा बराबर जाति उराँव वगै० | उ0–264 द0–रास्ता पु0–268 प0–266 |
| 64 | 51 | 648 | टाड तीन | 0.011 | लुंका उरांव ठीबु उरांव पेषरान बीरसा उरांव व जाति उरांव वगै० | उ0–651 द0–रास्ता पु0–646 प0–649 |
| 65 | 53 | 266 | टाड़ एक | 0.015 | लंगड़ा उरांव वल्द बड़ा सोमरा उरांव वगै० | उ0–264 द0–रास्ता पु0–267 प0–352 |
| 66 | 55 | 270 | टाड़ एक | 0.006 | साधु उरांव, डोम उरांव पेषरान डुडू उरांव व जाति उरांव वगै० | उ0–265 द0–रास्ता पु0–277 प0–269 |
| 67 | 55 | 288 | टाड़ एक | 0.016 | साधु उरांव, डोम उरांव पेषरान डुडू उरांव व जाति उरांव बगै० | उ0–रास्ता द0–287 पु0–285 प0–रास्ता |
| 68 | 69 | 532 | दोन तीन | 0.023 | बकाष्त भुईहरी | उ0–531 द0–535 पु0–535 प0–527 |
| 69 | 69 | 533 | दोन एक | 0.058 | बकाष्त भुईहरी | उ0–377 द0–378 पु0–377 प0–388 |
| 70 | 79 | 717 | दोन तीन | 0.040 | बकाष्त भुईहरी | उ0–723 द0–718 पु0–720 प0–716 |
| 71 | 79 | 720 | दोन तीन | 0.056 | बकाष्त भुईहरी | उ0–723 द0–719 पु0–721 प0–717 |
| 72 | – | 665 | – | 0.046 | अज्ञात | उ0–नीज द0–667 पु0–662 प0–810 |
| 73 | – | 379 | – | 0.009 | अज्ञात | उ0–376 द0–374 पु0–374 प0–रास्ता |
| कुल | | | | 2.082 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

| ह०/– | ह०/– | ह०/– | ह०/– | ह०/– |
|---|---|---|---|---|
| अमीन, जि०भू०अ०का०,राँची। | कानूनगो, जि०भू०अ०का०,राँची। | जि० भू० अ० पदा०, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची | उपायुक्त, राँची। |

PR.NO.299133 Land Reforms(23-24):D

## आयुष फाउंडेशन ने कराया स्लो साइकिल रेस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आयुष फाउंडेशन धनबाद ने स्विच



ऑन फाउंडेशन और लक्ष्य एजुकेशन डेवलपमेंट सोसायटी के तत्वाधान में वर्ल्ड साइकल डे पर षष्ठी मैदान कुर्चि में स्लो साइकल रेस कराया। करीब 80 लोगो ने इसमें भाग लिया। सभी साइकल पर साइकल के महत्व को लेकर कुछ कोटेशंस भी लिखे हुए थे। सभी प्रतिभागियों को आयुष फाउंडेशन की तरफ से सर्टिफिकेट दिया गया। मौके पर अर्पिता अग्रवाल, गणेश शर्मा, तनिषा, बाबू लाल, सनातन हसदा, कमल किशोर, अनुज महतो, ओमप्रकाश हरिजन, बिरजू विश्वकर्मा, कुश महतो, मुकेश महतो, रितेश महतो, राकेश महतो, प्रकाश महतो आदि मौजूद थे।

## रिक्शा चालक व मजदूरों के बीच टोपी, गमछा वितरित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड



अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा शहर के कई स्थानों पर सैकड़ों रिक्शा चालकों एवं सफाई कर्मियों के बीच टोपी एवं गमछा वितरित किया गया। साथ ही सभी को बिस्किट, पानी और मास्क भी दिये गये। मौके पर मुख्तार खान ने बताया की इस प्रचंड गर्मी और कड़ी धूप को देखते हुए रिक्शा चालकों, मजदूरों एवं नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच हम लोग टोपी एवं गमछा आदि देने का कार्य कर रहे जिससे इन सभी को थोड़ी राहत मिल सके। वहीं रिक्शा चालकों एवं अन्य मजदूरों ने इस कार्य पर अपनी खुशी ज़ाहिर की और मुख्तार खान और हाजी ज़मीर आरिफ को धन्यवाद दिया।

## भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के मानजोरी पंचायत अंतर्गत दुंदो



ग्राम में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट लीग मैच के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने मैच का उद्घाटन कर खेल का शुभारंभ कराया। उद्घाटन के पूर्व बालासोर में घटी ह्रदय विदारक रेल दुर्घटना मे मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया है। दिलीप वर्मा ने कहा की इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। समय समय पर इस तरह के आयोजन कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की जरुरत है। आज जिस तरह से खिलाडी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपना परचम लहराते हुवे देश के साथ गांव समाज का मान बढ़ा रहे है उसे कायम रखने में हम सबको साथ देने की जरुरत है। मौके पर मिथलेश वर्मा ,दिवाकर पाठक, नरेश रजक, हरि वर्मा ,संतोष साव, आयोजक समिति के दिलीप गोस्वामी, रतन गोस्वामी।

## यूपी के शूटर धनबाद में दे रहे थे वारदात को अंजाम

# एक महिला समेत आठ हार्डकोर शूटर व अपराधी हथियार समेत गिरफ्तार

## धनबाद पुलिस ने किया एक दर्जन से अधिक कांड का उद्भेदन



### पकड़े गए 9 अपराधियों में एक महिला भी शामिल

महिला समेत आठ हार्डकोर शूटरों एवं अपराधियों को धनबाद पुलिस ने बोकारो, जमशेदपुर और बरवाअड्डा से गिरफ्तार किया है।पकड़े गए अपराधियों में आशीष शुक्ला उर्फ सत्यम उर्फ प्रिंस अयोध्या उत्तर प्रदेश, वैभव यादव उर्फ राहुल सिंह खैरपुर आजमगढ़, सालोनी कुमारी उर्फ सानू सेक्टर 9 हरला बोकारो, शुशील सिंह कतरास मोड़ झरिया, दिनेश कुमार गौड़ सिविल लाईन रोड आजमगढ़, बाबू सिंह, आशुतोष आनंद कटकमसांडी हजारीबाग, अरुण कुमार चास बोकारो, मुकेश कुमार महतो कुर्मीडीह बरवाअड्डा धनबाद से गिरफ्तार हुआ है।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** काले हीरे की नगरी कोयलांचल धनबाद समेत अन्य जिलों में लगातार हो रहे आपराधिक घटना और पिछले तीन वर्षो से अपराधियों द्वारा अंजाम दिए गए दर्जनों कांड का उद्भेदन धनबाद पुलिस ने किया है। दर्जनों आपराधिक वारदात में शामिल 9 कुख्यात अपराधियों को पकड़ने में पुलिस कामयाब हुई है। पकड़े गए अपराधियो में महिला भी शामिल है। उनके पास से दो पिस्टल, दो मैगजीन, बारह कारतूस, नौ मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल एवं सवा लाख रुपये नकद पुलिस ने बरामद किए हैं। आज धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने अपराधियों के सम्बंध में जानकारी देते हुए तमाम बातें बताई है।

एसएसपी ने इन अपराधियों को पेश करते हुए धनबाद जिले के प्रमुख आपराधिक कांडो का उद्भेदन किया है। वर्ष 2021 बरवाअड्डा KIA शोरुम में फाइरिंग, 2022 में झरिया में रंजीत साव हत्याकांड, दुमका जिला जेल गेट के बाहर फाइरिंग, व्यवसाई पप्पु मंडल के घर पर फाइरिंग, 2023 में केन्दुआडीह के राजेश यादव पर जान लेवा हमला, कतरास का मनोज यादव हत्याकांड, उपेन्द्र सिंह हत्य कांड, बरवाअड्डा के राजकुमार साव हत्याकांड, चन्द्रपुरा स्क्रेप व्यापारी सनाउल्लह के घर पर फाइरिंग जैसे मामलों में ये अपराधी संलिप्त हैं।

## केंदुआटांड़ में भाकपा माले ने लिया समस्याओं का जायजा, गांव के बुजुर्गों को नहीं मिल रहा पेंशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** जन समस्याओं का जायजा लेने के लिए आज तराजोरी पंचायत के केंदुआटांड़ में भाकपा माले की एक मीटिंग हुई, जिसमे लोगों ने पार्टी के समक्ष अपनी कई समस्याओं को रखा।

ग्रामीणों ने कहा कि, गांव के कई बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रहा है, हमारे राशन वितरण की दुकान 5 किमी दूर है, रोजगार का कोई ठिकाना नहीं, गांव आज भी पक्की सड़क से वंचित है, सिंचाई के अभाव कारण किसान परेशान हैं। जरूरतमंदों को अभी तक वन भूमि का पट्टा नहीं मिला है।

**कहा, इनके साथ हो रही उपेक्षा। हक-अधिकारों पर संघर्ष के लिए पार्टी से जुड़ने की अपील।**

लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, वोट लेने के बावजूद विकास के नाम पर इसकी उपेक्षा की गई है। इनकी मौजूदा हालत के लिए सरकार, प्रशासन और इनका वोट लेने वाले प्रतिनिधियों की भी जवाबदेही है।

यादव ने केंदुआटांड़ के ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की मांग की। साथ ही, लोगों से अपने हक-अधिकारों को लेकर संगठित होने का आह्वान भी किया। निर्णय लिया गया कि, शीघ्र ही जन सवालों को सामने रखकर गांव में झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का संगठन तथा माले की शाखा गठित की जाएगी।

## इंटर की पढ़ाई जारी रखने को लेकर आजसू छात्र संघ ने सौंपा ज्ञापन

**पप्पु कुमार@प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले में इंटर की पढ़ाई को लेकर आजसू छात्र संघ कॉलेज ईकाई का प्रतिनिधिमंडल अपने मांगों को लेकर गिरिडीह कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्ण मुरारी से मिला। जिसमें आजसू के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्राचार्य के समक्ष इंटर की पढ़ाई जारी रखने कि मांगों को रखा और कहा कि हमारी मांगों पर यथाशीघ्र निर्णय लिया जाए। जिससे मैट्रिक पास छात्र-छात्राओं को इंटर में नामांकन लेने में कोई असुविधा ना हो तथा छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके, आजसू के मांगो को देखते हुए गिरिडीह कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्ण मुरारी ने बताया आजसू कि ये सभी मांग छात्र हित में है जिससे यहां पढ़ने वाले छात्रों को सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलेगा और आने वाले दिनों में गिरिडीह कॉलेज शिक्षा के मामले तथा बेहतर सुविधा के मामले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करेगा।



## गिरिडीह आगमन पर यूपीएससी सफल अभ्यर्थी श्रुति का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने वाली श्रुति कुमारी का आज शनिवार को गिरिडीह आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है मूल रूप से गिरिडीह के शास्त्री नगर मोहल्ले के रहने वाले श्रुति के माता पिता फिलहाल बोकारो में रहते हैं। यूपीएससी की परीक्षा में सफलता के बाद श्रुति पहली बार गिरिडीह लौटी हैं। बोकारो से गिरिडीह पहुंचते ही स्वर्ण चित्र मंदिर के पास शास्त्री नगर मोहल्ला वासियों ने गाजे बाजे के साथ श्रुति और उनके परिजनों का शानदार स्वागत किया। श्रुति एवं उनके परिजन प्रमांशु अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, महेश्वर मोदी, पप्पू मोदी, अंजू मोदी, प्रेरणा अग्रवाल और स्पर्श अग्रवाल को शास्त्री नगर की अर्चना गुप्ता, रीता भारती, अनुप्रभा कुमारी, नमिता कुमारी, प्रमिला वर्मा, मोनी कुमारी, गीता देवी, ललिता देवी, रश्मि कुमारी, रंजीता बरनवाल, ममता चतुर्वेदी अर्चना सहाय, सुमन केडिया, ईशा, चंद्रलेखा सराक एवं अन्य महिलाओं ने बुके देकर एवं फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। इसके बाद सभी ढोल नगाड़े के साथ स्वर्ण चित्र मंदिर मोड़ से लेकर उसके आवास तक पहुंचे। रास्ते में श्रुति ने शास्त्री नगर दुर्गा मंडप, हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। अपने मोहल्ले की बिटिया के स्वागत के लिए पूरा शास्त्री नगर मानो खुशी से उमड़ पड़ा था। मोहल्ले की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी ने मिलकर श्रुति के अभिनंदन को यादगार बना दिया। इस मौके पर पप्पू मोदी, सुनील भूषण, दीपक अग्रवाल, सुरेश साव, अमर सिन्हा, कमलनयन सिंह, ओम प्रकाश मंडल, मिथिलेश कुमार, शंकर पांडेय, विश्वनाथ मंडल, शिशिर, रंजय बरदियार, प्रवीण सिन्हा, अरुण कुमार, पपिन्द्र कुमार, जितेंद्र गुप्ता, सुजय गुप्ता, मुकेश यादव, राजकमल, राजेश सिन्हा, मृणाल कुमार, दीपक रजक, मनीष मंडल, रितेश सराक, सुशील मंडल, राजेश मंडल, संदीप यादव, प्रवीण मिश्रा, राजीव कुमार, रामजी पांडेय, पाले खान, सूरज यादव एवं अन्य मोहल्ला वासी शामिल थे।

## बाल विवाह बाल तस्करी व बाल यौन शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रहेगा : दिनेश प्रमाणिक




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत छत्रुटांड़ पंचायत सचिवालय में पंचायत समिति सदस्य गोपाल महतो की अध्यक्षता में बाल विवाह, बाल ट्रैफिकिंग एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ अभियान के तहत बैठक किया गया। उक्त बैठक में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि बाल विवाह बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण से बच्चे मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक प्रताड़ना के शिकार होते हैं। पंचायत समिति सदस्य गोपाल महतो ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध बताया। मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रमाणिक ने कहा बाल विवाह बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद होते रहेगा।

## धनबाद : रेलवे स्टेशन का होगा काया पलट, एयरपोर्ट जैसा होगा मॉडल, मास्टर प्लान तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रुप में मशहूर शहर धनबाद को एयरपोर्ट तो नहीं मिला हां बदले में एयरपोर्ट की तर्ज पर धनबाद रेलवे स्टेशन का विकास ज़रूर किया जायेगा। मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। इस बाबत प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। मास्टर प्लान में स्टेशन बिल्डिंग के लिए तीन अलग-अलग डिजाइन तैयार किये गये हैं। इनमें से किसी एक डिजाइन पर धनबाद स्टेशन का विकास होगा। नये प्लान के तहत सर्कुलेटिंग एरिया का स्टेशन रोड तक विस्तार किया जायेगा। इसके अलावा स्टेशन की बिल्डिंग व अंदर के भवनों का लुक भी बदलेगा। हर प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए सब-वे बनाये जायेंगे। दक्षिणी छोर पर 13 मीटर चौड़ा नया रोड अंडरब्रिज बनाया जायेगा। इसका निर्माण दक्षिणी छोर के स्टेशन के पार्किंग से रेलवे इंस्टीट्यूट कॉलोनी को जोड़ने वाली सड़क तक होगा। पुराना बाजार से सटे रेलवे यार्ड के पास से बनने वाले भूमिगत मार्ग से छोटी-बड़ी गाड़ियां, स्टेशन से सीधे रेलवे इंस्टीट्यूट रोड की ओर आ-जा सकेंगी। नये स्टेशन भवन का निर्माण और सर्कुलेटिंग एरिया के विस्तार से रांगाटांड़ रेलवे कॉलोनी व न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी के कई रेल आवासों को तोड़ने की योजना है। कुछ जगहों पर रेल क्वार्टरों को तोड़ने का काम शुरू हो चुका है। इसके बाद वहां 10 जी प्लस आवास बनाये जायेंगे। वहीं स्टेशन परिसर में पार्किंग और ट्रैफिक का नियंत्रण रेडियो फ्रिक्वेंसी सिस्टम से होगा।

**नए भवन में मिलेंगी ये सुविधाएं :-** वीआइपी लाउंज, यात्री लाउंज, सामान्य वेटिंग हाल, क्लाक रूम के साथ टिकट काउंटर व एटीवीएम, रिफ्रेशमेंट रूम, इंफार्मेशन सिस्टम, ट्रेवल एजेंट बूथ, बैंक, एटीएम व एक्सचेंज आदि की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

**स्टेशन पर मिलेंगी ये सुविधाएं :-** स्टेशन के दोनों छोर पर एक जैसे प्रवेश व निकास द्वार, पार्किंग व सर्कुलेटिंग एरिया एक समान होंगे। एकीकृत सिटी ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी यात्रियों को दी जायेगी। इसके तहत बस सेवा के जरिए यात्रियों को एक से दूसरे स्थान तक छोड़ा जायेगा। ऑटो, टैक्सी व निजी वाहनों के लिए अलग-अलग जगह होगी। सर्कुलेटिंग एरिया में सूचनाओं के लिए एकीकृत डिस्प्ले लगा होगा। यात्रियों के लिए अलग-अलग स्थान समेत रैंप, लिफ्ट और दिव्यांगों के लिए अलग पार्किंग की सुविधा होगी। स्टेशन के मुख्य ओवरब्रिज का विस्तार व दो नये फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जायेगा। दोनों छोर पर चार-चार स्वचालित सीढ़ियां लगेंगी।

## भिंडी की खेती के लिए मशहूर है कुम्हरगड़िया गांव, आज तक सिंचाई की सुविधा से वंचित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर की दूर स्थित चित्तरडीह पंचायत के कुम्हरगड़िया गांव वर्षो से भिंडी खेती के लिए मशहूर है भिंडी के साथ अन्य कई प्रकार की खेती इस गांव के लोग करते है लेकिन क्षेत्र में भिंडी के लिए मशहूर है । बता दें कि कुम्हरगड़िया एक कृषि प्रधान गांव है यहां से 80त्न लोग खेती करते हैं। वही जब भिंडी की खेती की बात आती है तो सबसे आगे इस गांव का नाम आता है। इस गांव के किसान प्रतिदिन जमुआ सब्जी मंडी व मिर्जागंज सब्जी मंडी भिंडी के साथ साथ हैं कद्दू, करेला, बॉडी आदि सब्जी बेचने जाते है और यही इनकी आय का श्रोत है। अगल-बगल गांव के काफी लोग सब्जी लेने के लिए सुबह खेत पर ही पहुंच जाते हैं। खेती पर निर्भर इस गांव के किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अभी तक इस गांव में खेती करने के लिए सिंचाई की सुविधा नहीं है किसान कड़ी मेहनत करके नदी में गड्ढा खोदकर लगभग 1 किलोमीटर तक फीता के जरिए पानी ले जाने को मजबूर है यही इनके सिचाई का साधन है । अगर सरकार के द्वारा यहां पर किसानों को खेती करने के लिए अगर सुविधाएं मिले तो प्रखंड ही नहीं जिला में खेती के मामले में सबसे आगे रहेंगे लेकिन अभी तक यहां के किसानों को किसी प्रकार की सुविधा मिली नहीं है। ग्रामीण ने बताया कि गांव में कुछ दिन पहले कृषि विभाग से कुछ लोग आए हुए थे उन्होंने कहा था कि नदी से खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा जिससे सिचाई में सुविधा होगी लेकिन अभी तक इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई, हालांकि जैसे तैसे नदी में एक कुआं बनवाया गया जिससे कुछ किसान सिचाई करते है वही उस कुवा के पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है।



## विश्व साईकल दिवस 2023 : विश्व साईकल दिवस के उपलक्ष में साइकिल रैली का आयोजन

**प्रभारी सिविल सर्जन डॉ सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को किया रवाना**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सी.पी.एच.सी HWC कार्यक्रम के अंतर्गत "विश्व साइकिल दिवस" के उपलक्ष में Cycle for health की थीम पर जिला एन.सी.डी कोषांग, धनबाद एवं शिक्षा समाधान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी सिविल सर्जन डॉ सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। इस उपलक्ष में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ सुनील कुमार ने बताया कि उक्त रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना एवं पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। उक्त कार्यक्रम में जिला नोडल पदाधिकारी, जिला एनसीडी कोषांग, धनबाद सभी चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मी एवं शिक्षा समाधान ट्रस्ट के सदस्य आदि उपस्थित रहें।



## ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान दर्जनों ट्रक से वसूला लाखों का जुर्माना



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड अंतर्गत रांची-दुमका मुख्य मार्ग पर पलौंजिया बाजार और बरहमसिया चौक के के बीच शनिवार सुबह लगभग 6 बजे से गिरिडीह ट्रैफिक इंस्पेक्टर के द्वारा वहान चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों ट्रको से एम भी आई का उल्लंघन, ओवरलोड, परमिट तथा चालान नही रहने के कारण सभी ट्रकों का ऑनलाइन चालान जुर्माना के तौर पर काटा गया । इस बीच ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने जानकारी देते हुए कहा कि चालान नही रहने एवं ओवरलोड होने के कारण सभी ट्रक तेज गति से चलती है जिससे सड़क दुर्घटना में भी बढ़ोतरी होती है।

## बिजली बिल माफी योजना के तहत ऊर्जा रथ से विभिन्न गांव में दौरा कर किया जा रहा ग्रामीणों को जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** बिजली बिल माफी योजना के सौजन्य से ऊर्जा रथ को धनबाद उपायुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो टुंडी पहुंच कर लोगों को बिल के महत्व पर जागरूक किया जा रहा है। बताया जाता है कि बिजली विभाग ने आम जनताओं को राहत पहुंचाने के लिए विभिन्न प्रकार का योजना लागू किया है।इसी को लेकर आज ऊर्जा रथ धनबाद से टुंडी पहुंचा और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर बिजली बिल माफी योजना के तहत लोगों को जागरूक कर रहा है। गौरतलब है कि बिजली विभाग ने कुछ दिन पूर्व टुंडी में शिविर का आयोजन कर इस योजना का लाभ लेने की अपील किया था फिर विभाग ने अब ऊर्जा रथ के माध्यम से उपभोक्ताओं से अपील करते हुए जागरूकता अभियान चलाने का काम कर रहा है ताकि ग्रामीणों को इस तरह के योजना से अधिक से अधिक लाभ हो सकें।



# कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद करें कार्यकर्ता : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटाड़ प्रखंड के केशलपुर पंचायत के नानेसेरा में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुई। प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख रजत लकड़ा की अगुवाई में आयोजित सम्मेलन में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के टिप्स दिए। साथ ही कहा कि कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता पार्टी के मजबूत सिपाही है। आप हैं तो संगठन है। विधायक ने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता अभी से ही आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। जहां जहां संगठन कमजोर है। वहां जाकर संगठन को मजबूत करें। आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ता ही हैं जो संगठन को सबसे मजबूत बना सकते हैं। हर चुनाव जीता सकते हैं और कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव घर घर जाकर लोगों को पार्टी के नीति सिद्धान्तों की जानकारी दें। उन्हें संगठन से जोड़ें। ग्रामीणों की समस्या भी सुने और उसका निदान करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। हमाने पाकरटांड़ प्रखंड में विकास के लिए अनगिनत कार्य किये हैं। अनगिनत योजनाएं धरातल में उतारा गया है। इसको लोगों तक बताएं। हर एक योजना को गांव गांव जाकर ग्रामीणों को बताएं। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना हर एक कार्यकर्ता का कर्तब्य है। सम्मेलन को जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केशरी आदि ने भी संबोधित किया। **संगठन मजबूती के लिए समर्पित भावना के साथ काम करे कार्यकर्ता : जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन मजबूती के लिए निस्वार्थ भाव से काम करें। उन्होंने विधायक भूषण बाड़ा की उपलब्धि भी गिनाई। साथ ही उसे लोगों तक पहुंचाते हुए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी को समझे और उसे बखूबी निभाएं। कार्यकर्ता अगर चाह ले तो कांग्रेस पार्टी हर चुनाव जीतेगी। आज भाजपा के जन विरोधी नीति को भी लोगों को बताने की जरूरत है। आप सभी कार्यकर्ता गांवो में जाकर भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों को बताते हुए लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम करें। लोगों को बताएं कि कांग्रेस पार्टी ही देश का भला कर सकती है। **कार्यकर्ताओं के मेहनत के कारण काफी मजबूत स्थिति में है कांग्रेस पार्टी : अजित लकड़ा** जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष अजित लकड़ा ने कहा कि पाकरटांड़ में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूती के साथ काम करी है। कहीं कहीं पर कुछ खामियां है उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला आधार निगरानी समिति की बैठक जिला परिषद स्थित उनके कार्यालय में हुई। बैठक में तुईमू और पेशरार पंचायत में आधार सेंटर अधिष्ठापन का निदेश जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया गया। छात्रवृति, पेंशन आदि योजनाओं में जिन लाभुकों का आधार पंजीकरण नहीं हुआ है उनका आधार पंजीकरण कराने का निदेश दिया गया। सेन्हा प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित आधार सेंटर को पुनः प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। जिला के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय में विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आधार किट तथा टैब को शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का पंजीकरण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही, महिला पर्यवेक्षिकाओं का आधार परीक्षा करा कर उनका क्रेडेंशियल कराने का निदेश दिया गया। जिन नागरिकों का आधार कार्ड 10 वर्ष पुराना हो चुका है उनका आधार अद्यतन कराने हेतु प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, प्रोजेक्ट मैनेजर यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय, रांची, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी कोषांग समेत अन्य उपस्थित थे।

## बिजली दर बढ़ोतरी को सरकार अविलम्ब वापस ले : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मे विद्युत व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है और वहीं दूसरी ओर लोडशेडिंग के रोक थाम नही कर विद्युत नियामक बोर्ड के अनुशंसा पर बिजली दर में 6.50 प्रतिशत की वृद्धि कर सरकार ने अपनी मंश जाहिर कर दी है। 100 युनिट निःशुल्क बिजली केवल राज्य सरकार की नौटंकी वाली घोषणा है। विद्युत संकट से पुरा झारखण्ड त्रासदी झेल रहा है। बिजली की आंख मिचौली से छात्र, लघु कुटीर उद्योग व दुकानदार, गैरेज-मिस्त्री, इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय, रोगी कराह रहे है और तापमान भी चरम पर है। बिजली दरों में बढ़ोतरी के कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के जनता पर जबरदस्त प्रहार है। सामाजिक विचार मंच के संयोजक कंवलजीत सिंह ने विद्युत दर बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग करती है। ताकि झारखंड की गरीब जनता को राहत मिल सके।

## प्रेमी ने प्रेमिका को जहर खिला मारने का किया प्रयास आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेम प्रसंग मामला में प्रेमी ने प्रेमिका को ठंडा में जहर मिलाकर पिलाया युवती का विगड़ा हालत आराहंसा से युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग का मामला आए दिन प्रकाश में आते रहता है। और अक्सर यह सुनने व देखने को मिला कि पहला प्यार को छोड़ दूसरे युवती के साथ प्यार जताते हुए। तो कही प्यार में फंसी लगा कर या जहर पी कर आत्महत्या का मामला आम बात हो गया है। उसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है कि प्रेमी धर्मवीर मुंडा ने अपने प्रेमिका को धोखा देकर अपने साथ प्रेमिका को अपना घर ले गया। और प्रेमिका को ठंडा में जहर डाल युवती को यह बोल कर पिलाया की आधा तुम पियो और आधा हम पीते है। युवती ने प्रेम प्रसंग के विश्वास में जहर मिलाया ठंडा को पी ली लेकिन ठंडा के पीने के कुछ समय बाद युवती का हालत बिगड़ने लगा। तो लड़का के माता पिता ने युवती को घर से बाहर निकाल कर छोड़ दिया। उसी दौरान युवती के परिजनों को लड़की का अचेत अवस्था में होने की सूचना प्राप्त हुआ तो युवती को आनन फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। तभी इलाज के उपरांत लड़की के माता पिता को पता चला कि पुत्री को जहर दिया गया है। घटना 19 मई 2023 का बताया जा रहा है। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रेम प्रसंग में युवती को जान से मारने का नियत से ठंडा में जहर मिला कर प्रेमी द्वारा पिलाया गया था। जिसकी सूचना इलाज के उपरांत युवती के बयान पर थाना कांड संख्या 74/23 दर्ज कर आराहंसा निवासी सुखदेव मुंडा के पुत्र आरोपी धर्मवीर मुंडा को गिरफ्तार कर मेडिकल जाँच के उपरान्त लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## पत्नी का लापता होने पर पति ने कराया सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरी अम्बा टोली से 32 वर्षीय महिला का लापता होने पर पति ने थाना को दिया सूचना प्रशासनिक सहयोग हेतु लगया गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली निवासी अफजल अंसारी का 38 वर्षीय पुत्र इम्तियाज अंसारी ने सेन्हा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए अवगत कराया और कहा कि मेरी 32 वर्षीय पत्नी नसीमा खातून 30 मई 2023 को घर में बिना बताए कहीं चली गई है। देर शाम तक घर नही लौटने पर रिस्तेदार में छानबीन किया परंतु कहीं पता नही चला। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज करने के पश्चात बताया कि महिला का लापता होने की सूचना पर प्रशासनिक कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस किसी व्यक्ति को लापता महिला पर नजर पड़ता है। तो स्थानीय थाना में सूचना देते हुए प्रशासन से खोज बिन करने का अपील किया गया है।

## नदिया हिंदू हाई स्कूल पूर्वजों की धरोहर है

### विद्यालय का नाम यथावत रहने की सरकार से मांग : दीपक सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड सरकार के द्वारा नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदलने का फैसला गलत एवं अनुचित है। इस स्कूल की स्थापना अंग्रेजों के समय में ही 1931 ई में उस वक्त के बुद्धिजीवी और जमीन दाता घनश्याम दास बिरला के द्वारा कराया गया था। बिरला जी ने उस वक्त सामूहिक एवं नदिया ग्राम के सभी लोगों के सहमति से स्कूल का नाम अपने परिवार के नाम पर ना रखते हुए नदिया हिंदू उच्च विद्यालय नाम रखा गया। इस स्कूल में सभी धर्म के लोग शिक्षा ग्रहण कर ऊंचे पद पर स्थापित है। विद्या के इस मंदिर में किसी से कोई भेदभाव नहीं रहता। सेवा भारती जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि हमारे पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर प्रसाद ने 1954 ई में इसी स्कूल से पढ़ाई करते हुए बोर्ड की परीक्षा देकर पास हुए। जिसका की मार्कशीट अभी भी हमारे पास उपलब्ध है। डॉक्टर कुमुद अग्रवाल के पिता स्वर्गीय राम अवतार लाल अग्रवाल ने भी उस जमाने में इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर अच्छे पद में रहे। दीपक सर्राफ ने कहा कि हमारे देश की स्वतंत्रता के बाद केंद्र, बिहार एवं झारखंड में कितने सरकारों पर फेरबदल हुए,पर किसी को भी स्कूल के नाम पर आपत्ति नहीं थी,तो आज झारखंड सरकार को स्कूल के नाम बदलने का क्यों आवश्यकता पड़ गया है। यहां के जनमानस सरकार से मांग करती है कि नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के नाम को किसी भी तरह का फेर बदल ना की जाए। यह स्कूल और इसका नाम हमारे पूर्वजों की धरोहर है उसे यथावत रखा जाए, जिससे कि किसी के भी भावनाओं को ठेस ना पहुंचे,मांग करने वालों में दीपक सर्राफ, डॉक्टर कुमुद अग्रवाल, जय प्रकाश शर्मा, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, सुबोध कुमार महतो, परमानंद कुमार, अनिल वर्मा, शशांक बर्मन, चंदन राजगढ़िया, निशांत सराफ, शुभम शर्मा, अशोक अग्रवाल, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल कुमार, गोपाल महतो, हर्षित सोनी, विमल बंका, भोला जयसवाल आदि हैं।

## विश्व साइकिल दिवस पर बताया साइकिल का महत्व : डॉ. गणेश प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइंस फॉर सोसायटी लोहरदगा तथा अग्रवाल साइकिल के सौजन्य से सुबह 8:00 बजे एमएलए महिला महाविद्यालय बरवाटोली से रैली को लोहरदगा डीटीओ मनीष कुमार, सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद तथा सोसाइटी के एडवाइजरी सदस्य संजय बर्म्मन द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो न्यू रोड, सुभाष चौक, सोमवार बाजार, थाना चौक, शास्त्री चौक होते गुजरी बाजार में समाप्त हुई। रैली में पर्यावरण व साइकिल प्रेमी साइकिल में तख्ती में स्लोगन तथा नारे लगाकर लोगों से साइकिल चलाने व अपनाने की अपील कर रहे थे। जिनमें पर्यावरण बचाना है तो साइकिल चलाना है। जाम से मुक्ति पाना है तो साइकिल चलाना है। स्वस्थ रहना है तो साइकिल चलाना है। इंधन बचाना है तो साइकिल चलाना है। प्रदूषण भगाना है तो साइकिल चलाना है तथा साइकिल अपनाना है। मौके पर आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ गणेश प्रसाद ने बताया कि साइकिल चलाने से एक साथ कई फायदे होते हैं,जिनमें पर्यावरण की सुरक्षा तो है ही साथ ही आप निरोग भी रहते हैं और इसमें कोई खर्च भी नहीं होता है। रैली में जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, संजय बर्म्मन, विमेंस कॉलेज प्रिंसिपल स्नेह कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी सचिव अरुण राम, साइंस फॉर सोसायटी के सचिव राहुल कुमार, अधिवक्ता विवेक कुमार, अग्रवाल साइकिल के प्रोपराइटर कमल अग्रवाल, जगतपाल केसरी, मनीष अग्रवाल, प्रवीण कुमार, धर्मेंद्र सोनी, प्रवीण पटेल, राजेश साहू, पवन अग्रवाल, आलोक कुमार, संदीप साहू, शंकर साहू, शंभू अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, बसंत महतो, मोहम्मद कलीम खान, पिंटू महतो, अनिल कुमार, कृष राज् मित्तल, हर्षित राज, नंदन अग्रवाल, उज्जवल अग्रवाल, मनीष गुप्ता, निथलेश कांस्यकार, राजेश सोनी, विजय दास, आशीष अग्रवाल, आर्यन, दिव्यांशु आदि ने हिस्सा लिया।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल अस्पताल में कराया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में कल्हेपाट के समीप मोटरसाइकिल सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल स्थानीय ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से अस्पताल में कराया गया भर्ती। घटना देर शाम सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक के समीप देर शाम का बताया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक एवं सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल को अस्पतल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान दोनों घायल की पहचान हेसवे निवासी विराज यादव के 30 वर्षीय पुत्र राजदीप यादव तथा भूखलु मिस्त्री के 35 वर्षीय पुत्र शंकर मिस्त्री के रूप में किया गया। दोनों घायल को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल लोहरदगा बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया। घटना का कारण बताया जाता है कि घाघरा की ओर से लोहरदगा जाने के दौरान अज्ञात ट्रक चालक अचानक डेड ब्रेक ले लिया। उसी समय पूछे से आ रही मोटरसाकिल जे एच 01ए एच 4736 के चालक अनियंत्रित हो ट्रक के पीछे धक्का मार दिया। घटना के पश्चात ट्रक चालक गाड़ी ले फरार हो गया। जबकि क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को सेन्हा थाना पुलिस जप्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## पारिस के फादर और विधायक कोलेबिरा ने किया पवित्र संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बोलवा प्रखण्ड के मालसारा पंचायत भण्डार टोल में माता मरियम के उपासना के ग्रोटो का पवित्र संस्कार टैंसेर पारिस के फादर और कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के हाथों किया गया। संस्कार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज हम सभी माता मरियम के यादगार के साथ प्रभू यीशु मसीह का आराधना करने का रास्ता है। माता मरियम के द्वारा जो पवित्र प्रार्थना किया जाता है उसे प्रभू यीशु मसीह स्वीकार करते हैं। इसलिए ये ग्रोटो का स्थापित करना प्रभू से लगाव लगाना है। किन्तु इसकी रक्षा भी करना हमारा कर्तव्य और दायित्व है।आज देश में प्रजातांत्रिक व्यवस्था और अन्य धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आपने देखा होगा कि विगत बीते सालों में हमारे चर्चो, ग्रोटो, क्रूसकाट आदि को धंसाने का झारखण्ड राज्य में कानून लाया गया, कुछ स्थानों पर हमारे धार्मिक स्थलों को नुक़सान तक पहुंचाया गया।जिसे आपके विधायक के सूझ बूझ और सक्रियता से धंसाने का कार्य भाजपा सरकार द्वारा रोक दिया गया। इसलिए ग्रोटो का संस्कार किए हैं तो इसकी रक्षा करना भी हमारा दायित्व है। कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, अन्तोनी केरकेट्टा, संजय डुंगडुंग, जॉर्ज डुंगडुंग, अरूण बारला, ज्वलंत बेक, आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की सभी विभागों के आवंटित कार्यो की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शनिवार को मिशन लाईफ अंतर्गत पहले चरण में मई माह से पांच जून तक जागरूकता कार्यक्रम लेकर आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार, लोहरदगा में हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के निदेश पर विभिन्न विभागों को जो कार्य आवंटित किये गये है उनका अनुपालन अवश्य रूप से हो। सभी विभाग अपने आवंटित कार्यो का अनुपालन करें। जिन विभागों द्वारा अब तक अनुपालन नहीं किया गया है उन विभागों को पत्र द्वारा निदेश दिये जाने का निदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीएस कॉलेज परिसर व पर्यावरण संरक्षण संबंधी परिचर्चा का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा विभागों को आवंटित कार्यो की समीक्षा की गई व अनुपालन के संबंध में निदेश दिए गए। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा बताया गया कि मिशन लाईफ अंतर्गत उर्जा की बचत, पानी बचाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने, सतत् खाद्य प्रणाली को अपनाने, अपशिष्ट कम करने, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने और इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करने पर जोर दिया जाना है।

## जापान में चल रहे जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में खेल रही सिमडेगा की बेटिया

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जापान में 02 जून से चल रहे जूनियर महिला एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में आज भारत का पहला मैच उजेबस्तान के साथ था, जिस एकतरफा मैच में भारत 22=00गोल से विजयी रहा।इस 18सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड के सिमडेगा जिला के भी तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी भी खेल रही है।अपने जिला की बेटियों का खेल देखने के लिए सिमडेगा के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में काफी उत्साह है। सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत कोंसकेली में गोंडवाना समर कैंप चल रहा है, इस समर कैंप में गोंड समाज के विभिन्न खेलो के 450 से अधिक बालक बालिका प्रतिभागी और 50से अधिक आयोजक सामिल है।आयोजन समिति के द्वारा जिला की बेटियों का मैच दिखलाने के आयोजन समिति के द्वारा समर कैंप स्थल प्रोजेक्टर लगाया गया था, जहा स्थल पर 450से अधिक खिलाड़ियों ने एक साथ बैठकर मैच देखा।भारतीय टीम की बेटियों ने भी निराश नहीं किया भारत के सुदूरवर्ती इलाके में बैठकर मैच देख रहे देश वासियों के लिए एक दो बही वरन 22गोल दाग कर सभी प्रशस्को को गदगद कर दिया। भारतीय टीम के द्वारा गोल करते ही तालियों से गूंज उठता था पूरा स्थल, मानो यही हो रहा है।

# बालकों के संरक्षण व उनका समुचित विकास के लिए दो दिवसीय ऑनलाइन शिविर का हुआ आयोजन

### ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति के 4 सदस्यों का ऑनलाइन ट्रेनिंग शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन एवं बचपन बचाओ आंदोलन के समन्वित प्रयास से ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समितियों के सदस्यों का दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बाल संरक्षण समिति के 4 सदस्यों का प्रशिक्षण दिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा कराया जा रहा है। बाल संरक्षण समिति के प्रशिक्षण हेतु जिन 4 लोगों का चयन जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा हुआ है वह हैं-राज किशन उरांव जो किस्को प्रखंड के बरहेट पंचायत के मुखिया हैं । विरेंद्र महली जो कैरो प्रखंड के कैरो पंचायत के मुखिया हैं। वासुदेव उरांव जो तिगरा पंचायत के मुखिया हैं । एवं परमेश्वर महली जो उदरंगी पंचायत, भंडरा प्रखंड के मुखिया हैं। इन चारों लोगों का प्रशिक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में दिनांक 3 और 4 जून को कराया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति भारत सरकार की एक केंद्रीय परियोजना है जिसमें बालकों के संरक्षण एवं उनका समुचित विकास के लिए बाल संरक्षण इकाई की गठन की गई है। ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन कम से कम 9 सदस्यों को लेकर होता है जिसमें ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि, स्कूल शिक्षक, बाल प्रतिनिधि, सहायक नर्स, ग्राम सभा द्वारा मनोनीत ग्राम के सामान्य निवासी, नागरिक समाज के प्रतिनिधि तथा विशेष आमंत्रित सदस्य होते हैं। ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति के प्रमुख कार्यों में गांव में बच्चों का यौन शोषण, शारीरिक शोषण, श्रम शोषण, शादी के कानूनी उम्र से पहले की शादी को रोकना तथा किसी भी रूप में शोषण न हुआ ऐसा सुनिश्चित करना। साथ ही साथ बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और शोषण के मामलों में सुनिश्चित करना के मामले की सूचना जिला पुलिस और बाल कल्याण समिति को दी जाए। बच्चों से संबंधित विशिष्ट मुद्दों पर गांव में जागरूकता पैदा करना और संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करना आदि है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशानुसार बाल संरक्षण समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण सुचारु रुप से हो इसके लिए पीएलबी दिलीप कुमार साहू की भी प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

# दया, निःस्वार्थ भाव और प्रेम के मूर्ति का प्रतीक है धर्म बहनें : विधायक भूषण बाड़ा

**➲कुरडेग के गड़ीयारजोर में धर्मबहनों के आवास सेक्रेट हार्ट कॉन्वेंट का उद्घाटन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग प्रखंड के गड़ियाजोर में सिस्टरों के आवास सेक्रेट हार्ट कॉन्वेंट का उद्घाटन किया गया। आवास का उद्घाटन मुख्य रूप से उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा सहित कई पुरोहितों ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व मिस्सा पूजा फादर डीन सुनील तिर्की की अगुआई में सम्पन्न हुआ। जहां उनका सहयोग फादर बिपिन सोरेंग,फादर किशोर बखला,फादर चोनाश तिग्गा ने किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कई वर्षों से मनुष्य पृथ्वी पर रह रहा है। लेकिन कुछ ही लोग ऐसे होते हैं जो अपना पूरा जीवन दूसरों के लिए जीते हैं। वे दूसरों के कष्टों को कम करने के लिए जीते हैं। उनके जीवन का उद्देश्य दुसरे के दर्द और दुखों को कम करना और खुशी फैलाना है। हमारे समाज की धर्मबहने भी उनमें से एक हैं। आप धर्म बहनों ने अपना पूरा जीवन दूसरों के कल्याण के लिए बिता रही हैं। गरीब, बीमार और बेसहारा लोगों का सहारा बने हुए हैं। मौके पर विधायक ने कहा कि किसी महान व्यक्ति ने कहा है कि दुनिया में अपने लिए तो सब जीते हैं। लेकिन जो अपने स्वार्थ को छोड़कर दूसरों के लिए काम करता है, वही महान कहलाता है। ऐसे इंसान का पूरा जीवन प्रेरणादायक होता है। जिन्हें मरने के बाद भी लोग दिल से याद करते हैं। ऐसी ही महान हस्ती हमारी हजारों-लाखों धर्मबहने हैं। जो दया, निस्वार्थ भाव और प्रेम की मूर्ति का प्रतीक है। आप सभी ने अपना पूरा जीवन दूसरों की सेवा में उन्हें न्योछावर कर दिया है। आपके अंदर ईश्वर का दिया हुआ प्रेम है। जो किसी इंसान विशेष के लिए नहीं, बल्कि हर उस इंसान के लिए है जो गरीब, लाचार, बीमार जीवन में अकेले रहते हैं। अतः आप सभी महान हैं। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, गुलशन एक्का, शमीम अंसारी, अगाथा तिर्की सहित काफी संख्या धर्मबहने, एवं ईसाई विश्वासी उपस्थित थे। **धर्मबहनों का योगदान अतुलनीय : जिप सदस्य जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि धर्मबहने गरीबी, शुद्धता और आज्ञाकारिता के साथ एक आम जीवन जीते हुए समाज की जरूरतों को पूरा करने में लगी हुई हैं। ईसाइ समाज मे आप सभी धर्मबहनों का योगदान अतुलनीय रहा है। आप सभी धर्मबहनों के बदौलत ही हमारा कलिसिया काफी मजबूत है। आज आपके लिए ईश्वर की महान कृपा से आवास का निर्माण पूर्ण हुआ।

## चलते चलते एक नजर

### जी-20 स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक आज से हैदराबाद में, अनुसंधान और नवाचार पर रहेगा फोकस

**नई दिल्ली :** जी-20 स्वास्थ्य कार्य समूह की तीसरी बैठक रविवार से हैदराबाद में शुरू होने जा रही है। तीन दिवसीय इस बैठक के संदर्भ में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव लव अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि जी-20 इंडिया प्रेसीडेंसी की तीसरी हेल्थ वर्किंग ग्रुप की बैठक में अनुसंधान विकास और नवाचार पर फोकस रहेगा। लव अग्रवाल ने हैदराबाद में प्रेसवार्ता में बताया कि भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी तीन प्राथमिकताओं पर केंद्रित है, जिसमें स्वास्थ्य आपात स्थिति की रोकथाम, एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध और स्वास्थ्य ढांचे पर ध्यान देने के साथ दवा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। प्रत्येक स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक के लिए सह-ब्रांडेड कार्यक्रमों और साइड इवेंट्स की मेजबानी की जाएगी जो स्वास्थ्य क्षेत्र में एक उभरते हुए पहलू पर ध्यान केंद्रित करेंगे।अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में 180 सदस्य, 10 आमंत्रित देश और 22 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुख्य कार्यक्रम के अलावा, साइड इवेंट नेटवर्क के निर्माण के लिए अनुसंधान विकास और नवाचार के लिए रूपरेखाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्लोबल वैक्सीन कोलाबरेटिव पर एक सह-ब्रांडेड कार्यक्रम के साथ-साथ जीनोम वैली की यात्रा भी होगी, जो अनुसंधान एवं विकास और फार्मास्युटिकल निर्माण में भारत के कौशल को प्रदर्शित करेगी।

### भारतीय क्रिकेटर ईशांत ने लिया बाबा केदार का आशीर्वाद, दिव्य अनुभूति से हुए प्रभावित

**केदारनाथ :** भारतीय क्रिकेटर और तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा बाबा केदार का आशीर्वाद लेने केदारधाम पहुंचे। यहां ईशांत शर्मा ने बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में अपने फैंस के साथ सेल्फी भी ली। ईशांत ने बताया कि वो काफी समय से यहां आना चाहते थे। अब आईपीएल संपन्न होने के बाद उनको जैसे ही समय मिला वो यहां बाबा के दर्शन को आए हैं। देवभूमि उत्तराखण्ड में इन दिनों चारधाम यात्रा जोरों से चल रही है। चारधाम यात्रा में आम लोगों के साथ ही इस बार वीवीआईपी भी काफी संख्या में धामों में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बीते दिनों बॉलीवुड के एक्शन हीरो अक्षय कुमार, अभिनेत्री कंगना रनौत, सारा अली खान केदारनाथ धाम पहुंचे थे। इस कड़ी में अब भारतीय क्रिकेटर और तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का नाम भी जुड़ गया है। क्रिकेटर ईशांत शर्मा शनिवार को केदारनाथ पहुंचे। आईपीएल सीजन 16 के खत्म होते ही सभी क्रिकेट खिलाड़ी अलग-अलग तरीके से अपनी थकान उतार रहे हैं। कोई परिवार के साथ हॉलिडे पर जा रहा है, तो कोई दोस्तों के साथ समय बिता रहा है। भारतीय क्रिकेटर और तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा केदारनाथ पहुंचे। केदारनाथ पहुंचने पर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने उनका स्वागत किया तथा भगवान केदारनाथ का प्रसाद भस्म, रुद्राक्ष माला भेंट की। केदारनाथ पहुंचे ईशांत शर्मा को देखने के लिए उनके फैंस लालायित दिखे। उनकी एक झलक पाने के लिए लोग उनके करीब भी पहुंचे। ईशांत ने भी केदारनाथ में अपने फैंस के साथ समय बिताया। उन्होंने अपने चाहने वालों के साथ सेल्फी ली।

# ओडिशा रेल हादसा: 17 घंटे के अंदर पूरा हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन

## रेल सेवा बहाली का काम जोर-शोर से जारी



एजेंसी

**भुवनेश्वर :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने कहा कि बालासोर में हुए भीषण ट्रेन हादसे का बचाव अभियान पूरा हो गया है. रेलवे ने अब रेल सेवा की बहाली पर काम शुरू कर दिया है. यह जानकारी सूचना प्रकाशन रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक अमिताभ शर्मा ने दी. रेलवे ने बताया कि दुर्घटना के कारण बालासोर में फंसे 200 से अधिक यात्रियों को लेकर एक विशेष ट्रेन अब बालासोर से हावड़ा जा रही है. दक्षिण पूर्व रेलवे ने कहा कि खड़गपुर स्टेशन पर यात्रियों को पानी, चाय और खाने के पैकेट दिए जा रहे हैं. ट्रेन आने के बाद हावड़ा में भी खाने के पैकेट मुहैया कराए जाएंगे. घटना के बारे में जानकारी देते हुए रेलवे ने बताया कि 12864 सर एम विश्वेश्वरैया (बेंगलुरु)-हावड़ा एक्सप्रेस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1000 यात्रियों को लेकर हावड़ा की ओर जा रही थी. हावड़ा के रास्ते में 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और बगल की पटरियों पर गिर गए. समानांतर ट्रैक पर विपरीत दिशा से आ रही 12841 शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरे डिब्बों में जा घुसी. जिससे कोरोमंडल एक्सप्रेस के करीब 12 डिब्बे पटरी से उतर गये. ये डब्बे तीसरे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गए. रेलवे प्रवक्ता अमिताभ शर्मा के मुताबिक, हादसा शुक्रवार शाम करीब सात बजे हुआ.केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान का जायजा लिया. वैष्णव ने शनिवार को कहा कि एक विस्तृत उच्च स्तरीय जांच की जाएगी और रेल सुरक्षा आयुक्त भी एक स्वतंत्र जांच करेंगे. उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान बचाव और राहत कार्यों पर है. जिला प्रशासन से मंजूरी मिलने के बाद रेल सेवा बहाल कर दी जायेगी. इससे पहले ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने शनिवार को पुष्टि की कि बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है. घायल यात्रियों की संख्या 900 से अधिक है. स्पष्ट कर दें कि दक्षिण पूर्व रेलवे के ने सिर्फ उन घायलों की संख्या बताई है जो अस्पताल में भर्ती हैं. जिनका इलाज चल रहा है. ओडिशा सरकार ने कहा है कि कई यात्री आंशिक रूप से भी घायल हुए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ी. इससे पहले देर रात मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने कहा था कि मरने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है. अधिकारियों के अनुसार दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्यों के लिए 3 एनडीआरएफ, 4 ओडीआरएएफ और 22 अग्निशमन कर्मियों को तैनात किया गया है. इससे पहले, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को स्थिति का जायजा लिया और नियंत्रण कक्ष, एसआरसी, भुवनेश्वर में बचाव कार्यों की समीक्षा की. सीएम ने बीएसकेवाई सुविधा अस्पतालों और अन्य निजी अस्पतालों में सभी घायल पीड़ितों को मुफ्त चिकित्सा की व्यवस्था करने का आदेश दिया.उन्होंने कहा कि चिकित्सा व्यय की लागत राज्य द्वारा वहन की जाएगी. कलेक्टरों, एसपी और बालासोर, भद्रक, जाजपुर और केंदुझार के जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए कहा गया है.अधिकारियों ने आगे बताया कि एसआरसी, भुवनेश्वर का नियंत्रण कक्ष चालू है. मुख्य सचिव प्रदीप जेना, विकास आयुक्त-सह-एसीएस- अनु गर्ग, आई एंड पीआर विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार सिंह, एमडी, ओएसडीएमए ज्ञान दास बचाव अभियान की निगरानी के लिए एसआरसी के नियंत्रण कक्ष में मौजूद हैं.

### अगर कवच होता तो टल सकता था ओडिशा का दर्दनाक ट्रेन हादसा

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के बालासोर में हुए दर्दनाक हादसे ने हर किसी को गमगीन कर दिया है. अब तक मिली जानकारी के मुताबिक ही सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है. जबकि 900 से ज्यादा घायलों की खबर आ रही है. भारतीय रेलवे के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने कहा कि इस मार्ग पर कवच प्रणाली उपलब्ध नहीं थी. इस हादसे के बाद कवच को लेकर फिर बात होने लगी है. दरअसल रेल मंत्रालय ने पिछले साल कवच टेक्नोलॉजी की टेस्टिंग की थी. इसका प्रचार किया गया था. रेलवे का दावा है कि इस टेक्नोलॉजी से उसे जीरो एक्सीडेंट के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी. इसके जरिए सिग्नल जंप करने पर ट्रेन खुद ही रुक जाएगी. एक बार लागू होने के बाद इस पूरे देश में लगाने के लिए प्रति किलोमीटर 50 लाख रुपये खर्च होंगे. जानकारी के मुताबिक- ये सिस्टम तीन स्थितियों में काम करता है.जैसे कि हेड-ऑन टकराव, रियर-एंड टकराव, और सिग्नल खतरा. ब्रेक विफल रहने की स्थिति में 'कवच ब्रेक के स्वचालित अनुप्रयोग द्वारा ट्रेन की गति को नियंत्रित करता है. यह उच्च आवृत्ति वाले रेडियो संचार का उपयोग करके गति की जानकारी देता रहता है. जो एसआईएल -4 (सुरक्षा अखंडता स्तर-4) के अनुरूप भी है जो सुरक्षा प्रमाणन का उच्चतम स्तर है. हर ट्रैक के लिए ट्रैक और स्टेशन यार्ड पर आरएफआईडी टैग दिए जाते हैं और ट्रैक की पहचान, ट्रेनों के स्थान और ट्रेन की दिशा की पहचान के लिए सिग्नल देता है.'ऑन बोर्ड डिस्प्ले ऑफ सिग्नल एस्पेक्ट लोको पायलटों को कम दिखने पर भी यह संकेत देता है. एक बार सिस्टम सक्रिय हो जाने के बाद, 5 किमी की सीमा के भीतर ये ट्रेनें रुक जाएंगी. वर्तमान में संकेत देने का कार्य सहायक लोको पायलट करता है, खिड़की से गर्दन निकालकर संकेत देता है.

## ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी के मुख्य पैरोकार जितेन्द्र सिंह बिसेन ने मुकदमे से अपने को किया अलग

एजेंसी

**वाराणसी :** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी के मुख्य पैरोकार जितेन्द्र सिंह बिसेन ने मुकदमे की पैरवी से हटने की बात कही है। मैं क्षमा चाहता हूं, अब और नहीं सहा जाता - जितेन्द्र सिंह बिसेन उन्होंने शनिवार को पत्र जारी कर कहा है कि मैं देश व समाज को सूचित कर रहा हूँ कि मैं और मेरा परिवार उन सभी मुकदमों से अपने आप को हटा रहा है, जो मुकदमे देश और धर्म के हित में हमारे परिवार द्वारा विभिन्न न्यायालयों में दायर किए गए थे। इन सभी मुकदमों को डालने के बाद मैं और मेरा परिवार हर तरह से विधर्मियों और हिन्दू गद्दारों के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं क्षमा चाहता हूं, अब और नहीं सहा जाता। उल्लेखनीय है कि ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी को लेकर मुकदमा दर्ज कराने वाली संस्था विश्व वैदिक सनातन संघ प्रमुख जितेन्द्र सिंह बिसेन ने ज्ञानवापी समेत मथुरा में दर्ज कराए मामलों से खुद के परिजनों को हटाने का ऐलान किया है। जितेंद्र सिंह बिसेन की भतीजी राखी सिंह चर्चित श्रृंगार गौरी नियमित दर्शन मामले में मुख्य पैरोकार हैं।विश्व वैदिक सनातन संघ प्रमुख जितेन्द्र सिंह बिसेन ने कहा कि यह समाज केवल धर्म के नाम पर नौटंकी करके समाज को भ्रमित करने वालों के साथ है। अपना सर्वस्व न्योछावर करके देश और समाज की रक्षा का कार्य करने वाला अपने ही समाज के द्वारा उपेक्षित और अपमानित किया जाता है। जितेन्द्र सिंह बिसेन ने बताया कि विभिन्न कोर्ट में काफी मुकदमे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हमारी ओर से चलाए जा रहे हैं। इसमें मथुरा, काशी, कुतुब मीनार, सहित अनेकों मामले हैं। सभी मामलों की पैरवी हम छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा भी केवल हमें ही प्रताड़ित करने का काम किया गया है। ऐसे में शक्ति और सामर्थ्य सीमित होने की वजह से इस धर्म युद्ध को मैं अब और नहीं लड़ सकता।

## मप्र में जेएमबी के आतंकी बांट रहे थे जिहादी साहित्य, एटीएस की पूछताछ में हुआ खुलासा

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में आईएसआईएस, जेएमबी, एचयूटी जैसे तमाम इस्लामिक आतंकवाद एवं चरमपंथियों के विभिन्न संगठनों से जुड़े एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे हैं।

इसी में इनकी एक नई करतूत सामने आई है।

राज्य की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि भोपाल में पकड़े गए जमात-उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के आतंकी नाम बदलकर भारत में घुसे। ये मदरसों में जिहादी साहित्य बांटते थे, ताकि मध्य प्रदेश में मुसलमानों के बीच बड़ा असंतोष पैदा कर किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम दिया जा सके।

# एमएसए स्कूल में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन, 80 छात्र किए गए सम्मानित

### बच्चों के हौसले को पंख देने के लिए सम्मान समारोह जरूरी : मो. शफीक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगर निगम अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में जैक बोर्ड दसवीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के लिए मेघावी छात्र सम्मान समारोह व पैरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें 80त्न से अधिक मार्क्स लाने वाले विद्यालय के करीब 80 विद्यार्थियों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन मों शफीक अंसारी ने कहा बच्चों के हौसले को पंख देने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी बच्चों को सम्मानित करते हुए आगे के पढ़ाई-लिखाई के लिए शुभकामनाएं दिए। शिक्षक अफज़ल शफीक ने बताया कुल 120 बच्चे मैट्रिक जैक बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और सभी विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स यानि 75 प्रतिशत से अधिक से पास किया है, जो पलामू वासियों के लिए गर्व का बात है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बच्चों ने स्कूल प्रबंधन को इस शानदार रिजल्ट के लिए मिठाईयां खिलाया और सेल्फी लेकर इस लम्हे को यादगार बनाया। अभिभावकों ने कार्यक्रम को सराहनीय बताया और कहा मैट्रिक दसवीं का रिजल्ट में टॉप रिजल्ट देकर साबित कर दिया है कि कम फीस में बेहतर शिक्षा दे रहा एम.एस.ए पब्लिक स्कूल।

उप प्राचार्य अभय गिरी ने कहा इंटरमिडिएट आर्ट्स साइंस कॉमर्स में नामांकन प्रारंभ है विद्यार्थी जल्द से जल्द नामांकन करा लें, अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र 9199589132 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में - अफताब अंसारी, रोहित कुमार, हिबिस्कश प्रसाद, श्रीकांत कुमार रवि, नाजिया खातुन, शब्बा आफ़रीन, नाफिज अली, नगमा खातुन, ओमकार पासवान, रिमझिम कुमारी, अरशद अनवर, तालिब अंसारी, मुस्कान, हसीना, सलमान अंसारी, काजल, रौशनी कुमारी, दिपांशु कुमार, गोशिया, सत्यम पाण्डेय, गोलू कुमार सिंह, जीसान, लीला, अंकित पासवान, नितिश पासवान, पूनम कुमारी, ज्योति कुमारी, साहिल अंसारी, प्रकाश कुमार सोनी, गोसिया नाज़, निखिल कुमार, हर्षित कुमार पासवान, विकास तिर्की, अनिमा कुजुर, सिद्धार्थ कुमार, स्मृति कुमारी, प्रिति कुमारी, विक्की, नेहा, हमजा सिद्दिकी, रूपा कुमारी, आयुष उरांव, निरन कुमारी, विकास, सपना कुमारी, खुशबू कुमारी, लताश्री उरांव, शुभम, दीपिका, सुमन कुमारी, शिवानी उरांव का नाम शामिल हैं।

### आईएसआईएस के आतंकियों की रिमांड 10 जून तक बढ़ाई गई

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के प्रमुख शहर जबलपुर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार हुए तीन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी अनेक राज उगल रहे हैं । ऐसे में आईएसआईएस के मोड्यूल से जुड़े इन तीनों आरोपितों की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है । इन्हें शनिवार भोपाल सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जहां स्पेशल जज सीबीआई नीति राज सिसोदिया ने सभी आरोपियों को 10 जून तक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में आगे की सुनवाई अब 10 जून को होगी। जिसमें अहम हैं ये और इनका पूरा मोड्यूल भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की योजना पर काम कर रहे थे, इसके लिए इन सभी आतंकियों ने मिलकर आगामी 27 सालों का प्लान बना रखा था और यह हर हाल में सन् 2050 तक भारत को मुस्लिम राष्ट्र बना देना चाहते थे।

## अमेरिका की राष्ट्रीय स्पेलिंग प्रतियोगिता के 11 फाइनलिस्ट में से दस भारतवंशी



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रहने वाले भारतवंशियों का दबदबा अंग्रेजी में भी कायम है। अमेरिका की राष्ट्रीय स्पेलिंग प्रतियोगिता स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी, के 11 फाइनलिस्ट में से 10 भारतवंशी हैं। यही नहीं, इस प्रतियोगिता का विजेता भी एक भारतवंशी बालक बना है।अमेरिका में हर साल राष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी के शब्दों की सही स्पेलिंग बताने की चुनौती देती राष्ट्रीय प्रतियोगिता होती है। इस साल इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे 11 बच्चों में से 10 भारतवंशी थे। अमेरिकी राज्य फ्लॉरिडा के लार्गो निवासी 14 साल के देव शाह ने यह प्रतियोगिता जीती। भारतवंशी देव ने 11 अक्षरों वाले शब्द सैममोफाइल की सही स्पेलिंग बताकर इस प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। सैमोफाइल रेतीले क्षेत्रों में पाए जाने वाले पौधे या जीव होते हैं। आठवीं के छात्र देव ने इस शब्द को लिखने के साथ ही मैरीलैंड के नैशनल हार्बर में हुए इस प्रतियोगिता के विजेता की ट्राफी और 50 हजार डॉलर का पुरस्कार जीता।फाइनल में देव शाह का मुकाबला वर्जिनिया के अर्लिंगटन की रहने वालीं 14 साल की शैर्लट वॉल्श से हुआ। वह उपविजेता रहीं। शैलर्ट वॉल्स फाइनल में पहुंची एकमात्र प्रतियोगी थीं, जो भारतवंशी नहीं थीं। फाइनल में पहुंचे 11 प्रतियोगियों में बाकी सभी 10 प्रतियोगी भारतवंशी थे। श्रद्धा रचमरेड्डी और सूर्या कापू 15 हजार डॉलर के पुरस्कार के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। ढाई दशक से स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में भारतवंशी बच्चों का वर्चस्व है, जबकि अमेरिका में भारतवंशी स्टूडेंट्स की तादाद 1त्न से भी कम है। फिर भी इस स्पेलिंग प्रतियोगिता के लिए क्वॉलिफाई करने वाले 300 बच्चों में से हर साल 20 प्रतिशत से ज्यादा भारतवंशी होते हैं। साल 2008 से लगातार भारतवंशी विद्यार्थी ही यह प्रतियोगिता जीत रहे हैं।

## रविवार शाम वीनस की चमक से मुकाबला करता नजर आएगा स्ट्राबेरी मून




एजेंसी

**भोपाल :** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए रविवार, 04 जून की शाम बेहद खास होने जा रही है। इस दौरान वट पूर्णिमा का चांद जहां पूर्व दिशा में स्ट्राबेरी मून के साथ चमक रहा होगा तो पश्चिम दिशा में शुक्र (वीनस) अपनी चमक बढ़ाए हुये सूर्य के साथ सबसे अधिक कोणीय दूरी पर रहेगा। अर्थात् स्ट्राबेरी मून आसमान में चमकते हुए वीनस का मुकाबला करता नजर आएगा।

भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शनिवार को इन चमकते खगोलीय पिंडों की जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिमी देशों में रविवार को पूर्णिमा के इस चंद्रमा को स्ट्राबेरी के पकने के आरंभ होने के समय को देखते हुए स्ट्राबेरी मून नाम दिया गया है। कुछ देशों में इसे हॉट मून, रोज़ मून, मीड मून कहा जाता है। उन्होंने बताया कि पूर्णिमा का चांद महीने के बदलने और मौसम की जानकारी का समय बताने के लिए आकाशीय घड़ी के रूप में उपयोग किया जाता रहा है।

सारिका ने बताया कि रविवार को पश्चिमी आकाश में चमकता दिखने वाला वीनस इस साल के लिये पृथ्वी से देखने पर सूर्य से सबसे अधिक कोणीय दूरी पर पहुंचेगा। यह इस समय माइनस 4.3 के मैग्नीट्यूड से चमकेगा। रविवार की यह खगोलीय घटना वीनस एट ग्रेटेस्ट इलोंगेशन कहलाती है, जिसमें इसकी डिस्क का आधा भाग सूर्य के प्रकाश से चमचमाता दिखेगा। उन्होंने बताया कि वीनस कुछ दिन पहले ही क्षितिज से इसके सबसे अधिक एल्टीट्यूड 42 डिग्री पर पहुंचा है। इसके बाद भी वीनस अपनी चमक बढ़ाता रहेगा और नौ जुलाई को यह सबसे चमकदार होगा।

सारिका ने बताया कि अगले साल स्ट्राबेरी मून 22 जून 2024 को होगा तो वहीं वीनस एट ग्रेटेस्ट इलोंगेशन की यह घटना 10 जनवरी 2025 को देखी जा सकेगी।

### एशिया की सबसे बड़ी मछली मंडी चंदौली में बन रही : डॉ संजय

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने शनिवार को बताया कि एशिया की सबसे बड़ी मछली मंडी चंदौली में बन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप बन रही मछली मंडी से लगभग 15 सौ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि मछली बाजार पूर्ण क्षमता में संचालित होने पर वार्षिक लगभग 75 हजार मी0 टन मछलियों का व्यापार होगा। डॉ संजय निषाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की जीडीपी ग्रोथ में 22 फ़ीसदी योगदान मत्स्य का है, जबकि कृषि का 3.1 फीसदी ही है। योजनाओं के माध्यम से मत्स्य के क्षेत्र में लोगों को रोजगार देने के साथ ही राजस्व में भी वृद्धि हो रहा है। इस वर्ष 06 हजार मछुआरों को निश्शुल्क साइकिल वितरण मत्स्य विभाग द्वारा किया जाएगा।

## ब्लू सिटी बस में अब पुरुष भी सफर कर सकेंगे : प्रथम महापौर

### सोमवार से छात्र, दैनिक कर्मी, बुजुर्ग को भी मिलेगा राहत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जबसे मैंने आम महिलाओं, छात्राओं एवं दैनिक मजदूरी करने वाली महिलाओं के लिए झारखंड में सबसे सस्ते दर पर पिंक सिटी बस का परिचालन मात्र 5 रुपया किराया में निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं जाने के लिए प्रारंभ की, उसी समय से कई महिलाएं मुझसे एवं नगर आयुक्त से मिलकर अनुरोध कर रही थी कि परिवार के पुरुष सदस्यों एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चों के साथ महिला बस में नहीं जाने दिया जाता। इसका प्रावधान किया जाए। ताकि साधारण परिवार के पुरुष, बुजुर्ग एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चे भी एक साथ परिवार के साथ सफर कर सके। साथ ही कॉलेज स्कूल जाने वाले छात्र, कार्यालय में काम करने वाले लोग, दैनिक मजदूर को भी लाभ मिल सके। इस संबंध में मैंने महिलाओं की भावनाओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया। और आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नगर आयुक्त ने महिलाओं की भावनाओं को कद्र करते हुए तत्काल पत्र लिखकर बस संचालक को दो बस महिला व पुरुषों के लिए भी प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया। जिसकी जानकारी बस संचालक द्वारा मुझे दी गई और बताया कि सोमवार से ब्लू बस के नाम से दो बस पूरे परिवार के साथ निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं आने जाने के लिए सुबह 7 से शाम 7 बजे तक संचालित होगा। प्रथम महापौर ने बताया कि निगम ने बस संचालक को 20 रुपया तक किराया लेने का प्रावधान रखा है। जबकि मेरे कहने पर बस संचालक ने मात्र 10 रुपया किराए पर महिला,पुरुष ब्लू बस का किराया निर्धारित किया है। वही पिंक बस का किराया जिसमें सिर्फ महिलाएं सफर करेंगी, उसका किराया मात्र 5 रुपया ही रहेगा। इसमें संचालक को होने वाली हानी की भरपाई मैं तब तक करूंगी जब तक यह बस नो लॉस नो प्रॉफिट में नहीं आ जाता। प्रथम महापौर ने यह भी बताया कि जो महिलाएं ब्लू बस में सफर करेंगी उन्हें भी 10 रुपया किराया देना होगा। इसलिए महिलाएं ज्यादा से ज्यादा पिंक बस में सफर करें।